
माँ कालरात्रि

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 28 मार्च 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 213 मूल्य 3.00₹


## क्विक न्यूज़

### अतीक अहमद को लाया गया नैनी सेन्ट्रल जेल

**प्रयागराज।** राजूपाल हत्याकांड में गवाह उमेश पाल अपहरण के मामले में अदालत में पेशी के लिये माफिया अतीक अहमद को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अहमदाबाद जेल से सोमवार करीब पांच बजे प्रयागराज के नैनी सेन्ट्रल जेल लाया गया। अतीक को मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश किया जायेगा। पुलिस की कड़ी निगरानी में अतीक के काफिले को दूसरे गेट से अन्दर प्रवेश कराया गया। जेल पूरी छावनी में तब्दील हो चुकी है। मीडिया से दूरी बनाए रखने के लिए जेल के मुख्य द्वार पर बैरिकेडिंग की गयी है।

### वीर नारियों और रक्षा कर्मियों के 113 परिवारों को सशस्त्र सेनाओं में रोजगार

**नई दिल्ली।** पिछले पांच वर्षों में वीर नारियों और रक्षा कर्मियों के 113 परिवारों को सशस्त्र सेनाओं में रोजगार दिया गया जिनमें से सबसे अधिक 66 को सेना, 28 को नौसेना तथा 19 को वायु सेना में रोजगार दिया गया। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सोमवार को राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के शांतनु सेन और अबीर रंजन बिस्वास के एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

### काबुल विस्फोट में छह नागरिकों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को हुए विस्फोट में छह नागरिकों की मौत हो गयी और सत्तारूढ़ तालिबान आंदोलन के तीन सदस्य घायल हो गये। काबुल पुलिस कमान के प्रमुख खालिद जादरान ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, एक आत्मघाती हमलावर को अपने लक्ष्य तक पहुँचने से पहले काबुल में मलिक अज़गर स्क्वायर में एक चौकी पर सुरक्षा बलों द्वारा निशाना बनाया गया। इस दौरान, इसमें विस्फोटक विस्फोट हुआ, जिसमें छह नागरिक मारे गए।

### जापान में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान के माई प्रांत में एक्सप्रेस वे पर पांच वाहनों के आपस में टकराने से तीन लोगों की मौत हो गयी और कई लोग घायल हो गए, इनमें से एक की हालत गंभीर है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 2:30 बजे हुआ।

# तेन्दूपत्ता नीति फेल ?

## भुगतान 1100 करोड़ से घटकर 633 करोड़ पर सिमटा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

तेन्दूपत्ता छत्तीसगढ़ में आदिवासियों-वनवासियों के आय का प्रमुख जरिया है। तेन्दूपत्ता की आय से यहां के अधिकतर आदिवासी-वनवासी अपने जीवन का गुजर-बसर करते हैं। लेकिन यदि आंकडों की बात करें तो तेन्दूपत्ता के संग्रहण व भुगतान में बेहतासा कमी आई है। जो चिंता का विषय है। छत्तीसगढ़ में न ही आदिवासियों की संख्या में कोई कमी हुई न ही जंगलों में, लेकिन वर्तमान आंकड़ें घटकर सीधा आधा हो गए है। निश्चित ही इससे वनवासियों की आय में कमी आई है। लघुवनोपज संघ ने अन्य क्षेत्र में तो कार्य किया लेकिन तेन्दूपत्ता जो सीधा आदिवासियों की आय से जुड़ा मामला है उसके संग्रहण व भुगतान में कुछ खास नहीं कर सका। आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2017 में 17 लाख मानक बोरे का संग्रहण और 1100 करोड़ का कुल भुगतान हुआ। वहीं 2021 में यह आंकड़ा घटकर 13 लाख मानक बोरा और 700 करोड़ के भुगतान पर सिमट गया। 2022 में तेन्दूपत्ता के संग्रहण और भुगतान का मौजूदा आंकड़ा 15.83 लाख स्टेण्डर्ड बोरा तथा 633 करोड़ का भुगतान है। आंकड़ों की बात करें तो इसमें सीधा 50 फीसदी कमी हुई है। यानि की तकरीबन 500 करोड़ रुपये के भुगतान का अंतर बताया जा रहा है।

**सच बयां करते आंकड़े**

2017 में कुल 17 लाख मानक बोरे का सग्रहण, कुल 1100 करोड़ का भुगतान

2021 में 13 लाख मानक बोरा और 700 करोड़ का भुगतान

2022 के मौजूदा आंकड़ों के अनुसार 15.83 लाख स्टेंडर्ड बोरा, 633 करोड़ का भुगतान



फाइल फोटो

### ठेकेदारों के शोषण से आदिवासियों को मुक्त करने शासन ने खरीदी का कार्य किया था प्रारम्भ

छत्तीसगढ़ के भोले-भाले आदिवासियों को ठेकेदारों के शोषण से मुक्त करने के लिए सरकार ने तेन्दुपत्ता की डायरेक्ट खरीदी नीति शुरु की थी। बस्तर अंचल में यह आरोप था कि ठेकेदार आविसीयों का शोषण करते हैं। औने-पौने दाम में उनकी उपज खरीद लेते हैं। उनको संरक्षण मिल सके इसलिए सरकार अब डायरेक्ट खरीदी करती है। जिसमें लघुवनोपज संघ महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन घटते आंकड़े आशंका पैदा कर रहे हैं? 2017 के बाद से संग्रहण और भुगतान के आंकड़ों में 50 फीसदी की कमी स्पष्ट दिखाई दे रही है।

### संजय शुक्ला को नहीं मिला फ्री हैण्ड



पीसीसीएफ संजय शुक्ला एक रिजल्ट ओरिएन्टेड अफसर के रुप में जाने जाते हैं। लेकिन बताते है कि तेन्दूपत्ता वाले क्षेत्रों में ठेकेदारों के रुचि वाले अफसरों को पदस्थ किया गया। एक अफसर तो पिछले तीन वर्षो से बस्तर में पदस्थ है। जाहिर सी बात है इन परिस्थितियों में शुक्ला भी तेन्दुपत्ता के क्षेत्र में कोई खास काम नहीं कर सके। जबकि अन्य लघुवनोपज में शुक्ला ने अभूतपूर्व काम किए। कोदो, कुटकी, रागी, मिलेट्स आदि में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। जिसमें संजय शुक्ला ने महती भूमिका निभाई है।

### आवास के बाद, अब तेन्दूपत्ता को लेकर भाजपा करेगी प्रदेशव्यापी आंदोलन



भारतीय जनता पार्टी गरीबों के आवास के बाद अब वनवासियों-आदिवासियों को एकजुट कर प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी में है। इसके पहले भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में तेन्दूता की खरीदी और भुगतान को लेकर बस्तर अंचल में लगातार आंदोलन कर चुके है। भाजपा के पदाधिकारी शहरी क्षेत्र के साथ-साथ सरगुजा तथा बस्तर अंचल में खास तौर पर सरकार को घेरने की रणनीति पर काम कर रहे है। तेन्दूपत्ता के संग्रहण और भुगतान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण लाया था। पूर्व सीएम ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से चर्चा कर तेन्दूपत्ता की खरीदी के आंकड़े भी जारी किए थे।

## अडानी समूह में सरकारी निवेश की जांच क्यों नहीं होती : राहुल-प्रियंका

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




कांग्रेसी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक एवं कर्मचारी भविष्य निधि जैसे संगठनों में जमा आम जनता का पैसा अडानी समूह की कंपनियों में सरकार ने क्यों लगाया है और जब इसकी जांच की मांग की जा रही है तो सरकार चुप्पी क्यों साध रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस मामले में भ्रष्टाचार हुआ है और जब इस घोटाले की जेपीसी से जांच की मांग की जा रही है तो सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है और घोटाले की जांच भी नहीं कराई जा रही है। गांधी ने कहा एलआईसी की पूंजी, अडानी को। एसबीआई की पूंजी,अडानी को। ईपीएफओ की पूंजी भी अडानी को। 'मोडानी' के खुलासे के बाद भी, जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में निवेश क्यों किया जा रहा है। प्रधानमंत्री, न जांच, न जवाब। आख़िर इतना डर क्यों। वाड्रा ने कहा मोदी जी की निगरानी में एसबीआई का पैसा अडानी को, एलआईसी में लगा जनता का पैसा अडानी को, भविष्य निधि में जमा कर्मचारियों की मेहनत का पैसा अडानी को, लेकिन भ्रष्टाचार और अडानी की फर्जी कंपनियों की जांच नहीं कराएंगे। प्रधानमंत्री जी दोस्त बचाओ मिशन पर हैं, हमें एकजुट होकर देश बचाना है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जो पैसा अडानी समूह की कंपनियों में गलत तरीके से डाला गया है उसको लेकर सरकार से सवाल पूछे जा रहे हैं लेकिन न सवालों के जवाब दिए जा रहे हैं और ना आरोपों की जांच का काम किया जा रहा है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी सवाल किया कि आखिर अडानी की संपत्ति कुछ ही साल में 12 लाख करोड़ रुपये कैसे पहुंची है और जब इस बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया तो उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

### राहुल अहंकार के कारण बने सजा के पात्र : साध्वी



**औरैया।** केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी न तो जनता के सामने झुकना चाहते है और न ही उन्हे न्यायपालिका की परवाह है। यही अहंकार उनकी सजा का कारण बना है। गोपाल वाटिका में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने आयी साध्वी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व ही खतरे में है। हाल ही में संपन्न चुनाव में नागालैंड जैसे प्रदेश में कांग्रेस रसातल पर पहुंच गयी है।

## सड़क निर्माण में सुरक्षा प्रदान कर रहे जवान की आईडी के चपेट में आने से हुई मौत

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



मिरतुर थाना क्षेत्रान्तर्गत छ.स.बल कैंप एटेपाल व छ.स.बल कैंप तिमेनार के मध्य सड़क निर्माण कार्य मे सुरक्षा प्रदान करने के लिए कैंप तिमेनार से सुरक्षा बल सड़क सुरक्षा ड्यूटी हेतु निकली थी इसी बीच सोमवार की सुबह तक़रीबन 07:45 बजे एटेपाल कैंप से 1 किमी की दुरी पर सड़क से लगी टेकरी में माओवादियों द्वारा पूर्व से लगाए गए प्रेशर आई ए डी की चपेट में आकर 19 वी वाहिनी डी कंपनी तिमेनार के एपीसी विजय यादव शहीद हुए, शहीद जवान को थाना भैरमगढ़ में गार्ड ऑफ दी ऑनर देकर पार्थिव शरीर को गृहग्राम भेज दिया गया।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में प्रेशर आईईडी की चपेट में आने पर छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के असिस्टेंट प्लाटून कमांडर विजय यादव की शहादत पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने इस घटना को दुःखद बताते हुए नक्सलियों की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा की है। छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स की एक टीम सुबह मिरतुर थाना क्षेत्र में एरिया डामिनेशन के लिए निकली थी। मुख्यमंत्री ने शहीद यादव के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## विपक्षी दलों के सांसदों का संसद भवन परिसर में धरना प्रदर्शन

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस तथा विपक्षी दलों के सांसदों ने अडानी मामले में जेपीसी की मांग को लेकर सोमवार को संसद भवन परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने धरना दिया और प्रदर्शन किया तथा प्रवर्तन निदेशालय- ईडी एवं अन्य एजेंसियों के दुरुपयोग करने का सरकार पर आरोप लगाया। विपक्षी दलों के सांसद दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित होने की बाद संसद भवन परिसर में एकत्रित हुए और गांधीजी की मूर्ति के समक्ष हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर धरने पर बैठ गए। बाद में इन नेताओं ने प्रदर्शन और मार्च भी किया। प्रदर्शनकारी सांसदों ने प्रदर्शन करते हुए मार्च भी निकाला जिसमें 'सत्यमेव जयते' नारा लिखे एक बड़ा बैनर लेकर आगे बढ़े। इसके साथ ही कई सांसद हाथों पर तख्तियां लेकर मार्च में शामिल हुए। इससे पहले संसद की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व विपक्षी दलों के सांसदों की राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे के कक्ष में बैठक हुई जिसमें कांग्रेस के अलावा डीएमके, समाजवादी पार्टी, जनता दल-यू,मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आरएसपी, आम आदमी पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस, शिवसेना सहित अन्य दलों के नेता शामिल हुए।

## विपक्ष के हंगामे की वजह से लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में अडानी मामले में संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी रमा देवी ने एक बार स्थगन के बाद चार बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्य हाथों तखतियाँ लेकर आसन के समक्ष आकार नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों ने जेपीसी की मांग को लेकर जमकर नारेबाज़ी की। पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच ज़रूरी काग़ज़ात पटल पर रखवाए गए और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए आसान की ओर बढ़े। अध्यक्ष ने कहा कि वह सदन को गरिमापूर्ण ढंग से चलाना चाहते है और तत्काल सदन की कार्यवाही चार बजे तक स्थगित कर दी।

### कांग्रेस के भारी हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

राज्यसभा में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के भारी हंगामे और नारेबाजी के कारण आवश्यक दस्तावेज भी सदन पटल पर नहीं रखे जा सके और सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सभापति जगदीप धनखड़ के सदन में आने के साथ ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया जिसके कारण चंद मिनटों में ही कार्यवाही स्थगित करनी पड़ गयी। इसके कारण नःन तो कोई आवश्यक दस्तावेज सदन पटल पर रखे जा सके और नः न ही कोई कामकाज हो सका। नारेबाजी और हंगामे को देखते हुये सभापति ने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के सांसद एवं पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत द्वारा मानहानी के एक मामले में दो वर्ष की सजा सुनाये जाने के बाद लोकसभा से उसकी सदस्यता समाप्त कर दी गयी है। इसका कांग्रेस सदस्य के साथ ही दूसरे विपक्षी दल भी विरोध कर रहे हैं।

**देशी-विदेशी इकाइयों, नवप्रवर्तकों, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों एवं स्टार्ट-अप्स को नेटवर्किंग की क्षमता का लाभ**

## पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए स्मार्ट शहर,गांव का विकास महत्वपूर्ण : गडकरी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ज़रूरी है कि स्मार्ट शहरों और गांवों का विकास किया जाए और इस काम में सार्वजनिक-निजी भागीदारी हो।

गडकरी ने कहा, स्मार्ट सिटीज़ भारत की सफलता की कहानी हैं। इस क्षेत्र में हमारे पास अपार संभावनाएं हैं और मैं व्यक्तिगत रूप से इन पर काम कर रहा हूं। वह सोमवार को यहां प्रगति मैदान में तीन दिवसीय 30वें कॉन्वर्जेन्स इंडिया एवं 8वें स्मार्ट सिटीज़ इंडिया एक्सपो का उद्घाटन कर रहे थे। इसका आयोजन स्मार्ट सिटीज़ मिशन, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, इंडिया ट्रेड प्रोमोशन ऑर्गेनाइज़ेशन (आईटीपीओ) एवं एक्ज़ीबिशन इंडिया ग्रुप (ईआईजी) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

एक विज्ञप्ति के अनुसार तीन दिवसीय आयोजन देशी-विदेशी इकाइयों, नवप्रवर्तकों, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों एवं स्टार्ट-अप्स को नेटवर्किंग की क्षमता का लाभ उठाकर कारोबार के अवसर बढ़ाने एवं नयी साझेदारियां करने का मौका देगा। उद्घाटन समारोह में स्लोवाक गणराज्य के आर्थिक विभाग के मंत्री मरेल हिरमन भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, जैसा कि गडकरी ने कहा है, विकास महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें अपनी प्रकृति और पर्यावरण एवं लोगों को भी सुरक्षित रखना है। हमारा मानना है कि शहरी विकास का भविष्य आधुनिक तकनीक में निहित है। आने वाले समय में हमें शहर नियोजन एवं प्रबन्धन में आधुनिक तकनीकों एवं डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करना होगा। हिरमन ने कहा कि उनके देश स्लोवाकिया में शहरों में सार्वजनिक परिवहन, ऊर्जा, व्यर्थजल प्रबन्धन एवं सार्वजनिक सुरक्षा के लिए पहले से स्मार्ट समाधानों को अपनाया जा रहा है। एक्ज़हीबिशन्स इंडिया ग्रुप की प्रबंध निदेशक चन्द्रिका बहल ने कहा, तीस सालों से हम कॉन्वर्जेन्स इंडिया सीरीज़ एक्स्पो के माध्यम से भारत के तेज़ी से विकसित होते डिजिजटल तकनीक उद्योग के लिए अवसरों का निर्माण कर रहे हैं। इस बीच स्मार्ट सिटीज़ इंडिया एक्स्पो भी स्मार्ट सिटीज़ मिशन के साथ तालमेल बना रहा है। पहले दिन 14 सत्रों की परिचर्चा में 65 से अधिक वक्ताओं ने हिस्सा लिया।

## मुर्मू राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार बंगाल के दौरे पर कोलकाता पहुंची

एजेंसी < कोलकाता
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पद संभालने के बाद पहली बार सोमवार को पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची। मुर्मू का हवाईअड्डे पर राज्य के राज्यपाल सी वी आनंद बोस, वरिष्ठ मंत्री फिरहाद हकीम और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया। राष्ट्रपति को हवाईअड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मुर्मू हवाईअड्डे से राज्यपाल के साथ नेताजी भवन कलकत्ता रेस कोर्स के लिए हेलीकाप्टर से रवाना हुई, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति सोमवार को नेताजी को श्रद्धांजलि देने के लिए कोलकाता में नेताजी भवन जाएगी और शाम नेताजी इंडोर स्टेडियम में उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन में भी शामिल होंगी। बाद में मुर्मू रवींद्रनाथ टैगोर के घर जोरासांको ठाकुरबाड़ी में जाकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित करेगी। वह राजभवन में आदिवासी समूहों की बैठक भी करेंगी। राष्ट्रपति मंगलवार को विश्वभारती के वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए शांति निकेतन जायेगी। वह मुर्म कोलकाता में यूको बैंक के 80 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित समारोह में शिरकत करने के अलावा बेलूर मठ भी जायेगी।

## मोहम्मद फैजल की सदस्यता बहाली पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय मोहम्मद फैजल पी. पी. की लक्षद्वीप संसदीय क्षेत्र की सदस्यता बहाल करने में लोकसभा सचिवालय की कथित देरी के खिलाफ उनकी याचिका पर 28 मार्च को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता मोहम्मद फैजल को हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 11 जनवरी 2023 को 10 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद 13 जनवरी को उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। हालांकि, उनकी सजा और 10 साल की जेल की सजा पर 25 जनवरी में रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ए. एम. सिंघवी ने सोमवार को मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। उनके 'विशेष उल्लेख' पर गौर करते हुए पीठ ने 28 मार्च को सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की। सिंघवी ने सदस्यता बहाली के संदर्भ में पीठ के समक्ष कहा कि सात पत्र लिखे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल उच्च न्यायालय द्वारा उनकी दोषसिद्धि और सजा पर रोक के खिलाफ केंद्र शासित लक्ष्यदीप प्रशासन द्वारा दायर मामला मंगलवार को न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष सुनवाई हो सकती है। याचिकाकर्ता की इन दलीलों को सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने मंगलवार को तत्काल रिट याचिका पर सुनवाई की अनुमति दी। पीठ शुरू में मामले को पांच अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करना चाहती थी। याचिकाकर्ता राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता ने अधिवक्ता के आर शशिप्रभु के माध्यम से दायर उनकी याचिका में निवेदन किया है कि लोकसभा सचिवालय 13 जनवरी 2023 को जारी उस अधिसूचना को वापस लेने में विफल रहा है।

# साजा में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह 20 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

## केले के रेशे से निर्मित साफा बना दूल्हे का ताज

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिला प्रशासन के सहयोग एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना बेमेतरा के तत्वाधान में जिले के साजा विकासखंड के अम्बेडकर भवन में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम रीति अनुसार भवन में पूजा एवं बारात निकालकर गाजे-बाजे के साथ बड़े ही उल्लास के साथ हुआ तथा सम्पूर्ण वैवाहिक कार्यक्रम संस्कृति के अनुरुप संपन्न हुआ। जिसमे विभिन्न समाज के 20 जोड़ों ने शादी कर अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिन्होंने सर्वप्रथम बारी-बारी से सभी विवाहित जोड़े के पास जाकर आर्शीवाद एवं उपहार भेंट की तथा उनके मंगलमय जीवन की शुभाकामनाएं दी। विवाह हेतु दूल्हे का साफा राखी गौठान में केला तना के रेशे से बनाया गया था। विवाह स्थल पर वैवाहिक जोड़ों के लिए सेल्फि जोन भी बनाया गया था। इस अवसर पर कलेक्टर बेमेतरा पदुम सिंह एल्मा, अनुविभागीय अधिकारी रा. साजा विश्वास राव मस्के, जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.डी. पटेल, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि बंशी पटेल, नगर



पंचायत साजा अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष साजा दिनेश वर्मा, स्वास्थ्य महिला बाल विकास स्थाई समिति जनपद पंचायत साजा की सभा पति माधुरी साहू सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने जिला प्रशासन के सहयोग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्हे बधाई एवं शुभाकामनाएं दी तथा कार्यक्रम में आए हुए दोनो पक्षों के परिवारों को भी शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत पहले 25 हजार रुपये की सहयोग राशि का प्रावधान था जिसे बढ़ाकर अभी 50 हजार कर दिया गया है इसी तरह किसानों हित में प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 क्विंटल प्रति एकड़ से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ कर दिया गया है। उन्होने नव विवाहित जोड़ों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि आप सभी वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य कन्या के विवाह में होने वाली हार्थिक कठिनाईयों का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाले फिजुलखर्चे को रोकना एवं सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है। जिससे उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार हो तथा विवाह में दहेज की लेनदेन की रोकथाम हो सके।

# दीपक कर्मा के जयंती पर युवाओं ने किया फल वितरण एवं रक्तदान

पायनियर संवाददाता ‹ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल नगर में सोमवार को कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं दन्तेवाड़ा नगरपालिका अध्यक्ष स्व.दीपक कर्मा जी की 46वीं जयंती मनाई गई। स्व.दीपक कर्मा की जयंती मे मुख्य रूप से उनके छोटे भाई दिव्यराज कर्मा की उपस्थिति में युवाओ द्वारा रक्तदान किया गया एवं एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में फल वितरण किया गया। किरंदुल नगर में यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई के युवाओ द्वारा स्व.दीपक कर्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर इस कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। स्व.दीपक कर्मा की जयंती में किरंदुल नगर में राहुल महाजन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के युवाओ के साथ मिलकर इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया,जिसमें सबसे पहले तकरीबन दस युवाओ ने रक्तदान किया एवं एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में सभी मरीज़ों को फल एवं बिस्कुट वितरण किया गया। राहुल महाजन ने कहा कि स्व.दीपक कर्मा जी सदैव ही युवाओ के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगें और उनके जैसा जन नेता शायद ही कभी बस्तर की धरती पर दुबारा जन्मेगा। शहीद महेंद्र कर्मा जी के विचारों पर चलने वाले स्व.दीपक कर्मा ने हमेशा दलगत विचारधारा से ऊपर उठ कर समाज हित के लिए कार्य किये है और शायद उनकी कार्यशैली की यही विचारधारा से समाज का हर वर्ग उनके प्रति आकर्षित होता था।अपनी सहज और सरल स्वभाव के लिए लोगो मे अपनी अलग पहचान रखने वाले स्व.दीपक कर्मा जी से इसीलिए युवाओं को खास लगाव था। उनके छोटे भाई दिव्यराज कर्मा ने भी आगे कहा कि समय से पहले उनका चले जाना बस्तर संभाग के लिए बहुत बड़ी क्षति है जिसकी पूर्ति नही हो सकती। स्व. दीपक कर्मा सदैव हमारी यादों में अमर है।इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रशांत बंसोड़,देवेंद्र उग्रे, रोहित ठाकुर,नितिन दुबे, चंदू बघेल,कमलेश ठाकुर,लोकेश साहू, देवराज, आयुष रॉय, पप्पू नायक, मोहन राव,राहुल, राकेश एवं अन्य युवा साथी मौजूद थे ।

# कैशपार माइक्रो क्रेडिट संस्था ने मनोरा में की आरबीआई के अनुरूप वित्तीय जागरूकता

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



रविवार को कैशपार माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा अपनी सदस्याओं को वित्तीय जागरूकता तथा उनके हितों को ध्यान में रखते हुए आरबीआई. द्वारा जारी नए दिशानिर्देश के बारे में जानकारी देने के लिए मनोरा में कार्यशाला का आयोजन किया गया द्य कैशपार हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली सदस्याओं को वित्तीय सहायता साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाएं भी प्रदान करती है जिससे सदस्याओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ-साथ वह अपने परिवार की बीमारी और बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे सकें और अपने जीवनस्तर को ऊपर उठा सकें। कैशपार प्रतिवर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता है इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रुप में माननीय रामनाथ राम -सहायक उपनिरीक्षक चौकी प्रभारी- मनोरा एवम माननीय राजेश कुमार सोनी एआरओ द्वारा सदस्यों को जागरूक किया गया, इस आयोजन में लगभग 200 से अधिक लोग उपस्थित थे और इस आयोजन में सभी सदस्याओं ने भी बराबर का भाग लिया द्य कैशपार माइक्रो क्रेडिट ने इस आयोजन में सभी सदस्याओं के जलपान और आने- जाने का भी व्यवस्था किया था, इस आयोजन को सफल करने में राजेश कुमार सोनी, बीएम रवि रंजन शर्मा, वसीम हाशमी तथा प्रियंका, लक्ष्मी, बुधमनी, संजय, नीलेश का बहुमूल्य सहयोग अत्यंत सराहनीय था।

# न्यायाधीश ने हत्या के आरोपी को सुनाया 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**रामानुजगंज।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में हत्या के एक मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को गैर इरादतन हत्या का अपराधी मानते हुए,विद्वान न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरेशी ने 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 100 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियुक्त आरोपी महेंद्र रवि पिता स्वर्गीय रामप्यारे रवि उम्र 52 वर्ष निवासी गड़गोड़ी पर प्रार्थी शिव सागर रवि ने बलरामपुर रामानुजगंज जिले के थाना त्रिकुंडा में रिपोर्ट दर्ज कराते समय बताया था कि प्रमिला को आरोपी ने पारिवारिक झगड़ा के कारण डंडे से पीट-पीटकर मार डाला था। इसके बाद पुलिस ने आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए संपूर्ण कार्रवाई पूर्ण करने के बाद केस डायरी को सुनवाई हेतु न्यायालय में सौंपा गया। जहा सुनवाई के दौरान विद्वान न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरेशी ने अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ता के तर्क को सुनने के बाद आरोपी महेंद्र रवि को आईपीसी की धारा 302 की जगह धारा 304 का दोषी मानते हुए आरोपी अभियुक्त को 5 वर्ष के सश्रम कारावास सहित 100 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। वही विद्वान न्यायाधीश ने मृतक प्रमिला के दो नाबालिग पुत्र एवं तीन पुत्रियों के भरण पोषण एवंम शिक्षा के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण से अनुशंसा कीगई है।



# उदय गामी सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाएं करेंगी चैती छठ पूजा का समापन



पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

चैती छठ शहर सहित जिले भर में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। चार दिन के इस महापर्व की शुरुआत शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो चुकी है। रविवार को इस महापर्व के दूसरे दिन खरना का अनुष्ठान किया गया। छठ व्रतियों ने पूरे दिन उपवास रहने के बाद शाम को गुड़ से बनी खीर और रोटी प्रसाद में ग्रहण किया। इसके बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो गया। सोमवार को पहला अर्घ्य डूबते सूर्य को दिया गया। छठ पूजा में खरना का विशेष महत्व होता है। व्रतियों के द्वारा नहाय खाय के दिन ही पूरे घर को पवित्र कर लिया जाता है। अगले दिन खरना के लिए तैयारियां शुरू हो जातीं हैं। खरना में व्रतियों द्वारा सुबह स्नान करके भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की जाती है,पूरे दिन उपवास रहने के बाद शाम को मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से खीर बनाई जाती है। रविवार को घाट बांधने के दिन कन्हर नदी के तट पर अनेकों महिलाओं के द्वारा घाट बांध कर छठ पूजा प्रारंभ की गई थी। वैसे कुवार मास की अपेक्षा चैत मास में कम ही छठ व्रत किया जाता है। मंगलवार को सुबह का उगते सूर्य को अर्घ्य दें कर हवन पूजन एवं आरती उपरांत प्रसाद ग्रहण कर व्रत की समाप्ति की जाएगी।

इसके साथ ही चार दिनों तक चलने वाला महापर्व संपन्न हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के पहल पर छठ व्रतियों के लिए कन्हर नदी का घाट को व्यवस्थित करने में नगर पंचायत का पूरा अमला लगा रहा।

# प्राचीन श्री राम मंदिर में हुआ महा आरती का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



श्री राम नवमी महोत्सव आयोजन समिति के निवेदक रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर में नवरात्रि की छठवीं तिथि को महा आरती का आयोजन किया गया जहां धर्म प्रेमियों ने हजारों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, आरती उपरांत प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कन्हर नदी के तट पर बसा हुआ प्राचीन श्री राम मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर छठवीं तिथि एवं छठ पूजा के पावन अवसर पर कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए विशेष महा आरती एवं पूजा के साथ प्रसाद में फलाहार वितरण किया गया। जहां राम भक्तों एवं धर्म स्वावलंबी अपने इष्ट मित्र एवं बंधु:बंधुओं के साथ शामिल हुए जिसमें नगर की महिलाओं की संख्या अत्यधिक थी। उक्त महा आरती में प्राचीन श्री राम मंदिर में बिराज रहे विघ्नहर्ता भगवान गणेश संकट मोचन हनुमान जी एवं देवों के देव महादेव सहित शिव परिवार का भी आरती उतारी गई। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मन की बात में शामिल हुए रामविचार नेताम



पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत चंपापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने के लिए प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए। जहां कई ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी के नीति रीति से प्रभावित होकर कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर रामविचार नेताम ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास की ओर लगातार बढ़ते चला जा रहा है जिसका परिणाम है कि विपक्षी दल घबराकर एक मंच पर आकर कई साजिश रच रहे हैं इसके बाद भी उनको सफलता हासिल नहीं हो पा रही। क्योंकि देश की जनता हमारे ईमानदार प्रधानमंत्री की कार्यकुशलता को देखते हुए उनको अपना मत प्रदान करें हैं। यही कारण है कि विपक्षियों के दाल नहीं गल पा रहा हैं। सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों को रामविचार नेताम ने उन्हें माला एवं गमछा पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज कुम्हारी नगर इकाई में दुर्ग राज प्रकरण की बैठक संम्पन्न लिए गए कई अहम निर्णय

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा नगर इकाई कुम्हारी की पावन धरा पर स्वजातीय बंधुओं के शुभ सान्निध्य में दुर्ग राज प्रकरण की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम छत्रपति शिवाजी महाराज, स्वामी आत्मानंद महाराज एवम डॉक्टर खूबचंद बघेल की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के संरक्षक मनीष बंछोर, राजप्रधान दुलारी वर्मा, केंद्रीय सचिव पोखन, केंद्रीय दुर्ग राज प्रतिनिधि राम प्यारी वर्मा, नीलकंठ वर्मा, सलाह कार बिसौहा मढ़रिया, बितावन वर्मा, राज मंत्री रमा शंकर वर्मा, सचिव हेमंत मढ़रिया, सह सचिव महेंद्र वर्मा, शारदा वर्मा, मीडिया प्रभारी खिलेश वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य माधुरी वर्मा, कुम्हारी नगर अध्यक्ष ओम नारायण वर्मा, विजय वर्मा, आजु राम वर्मा, नारायण वर्मा, रज्जु वर्मा, क्षेत्र प्रधान रामप्यारे वर्मा, राजेन्द वर्मा सहित कुम्हारी स्वजातीय महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बैठक में ग्यारह प्रकरणों पर समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी द्वारा विचार विमर्श एवं मन्त्रणा के पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय दिया गया, पाटन राज के महाधिवेशन में विधान एवं आचार संहिता संशोधन अधिसूचना खंड 2की धारा41(ख) वैवाहिक एवम अन्य मांगलिक कार्यक्रमो में तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा डीजे, धुमाल जो जनरेटर से चलता हो, पूर्ण प्रतिबंधित किया जाता है । पारंपरिक वाद्य यंत्र जो कम ध्वनि विस्तारक हो, उसका उपयोग किया जा सकता है । अन्यथा की स्थिति में पक्षकार पर पक्का राजभोग आरोपित किया जाएगा, इसकी जानकारी समस्त स्वजातीय को दी गई । राज मंत्री ने छात्रवृत्ति कोष में समस्त स्वजातीय को अधिक से अधिक दान देकर दुर्ग राज के छात्रवृत्ति कोष में दान करने की अपील की गई है । दुर्ग राज के संरक्षक मनीष बंछोर ने कहा कि समाज मे जो आवश्यकता होगी उसे हरसंभव पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नगर इकाई अध्यक्ष ओम नारायण वर्मा द्वारा किया गया। उक्त बैठक में दुर्ग राज के संरक्षक, सलाहकार, पदाधिकारी राज कार्यकारिणी, क्षेत्र प्रधान, ग्राम प्रमुख एवम समस्त बंधु - भगिनी ग्रामवासी कुम्हारी की उपस्थिति रही।

समाज में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होगी, यथासंभव उसे तत्काल निराकृत करने का प्रयास किया जाएगा ।

**मनीष बंछोर,**
संरक्षक, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज

# केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का कर रही प्रयास: विकाश दुबे

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के संसद की सदस्यता खत्म किए जाने को लेकर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व में गांधी चौक में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने सत्याग्रह में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठे एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विपक्ष का आवाज दबाने का आरोप लगाया। विकास दुबे ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा लगातार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस प्रकार से राहुल गांधी पर कार्रवाई की गई निश्चित रूप से विपक्ष के सबसे बड़े चेहरे की आवाज को दबाने का प्रयास है। केंद्र सरकार के इस कदम से पूरे भारत में आक्रोश है। राहुल गांधी के द्वारा जिस प्रकार से लगातार बेरोजगारी महंगाई एवं अडानी का मुद्दा उठाया गया। उससे ध्यान भटकाने के लिए इस प्रकार का कार्यवाही किया जा रहा है। व्ही जिस राज्य में गैर भाजपा सरकार है वहां के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है यहां तक कि कई जगह सरकार भी गिराई गई जो बहुत ही शर्मनाक है लोकतंत्र में इस प्रकार का कृत्य सर्वथा अनुचित है।

### पार्टी की सबसे बड़ी समस्या गुटबाजी को पाटने का भरपूर प्रयास

# बहुप्रतीक्षित कुम्हारी भाजपा मंडल कार्यकारिणी का गठन हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





भाजपा मंडल में कार्यकारिणी की घोषणा को लेकर लंबे समय से हो रहे इंतजार का पटाक्षेप अन्ततः हो गया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति एवं भिलाई जिला अध्यक्ष बृजेश ब्रिजपुरिया के अनुमोदन से मंडल अध्यक्ष राजू निषाद की अनुशंसा पर कुम्हारी मंडल की कार्यकारिणी में 32 सदस्यों को स्थान दिया गया है जिसकी सूची विगत गुरुवार को जारी की गई। मंडल कार्यकारिणी में 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष सहित 4 संगठन मंत्री को स्थान दिया गया है। यही नहीं मीडिया में मजबूती से पक्ष रखने के लिए 5 कार्य कर्ताओं को मीडिया की जिम्मेदारी दी गई है। ज्ञातव्य हो कि कुम्हारी भाजपा में जड़ से जुड़े नेता छबि यादव, पन्ना लाल साहू, दीपक चतुर्वेदी व सुनीता कुर्रे को पार्टी ने उपाध्यक्ष जैसे अहम पद की जिम्मेदारी दी है। यही नहीं उच्च नेतृत्व ने जमीनी स्तर से जुड़े सदस्यों को मंडल महामंत्री के रूप में शामिल किया गया है जिसमें नेता प्रतिपक्ष वार्ड 19 पार्षद लोकेश साहू का नाम प्रथम पंक्ति पर है। आगामी चुनावी परिदृश्य को देखते हुए मंडल में बहुत से नए व युवा चेहरों को स्थान दिया गया। जिसमें आलोक दुबे को कोषाध्यक्ष व धर्मेंद्र सिन्हा का महामंत्री पद शामिल है। राजनीति में अनुभव रखने वाले थानेश्वर सोनकर को सह-कोषाध्यक्ष का पद देकर भी संगठन को मजबूती प्रदान की गई है। पार्टी में सबसे बड़ी समस्या गुटबाजी को पाटने का भरपूर प्रयास किया गया है इसके अतिरिक्त नगर में बेहतर राजनैतिक अनुभव रखने वाले रामाधर शर्मा, मनोज वर्मा, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला जैसे नेताओं को मंडल कार्यकारणी में भी स्थान दिया गया है। मंडल कार्यकारिणी में पुराने अनुभवी बेहतर राजनीति का ज्ञान रखने वाले नेताओं को भी रखा गया है जिसमें जिसमें सिद्धनाथ शुक्ला, हरिदास वैष्णव, अशोक दिवान, महेंद्र अग्रवाल, योगेश साहू, माखनलाल कोसरिया, पी एन दुबे, संजय पांडे, प्रेम लाल साहू, वीरेंद्र सिंह, प्रदीप गोयल, रवि साहू का नाम शामिल है। मंडल में बड़ी संख्या में सक्रिय महिलाओं को स्थान देकर कुम्हारी की राजनीति में महिला सक्रियता को बढ़ावा दिया गया है जिसमें प्रमुख रूप से संगठन मंत्री मीरा यादव व सदस्यता में स्मिता रघाटाटे, राधा ठाकरे, मीना वर्मा, रजनी भारती, सविता सोनी, उर्वशी नायक, रमा साहू एवं पूर्णिमा जांगड़े का नाम शामिल है। कार्यकारिणी में स्थाई आमंत्रित सदस्यों में सांसद व जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी सहित पूर्व अध्यक्षों व पार्षदों को विशेष श्रेणी में रखा गया है। कार्यकारिणी गठन को लेकर मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने बताया कि उच्च नेतृत्व के आदेशानुसार कुम्हारी मंडल में कार्यानुभव रखने वाले जमीनीस्तर के नेताओं को स्थान दिया गया है। उन्होंने सूची जारी कर समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं, बधाई देते हुए संगठन के उद्देश्य को पूरा करने में तन, मन, धन से तत्काल एकजुटता पूर्वक अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया । नगर के वरिष्ठ जनों ने मण्डल कार्यकारिणी गठन में सभी वर्गों को सम्मिलित किए जाने की सराहना की ।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा 12 किलो के साथ चार युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस ने 4 किलो गांजा के साथ चार आरोपी गिरफ्तार किया, थाना सिटी कोतवाली पुलिस एवं टेकनिकल टीम को पेट्रोलिंग के दौरान जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि 04 व्यक्ति नया बस स्टैण्ड बेमेतरा सुलभ शौचालय के पास अपने-अपने बैग में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के लिये रखा हुआ है कि सूचना पर थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं टेकनिकल टीम स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां चार आरोपियो के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 12 किलो ग्राम कीमती करीबन 1,20,000/- रूपये एवं पुरानी इस्तेमाली मोटर सायकल कीमती करीबन 60,000/- रूपये, कुल जुमला 1,80,000/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 04 आरोपियों के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।

### गिरफ्तार होने वाले आरोपीगण

रंजित कांत बहेरा पिता मेघनाथ बहेरा उम्र 38 साल साकिन हीराकुद कालोनी वार्ड नं. 05 संबलपुर थाना व जिला संबंलपुर (उडीसा) मन्टू करमी पिता निराकर करमी उम्र 22 साल साकिन गोन्डाबहाल थाना यूलून्डा जिला सोनपुर (स्वर्णपुर) (उडीसा) सागर बाघ पिता इन्दरसन बाघ उम्र 22 साल साकिन भाटापारा बोरसी थाना भिलाई नगर जिला दुर्ग आकाश घुरा पिता सिताराम घुरा उम्र 19 साल साकिन रूवाबांधा बस्ती तालपुरी थाना सेक्टर 06 भिलाई जिला दुर्ग शामिल हैं, उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, सउनि ईतवारी डेहरे, सायबर सेल प्रभारी अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, लोकेश सिंह, आरक्षक राजेन्द्र जायसवाल, लव कुमार यादव, चुरावन पाल, रामगोपाल निषाद, खेमलाल यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# 20 हजार करोड़ किसके हैं ? संकल्प सत्याग्रह में बैठे विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा और मोदी सरकार से पूछा सवाल

## जेपीसी जांच से क्यों भाग रही मोदी सरकार : लालू राठौर

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी मान. कुमारी शैलजा तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान मोहन मरकाम जी के निर्देशानुसार 26 मार्च को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में तानाशाह भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार द्वारा विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र को ख़त्म करने की उनके ग़लत नीति और नियत के खिलाफ़ प्रातः 10 बजे से जिले के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संकल्प सत्याग्रह की शुरुआत की है।

कांग्रेस पार्टी के नेता व बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर के अलावा अन्य कांग्रेसियों ने एक सुर में कहा कि राहुल गांधी की सजा और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्यता इस बात का मजबुत संकेत है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र गंभीर खतरे मे है राहुल गांधी लगातार विभिन्न मंचों पर मोदी और अडानी के संबंधों पर सवाल उठा रहे है और उन्हें उजागर कर रहे है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वरा अपने प्रिय मित्र अडानी की मदत करने के लिए सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ उनके निडरता और अजेय लड़ाई से कांपते हुए और संसद में उनकी सांठ-गाठ को उजागर करने के डर से पूरी मोदी सरकार उनकी आवाज़ को चुप कराने के लिए इस तरह के कुटिल उपायों का सहारा ले रही है हम इस ग़लत धारणा और अयोग्यता की कड़ी निंदा करते है और इस नेक लड़ाई में राहुल जी के साथ खडे है राहुल गांधी अकेले नहीं है सच्चाई और न्याय की इस लड़ाई मे लाखो कांग्रेसी और करोड़ो लोग चाहे वे किसी भी राजनीतिक संबद्धता से जुड़े हों, उनके साथ है। विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा और मोदी सरकार से पूछा अड़ानी के शैलकंपनियों में 20 हज़ार करोड़ रुपये कहाँ से आए। तो वहीं लालू राठौर ने कहा 'मोदी सरकार आखिर जेपीसी जाँच से क्यों भाग रही है, जब अडानी पर मोदी सरकार से सवाल किया जाता हैं तो बीजेपी अडानी का बचाव क्यों कर रही है'?

संकल्प सत्याग्रह में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण सदस्या नीना रावतिया उद्दे, युवा आयोग सदस्य प्रवीण डोंगरे, पीसीसी एवं सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव, सांसद प्रतिनिधि सीताराम माँझी, पीसीसी सदस्य ज्योति कुमार, जनपद अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पंचायत अध्यक्षा सुखमती मांझी, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मंगल राना, लच्छु राम मौर्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, विधायक प्रतिनिधि अभिषेक सिंह,नगर अध्यक्ष सन्तोष गुप्ता, पार्षद लक्ष्मण कड़ती पार्षद साहिल तिग्गा, पार्षद कविता यादव युवा कांग्रेस के कामेश मोरला, एजाज़ सिद्दीक़ी, बाबू लाल राठी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश पुजारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मैदान की खेल भावना जीवन पर्यन्त काम आती है : लखेश्वर बघेल



पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत पाहुरबेल पहुंचने के पश्चात बस्तर विधायक बविप्रा अध्यक्ष लखेश्वर बघेल जी का ग्रामीणजन एवं ग्रामवासियों द्वारा ढ़ोल बाजे के साथ मुख्य चौक से लेकर मैदान तक जगह जगह भव्य स्वागत किया गयाद्यमाता हिंगलाजिन टूर्नामेंट का आयोजन रखा गया था जिसमें फाइनल मैच में शिरकत हुए पाहुरबेल एवं आमागुडा के मध्य खेला गया जिसमें पाहुरबेल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 73 रन का टारगेट दिया था जिस लक्ष्य का पीछा करते हुए आखरी 12 वां ओवर में ही अपनी जीत सुनिश्चित करते हुए फाइनल में अपना कब्जा बरकरार रखाबस्तर विधायक बघेल ने कहा की मैदान की खेल भावना जीवनपर्यन्त काम आती है वास्तविक जीवन में भी कई बार जीत-हार के पल आते हैं, लेकिन मैदान में सीखी गई खेल भावना जीवन में भी लागू करने पर आप कभी निराश नहीं होंगे और आगे बढ़ने का उत्साह बना रहेगाद्य माता हिंगलजिन क्रिकेट समिति द्वारा खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए मेडल और मूवमेंट देकर सम्मानित किया जिसमें आमागुडा के खिलाडी लक्ष्मण बघेल को मैन ऑफ़ द सीरीज दिया वही मैन ऑफ़ द मैच झूमुकलाल को दिया गया और अन्य खिलाडी जिन्हें पुरुस्कृत किया गयाद्य दिनेश ने खिलाड़ियों से कहा कि, खेल में हार से दुख और जीत में आनंद तो आता है, लेकिन खेल मैदान में सीखी गई खेल भावना जीवन में हमें आगे ले जाती है. साथ ही नए परिचय का दायरा बढ़ता है और अलग-अलग क्षेत्र के साथियों से मिलकर नई चीजें हम सीखते हैं खेल भावना असफलता से निराश न होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैजिसमें मौजूद रहे दिनेश यदु, राकेश मिश्रा, मानसिंह क़वासी, जगमोहन बघेल,गोपाल कश्यप, अनत राम,सतेंद्र गागड़ा, राजेश कुमार, मोना पाड़ी,रामगिरिज चंद्राकर,,एवं समस्त ग्रामवासी, समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

# भगवा रंग में रंगा दंतेवाड़ा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु होंगे शामिल



■ तीन प्रकार के रथ, सात सौ बाइक व कीर्तन मंडली के साथ निकलेगी श्री राम की शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

माँ दंतेश्वरी की नगरी में इस बार राम नवमीं भगवा रंग में रंगा नज़र आ रहा है। सनातन हिन्दू समाज व राम जन्मोत्सव समिति द्वारा नगर के सभी चौक चौराहों में आकर्षक साज सज्जा की है। पूरे दंतेवाड़ा शहर में भगवा ध्वज लगाया गया था साथ ही प्रमुख चौराहों पर श्री राम के पोस्टर को आकर्षक लाइटिंग द्वारा सजाया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया की इस बार बाइक रैली में 700 से अधिक बाइक्स शामिल करने का प्रयास है। शोभायात्रा हेतु नगर के साथ गांव गांव में संपर्क कर बड़ी संख्या में श्रदधालुओं को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक गांव से भक्तों को लाने हेतु गाड़ी की व्यवस्था की गई है। इस बार डीजे के अतिरिक्त 5 प्रकार के विभिन्न नाच मंडली और कीर्तन मंडली बुलाई जा रही हैं। विशेष आतिशबाजी की योजना है। भक्तों पर पुष्प वर्षा, तीन प्रकार के रथ और भव्य हनुमान जी विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। गांव से आने वाले युवाओं को टी शर्ट और समस्त बाइक में झंडा निशुल्क प्रदान किया जायेगा। मेंडका डोबरा में एक दिन पूर्ण अखंड रामचरितानस का पाठ आरंभ किया जाएगा जिसका समापन रामनवमीं के दिन होगा। शोभायात्रा का समापन मेंडका डोबरा मैदान में राम स्तुति एवम् महाआरती के साथ होगा। इस बार भंडारे में 4000 लोगों के प्रसाद की व्यवस्था की जायेगी।

# संवेदना सहयोग की मिशाल दंतेवाड़ा जिले के शिक्षकों ने अनुकम्पा पीड़ितों के मदद के लिए जुटाए 14,1000

पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



अनुकम्पा नियुक्ति की मांगों को लेकर जांरी आंदोलन के 165 वे दिवस पर आज छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई दंतेवाड़ा के पदाधिकारियों ने रायपुर पहुँच अनुकम्पा नियुक्ति शिक्षाकर्मी कल्याण संघ के धरना स्थल में समर्थन दिया।प्रांतीय पदाधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव, प्रमोद भदौरिया,सूर्यकान्त सिन्हा,कमल रावत,जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला,शैनी रविन्द्र,जिला सचिव नोहर साहू, पोरस बिंझेकर, विजय साहू भवानी कौशिक, डुमन मरकाम,ब्लॉक अध्यक्ष खोमेंद्र देवांगन, खेमलाल सिन्हा,शंकर चौधरी,रमा कर्मा ने बताया कि 2018 संविलियन के पूर्व ऐसे शिक्षक जिनका संविलियन नही हो पाया व पंचायत विभाग में रहते निधन हो गया, जिनकी संख्या लगभग 1269 है पूरे प्रदेश में वे लगातार अनुकम्पा की मांग को लेकर राजधानी रायपुर के बुढातालाब में दिन रात डटे हुए है।

एक सूत्रीय मांग अनुकम्पा नियुक्ति है विभिन्न माध्यमों से वे सरकार तक अपनी बात को निरन्तर पहुँचाने का प्रयास कर रही है उनके जीवट संघर्ष व जायज मांगो को देखते हुए दंतेवाड़ा जिले के शिक्षकों ने आपस मे चर्चा कर संगठन के माध्यम से उनके आर्थिक सहयोग की मुहिम चलाकर एक लाख चालीस हजार नौ सौ चौबीस रुपये जुटाए जिसको आज रायपुर धरना स्थल में समर्थन देते हुए संगठन प्रमुख माधुरी मृगे को सौप दिया गया व आगामी समय मे भी हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया गया है अनुकम्पा संघ की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे द्वारा जिले के समस्त सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया। छतीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की सरकार से मांग है कि संविलियन से पूर्व जो साथी दिवंगत हुए है,उनके परिजनों को योग्यता अनुसार तत्काल अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया जावे,इस विषय मे शासन से मांग किया गया है, संवेदनशील मुख्यमंत्री से आग्रह है कि ऐसे साथियो के परिजनों को अविलंब न्याय प्रदान करें।

# पार्षद के द्वारा मनमानी ढंग से नाली निर्माण कराने शिकायत वार्ड वासियों द्वारा किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ पंखाजूर
www.dailypioneer.com



समस्त मोहल्ला वासियो ने शिकायत किया जो कि पखाजूर नव पल्ली वार्ड 02 के निवासी है। नव पल्ली में 75 प्रतिशत नाली निर्माण पूर्ण हो चुका है। बचे 25 प्रतिशत नाली निर्माण मे ऐसा प्रतित हो रहा है की पार्षद विकास पाल द्वारा जान बुझकर अधिक नाली के जगह बता कर मोहल्ले वासी का बाउंडरी वॉल (दिवार) जबरन तोड़ने को कह रहा है। जबकी 75 प्रतिशत मे जो नाली निर्माण किया गया है उस नाली निर्माण से करीब1.5 मीटर इस एरिया में ज्यादा है 1.5 मीटर ज्यादा होने के बावजूद इस को तोड़ने फोड़ने की बात क्यों सामने आ रही है। इससे यह प्रतित है की पार्षद द्वारा जान बुझकर द्वेश की भाव से नाली निर्माण मे दुषमनी निभा रहा । जिस कारण मोहल्ला वासी भयभित है। इसलिए समस्त मोहल्ले वासी परेशान है। पूर्व मे नाली के अनुसार नाली निर्माण कराने के लिए मोहल्ले वासी पूर्ण सहमत जताई है।जिसको लेकर नगर पंचायत सीएमओ, तहसीलदार, एसडीएम को शिकायत पत्र दिया ताकि किसी को भी नुकशान न हो पर नाली जरूर बनाये। इस मुद्दे को लेकर वार्डवासी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी से बात किये और उसेंडी ने नाली निर्माण को लेकर हो रही दिक्कतों को वार्ड में आकर देखा और मोहोल्ला वासियो से सुना और तत्काल नगर पंचायत सीएमओ को फोन के माध्यम से सूचना दिया कि नाली निर्माण तो होना चाहिए पर किसी भी व्यक्ति का आर्थिक नुकसान न हों और किसी का दीवार,घर को न तोड़ कर नाली निर्माण कराया जाय।

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशीम राय का कहना है कि इस वार्ड में लोगो वर्षो से निवास कर रहे है, और नगर पंचायत चाहती कि दीवार/मकान तोड़ कर सड़क का चौड़ीकरण के साथ नाली निर्माण हो पर यदि नगर पंचायत द्वारा दीवार आदि तोड़ा जावे तो न्याय उचित मुआबजा देना चाहिए पर नगर पंचायत नही दे सकती क्यों कि नगर पंचायत के पास इसका कोई प्रावधान नही है।

# त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के विकासखंडवार त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 कराए जाने हेतु 01 जनवरी की प्रतिनिर्देश से फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम (समय-अनुसूची) जारी किया गया है। जिले में जनपद पंचायत सदस्य के दो रिक्त पद, सरपंच के 04 रिक्त पद और पंच के 81 रिक्त पदो के लिए उप निर्वाचन कराया जायेगा। प्रथम चरण में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति एवं प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण आधार पत्र तैयार करने वाले कर्मचारी तथा दावे आपत्ति प्राप्त करने वाले प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग की 1 जनवरी 2023 की स्थिति में तैयार विधानसभावार अद्यतन निर्वाचक नामावली की दो प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त करना और जनपद पंचायत वार भागों में बांटने कार्यक्रम जारी किया गया।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने अपील प्राधिकारी रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले में पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने अपील प्राधिकारी, रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर कांकेर को सम्पूर्ण कांकेर जिला (अनुभाग पखांजूर को छोड़कर) तथा अपर कलेक्टर अंतागढ़ को सम्पूर्ण पखांजूर अनुभाग के लिए अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर को सम्पूर्ण कांकेर अनुभाग के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार कांकेर को कांकेर तहसील एवं तहसीलदार नरहरपुर को नरहरपुर तहसील के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा को सम्पूर्ण चारामा अनुभाग के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार चारामा को सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र चारामा हेतु सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर को सम्पूर्ण भानुप्रतापपुर अनुभाग के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार भानुप्रतापपुर को सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र भानुप्रतापपुर हेतु सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अंतागढ़ को सम्पूर्ण अंतागढ़ अनुभाग के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार अंतागढ़ को सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र अंतागढ़ के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजूर को सम्पूर्ण पखांजूर अनुभाग के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार पखांजूर को सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पखांजूर के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सरकारी दफ्तर व सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधियों से वसूली में हो रही दिक्कत

# बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने बढ़ाई सख्ती, नोटिस देने के बाद बिल जमा नहीं करने पर काटे जा रहे कनेक्शन

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

समय पर बिजली बिल जमा नहीं करने वाले लापरवाह उपभोक्ताओं के कारण सीएसपीडीसीएल विद्युत विभाग का बकाया बिल सत्रह करोड़ तक पहुंच गया हैं। इसकी वसूली के लिए अब विद्युत विभाग ने कमर कस ली हैं, सालों बाद भी बिजली बिल का भुगतान नही करने वाले उपभोक्ताओं पर अब बिजली विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही तेज कर दी हैं। नगरीय निकायों के उपभोक्ताओं पर कार्यवाही के बाद अब ग्रामीण उपभोक्ताओं पर कार्यवाही की जा रही हैं। नोटिस भेजने और लाइन काटो अभियान चलाकर विद्युत विभाग तेजी से वसूली में डटा हुआ हैं, विद्युत कनेक्शन काटे जा चुके हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के सहायक अभियंता मनीराम तारम ने बताया कि जिले में शासकीय व गैर शासकीय कुल 1लाख 44हजार 673 उपभोक्ता है। जिसमें घरेलू 41हजार 387, एकल बत्ती 76 हजार 190, गैर घरेलू 4 हजार7 90, जलकल 306, औद्योगिक 590, कृषि पंप 12 हजार 900, सड़क बत्ती 52, अस्थायी कनेक्शन 3 हजार 773 कनेक्शन और शासकीय 4 हजार 685 कनेक्शन हैं। संग्रहण राशि 11 करोड़ 68 लाख 20 हजार 365 रुपए एवं सघन वसूली 1 करोड़ 14 लाख 24 हजार रुपए कुल 12 करोड़ 82 लाख 44 हजार 365 रुपए वसूल किया जा चुका हैं, बचे हुए उपभोक्ताओं से वसूली का काम चल रहा हैं, जिसमें शासकीय व गैर शासकीय कनेक्शन दोनों हैं। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व विभाग जल्द से जल्द बकाया विद्युत बिल को वसूल करना चाह रहा हैं, इसके लिए अलग अलग टीम बनाई गई। टीम के सदस्य डोर टू डोर जाकर बिजली बिल वसूलने में व्यस्त हैं, बकाया बिल के लिए विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ रही हैं।



### नोटिस के बाद जमा नहीं किए बिजली बिल कटे कनेक्शन

वहीं शासकीय तथा गैर शासकीय उपभोक्ताओं की बात करें तो 17 करोड़ 1लाख 38 हजार 176 रुपए राशि बकाया हैं। बार-बार नोटिस भेजने के बाद भी ऐसे बकायादार बिजली बिल जमा करने आगे नहीं आ रहे हैं, जबकि बकाया बिल के रूप में ही एक मोटी रकम बढ़ जाने से विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात एक किया जा रहा हैं। अकेले कोंडागांव शहर में ही लगभग ऐसे सैकड़ों उपभोक्ता हैं जो पिछले डेढ़ साल से बिजली बिल जमा नहीं किए हैं। ऐसे उपभोक्ताओं का एक साल में 3 हजार 952 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं, जिनकी कुल राशि 1करोड़ 61लाख 26 हजार रुपए बकाया थी।

### सरकारी विभागों में 11 करोड़ 26 लाख से अधिक बकाया

शासकीय कार्यालयों में धड़ल्ले से बिजली का उपयोग किया जा रहा हैं। एक तरफ बिजली विभाग द्वारा वसूली करने में गैर शासकीय उपभोक्ताओं पर तो सख्ती की जा सकती हैं लेकिन जब बात जनप्रतिनिधियों और शासकीय कार्यालयों की बात आती हैं तो काफी मशक्क तों का सामना करना पड़ता हैं, जिले के शासकीय कार्यालय बिल भुगतान करने में गंभीर नहीं हैं। जिले में राजस्व विभाग 16 लाख 34 हजार 271 रुपए, पुलिस विभाग 12 लाख 23 हजार 903 रुपए, वन विभाग 33 लाख 15 हजार 389 रुपए, कृषि विभाग 2 लाख 97 हजार 722 रुपए, लोक निर्माण विभाग 6 लाख 65 हजार 594 रुपए, शिक्षा विभाग 1 करोड़ 18 लाख 36 हजार 226 रुपए, स्वास्थ्य विभाग 36 लाख 11 हजार 942 रुपए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 5 लाख 26 हजार 594 रुपए, महिला एवं बाल विकास विभाग 36 लाख 55 हजार 584 रुपए, दूर संचार विभाग 4 लाख 9 हजार 239 रुपए, जनपद पंचायत 15 लाख 56 हजार 998 रुपए, नगर पालिका 3 करोड़ 10 लाख 78 हजार 814 रुपए, नगर पंचायत, 41लाख 38 हजार 886 रुपए व ग्राम पंचायत 4 करोड़ 42 लाख 78 हजार 456 रुपए कुल 1 करोड़ 12 लाख 60 हजार 896 रुपए भुगतान किया जाना शेष हैं, इसके बाद भी संबंधित विभाग बिल भुगतान को लेकर गंभीर नहीं हैं।

### किसानों को समझाने में करनी पड़ती है मशक्कत

साथ ही कृषक जीवन ज्योति योजना के तहत सरकार द्वारा अन्य वर्गों के किसानों को तीन हार्स पॉवर तक के सिंचाई पंपों के लिए छह हजार यूनिट और तीन हार्स पावर से पांच हार्स पावर तक पम्पों के लिए सात हजार 500 यूनिट बिजली मुफ्त देने का प्रावधान इस योजना में किया गया हैं। लेकिन कुछ इसको पूरा का पूरा फ्री हैं बोलकर अधिक चलाते रहते हैं जिस कारण से अधिक बिल आ जाने के बाद जब उनके पास वसूली के लिए जाओ तो वह कहते कि योजना के तहत फ्री हैं किस बात का बिल और उनको समझाने में दिक्क तों का सामना करना पड़ता हैं।

### पार्टी दफ्तरों के जल्द काटे जाएंगे कनेक्शन

विद्युत विभाग कोंडागांव के सहायक अभियंता योगेश बांदे ने बताया कि, जन प्रतिनिधियों से भी वसूली करने में दिक्क तों का सामना करना पड़ता हैं। आये दिन स्टॉफ़ द्वारा बताया जाता हैं कि, गांव वालों को एकत्रित कर दवाब बनाने की कोशिश करते हैं, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो कनेक्शन कमर्सियल। राजनीतिक पार्टी कार्यालय को मौखिक बताने के बाद नोटिस भी दिया जाता हैं, अब पार्टी कार्यालयों के बिल नहीं देने के एवज में बिजली काटने का अभियान चलाया जा रहा हैं।

### कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण : शुक्ला

संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कोण्डागांव के कार्यपालन अभियंता एम के शुक्ला ने बताया कार्यालय में उपभोक्ताओं की समस्याओं का किया जा रहा निराकरण सर्किल स्तर पर अधिकारियों की अलग-अलग टीम संबंधित कार्यालय में बना दी गई हैं। इस विशेष टीम द्वारा बकायादारों के लाइन काटने की कार्रवाई की जा रही हैं, वहीं अभियान के तहत कार्यालय में शिविर का आयोजन किए जा रहे हैं। शिविर में जांच व बिजली बिल सुधार का बकाया बिल भुगतान लिए जाने का काम किये जा रहे हैं, जहां उपभोक्ता बिजली बिल संबंधी समस्या लेकर आ सकते हैं।

# कांग्रेसियों ने किया स्थानीय गांधी चौक में एकदिवसीय सत्याग्रह का आयोजन

## कांग्रेसियों की सत्याग्रह में शामिल हुए नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने पर जिला कांग्रेस कमेटी , ब्लॉक कांग्रेस शहर एवम ग्रामीण के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित सत्याग्रह में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया विशेष रुप से उपस्थित रहें । सत्याग्रह को संबोधित करते हुए कांग्रेस जनो ने कहा की केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने , संसदीय परंपरा से सवाल उठाने एवम अडानी पर जांच की मांग करने पर केन्द्र सरकार द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ साजिश कर सदस्यता रद्द की गई है, राजनीति से प्रेरित उक्त कार्यवाही जनभावनाओं एवम् लोकतंत्र मूल्यों के विपरीत है आज कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के आह्वान पर हम जनता के बीच जाकर नरेंद्र मोदी के तानाशाही सरकार का विरोध करते हुए लोकतंत्र की रक्षा हेतु देश एवम प्रदेश की जनता के बीच जाकर सत्याग्रह कर रहे हैं कार्यक्रम को कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, जिला पंचायत सदस्य सुमित्रा धृतलहरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, महामंत्री प्रभाकर मिश्रा, प्रभारी महामंत्री गोपी साहू ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का ब्लाक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री संचालन गणेश शंकर साहू ने किया । कांग्रेस जनों द्वारा भजन गाकर विरोध प्रदर्शन किया गया उपस्थित प्रमुख कांग्रेस जनों में एल्डरमैन हेमचंद केशरवानी, उमेश जैन , एल्डरमैन गंभीर सिंह ठाकुर, लखेश साहू, पार्षद धर्मेंद्र वर्मा,मनोज प्रजापति , निगम मंडल सदस्य निलेश बंजारे, सुशील सबलानी, सेवादल अध्यक्ष संतोष यादव, शाश्वत यादव, रविंद्र नामदेव,सुखदेव साहू, पार्षद डीगेश्वरी नामदेव, प्रेमलता बंजारे, देवक राम जांगड़े, दिगंबर साहू, सलमान शेख, सुंदर साहू, भगवती वर्मा, सौरभ वर्मा थानवार वर्मा,अभिषेक पटेल, सूर्यकान्त वर्मा, गणेशू ध्रुव , राजेश निषाद, टोपलाल वर्मा शामिल रहे।

# संकुल केंद्र चनाट में किया गया माता उन्मुखी कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



संकुल केंद्र चनाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता (कम्युनिटी मोबाइलेजेशन) के अंतर्गत पालक एस. एम.सी. एवं माताओं के उन्मुखीकरण कार्यक्रम संयुक्त रूप से चनाट एवं बिरनडबरी के तत्वाधान मे आयोजित किया हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि हेम कुमारी प्रेमलाल नायक जि.पं. सदस्य महासमुन्द,कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल नारायण चंद्राकर डीएमसी महासमुंद, ए पी सी विद्या साहू महासमुंद, ललित देवता विकासखंड श्रोत समन्वयक विशिष्ट अतिथि हेमकुंवर रमेश पटेल सरपंच ग्राम पंचायत चनाट व प्रदेश उपाध्यक्ष छग सरपंच संघ, डोलचंद नायक सरपंच ग्राम पंचायत ढालम, हेमकुमारी जगेश्वर पटेल ज.पं. सदस्य प्रतिनिधि बसना, अहिल्या शिवनारायण पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दलदली, पदुम लाल पटेल सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तमपुर,आनंद चौहान ग्राम कोटवार केलवार डबरी, किशोर ओगरे प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चनाट रोहित पटेल समन्वयक चनाट, महेश नायक समन्वयक बिरेनडबरी ,नीलाम्बर नायक प्रधानपाठक प्राथमिक शाला चनाट,के अलावा लगभग चार सौ से अधिक अन्य अतिथि गण उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुवात में माँ सरस्वती की छायाचित्र में अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना किया गया।ततपश्चात नीलाम्बर नायक द्वारा सरस्वती वंदना किया गया।तथा कार्यक्रम का सफ्ल संचालन करते हुए शासन के द्वारा चलाए जा रहे हैं महत्वकांक्षी योजनाओं को बताने के लिए संकुल समन्वयक सुरेश नन्द, डीजेन्द्र कुर्रे,एवं सक्रिय शिक्षक वीरेंद्र कर, सालिकराम टंडन शिव साहू, मीना सहारे को भी आमंत्रित किया गया जिसमें उपचारात्मक शिक्षण,विद्यालय प्रबंधन, सुघ्घर पढोइया, बालबाड़ी, बैगलेस डे, पठन कौशल, गणितीय कौशल, नवा जतन, निष्ठा, असर, सरल कार्यक्रम, एफ एल एन कार्यक्रम, अंगना म शिक्षा, खिलौना आधारित शिक्षा, पीयर लर्निंग, एवं अन्य गतिविधि पर चर्चा किया गया। इनके द्वारा महत्वकांक्षी योजनाओं को बताया गया। उक्त कार्यक्रम मे विजय घृतलहरे, राजेश पटेल लोकेश झूलफे, महेंद्र नायक, वृन्दाधर नैरोजी, विजय कश्यप, मनिलाल पटेल, रेशम चौधरी, भेष लाल पटेल सोहन लाल, कुंती पटेल, प्रभा जगत, रामप्यारी सिदार, त्रिलोकेश सेठ आदि बहुत से शिक्षक शिक्षिकाओ का विशेष योगदान रहा। समस्त स्वीपर और रसोईयो का सराहनीय योगदान रहा। बिलखंड गड़गाँव तथा चनाट के बच्चों द्वारा बहुत ही शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिन्हे सभी दर्शकों ने तालियों से स्वागत किया। अंत में बी आर सी सी बसना ललित देवता के द्वारा आभार व्यक्त कर सफल आयोजन हेतु सभी आगन्तुक पालकों,माताओं को बधाई प्रेषित किए।

# गढ़फुलझर : सिख समुदाय के होला मोहल्ला में गूंजी गुरुवाणी, कार्यक्रम में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com



गढ़फुलझर गुरुद्वारा में सिख समुदाय ने 26 मार्च को होला मोहल्ला का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। मौके पर गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि होला मोहल्ला सिखों का एक पवित्र त्यौहार है। होली के बाद मार्च के महीने में इस उत्सव को मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह द्वारा की गई इस शुरूआत के समय से ही एक-दूसरे पर फूल तथा गुलाल लगा कर होली मनाने की परम्परा चली आ रही है। होला शब्द होली की सकारात्मकता का प्रतीक और मोहल्ला का अर्थ उसे प्राप्त करने का पराक्रम है। रागी जत्था ने गुरुवाणी पेश कर वातावरण में भक्ति का संचार किया। मौके पर अवतार सिंह, रिंकू ओबेरॉय, जगपाल सिंह, हरजिंदर सिंह हरजू सहित कई लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

# विपक्ष की आवाज कुचलना चाहती है केन्द्र सरकारः हितेन्द्र

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस बलौदाबाजार के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर कहा कि देश की मौजूदा हालात बेहद चिंताजनक बन चुकी है। दुर्भावना से ग्रसित केन्द्र सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज को षड़यंत्र के तहत दबाया जा रहा है। केन्द्र की निरंकुश सरकार जानबूझकर विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है। देश मे संवैधानिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मनमाने ढंग से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर केन्द्र की सरकार मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है और यह देश के लिए बेहद चिंता का विषय है। देश मे पूर्ण रुप से अघोषित आपातकाल लागू है। आलोचना की आवाज को दबाया जा रहा है, जनता के मूल मुद्दों की बात करने वाले नेताओं को गैरकानूनी तरीके से केन्द्र सरकार प्रताड़ित कर रही है। जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने आगे कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के मामले में केंद्र सरकार के इशारे पर लोकसभा स्पीकर ने जिस तत्परता से अपना फैसला सुनाया वह निःसन्देह सवालों के घेरे में है और इससे स्पष्ट मालूम पड़ता है कि केन्द्र सरकार की मंशा क्या है। राहुल गांधी को संसद में बोलने नही दिया गया। केंद्र सरकार अडानी के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह सब साजिश रच रही है।देश के गरीबों का पैसा लूटने वालो के सामने केंद्रीय जांच एजेंसियां बिल्ली की दुम की तरह दुबक जाती है,लेकिन गरीबों के हक की बात करने पर विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है या ईडी के छापे मारकर डराया जाता है।किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्षी की आवाज को जनता की आवाज का दर्जा दिया गया है, लेकिन वर्तमान की केंद्र सरकार अपनी दमनकारी नीतियों से लोकतांत्रिक मूल्यों को नष्ट करना चाहती है।

## जमुना चन्द्राकर का निधन



**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा निवासी जमुना चन्द्राकर (87 वर्ष) का रात्रि को निधन हो गया हैं वे बलदाऊ कृष्णा राजेन्द्र बल्ला बसंत चन्द्राकर के माता थी। उनकी अंतिम यात्रा 27 मार्च को सुबह निकाली गई।

# छग के औद्योगिक जिला कोरबा में लगा श्रमिक संगवारी चौपाल

## मंडल द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र का किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छग श्रम कल्याण मंडल की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 मार्च शनिवार को छग के कोरबा जिले में श्रमिक संगवारी चौपाल का आयोजन किया गया,जिसमें श्रम कल्याण मंडल के माननीय अध्यक्ष सफी अहमद व ज़िला प्रभारी सदस्य नवीन सिंह तथा मंडल के आयुक्त एस.एल. जांगड़े जी शामिल हुवे। कार्यक्रम के शुरुआत से पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद व उपस्थित सदस्यगण तथा कर्मचारियों ने कोरबा जिले कि आस्था केंद्र माँ सर्व मंगला के दर्शन कर छग के विकास समृद्धि शांति व श्रमिकों के उत्थान की प्रार्थना कर बाल्को सेक्टर 6 के मंगल भवन में आयोजित श्रमिक संगवारी चौपाल में श्रमिकों के बीच पहुँचकर संगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जानकारी दी एवं श्रमिको के विभिन्न अधिकार की जानकारी देते हुवे यह बात भी कही की कोई भी योजना तब ही सफल है जब उसकी पूरी जानकारी हीतग्राही को हो और यह जागरूकता कार्यक्रम इसका एक छोटा प्रयास है । मंच पर आशिन ज़िला प्रभारी व सदस्य नवीन सिंह जी द्वारा कार्यक्रम के संयोजन से उमड़ी श्रमिकों की संख्या देख इस सफ्ल आयोजन के लिए उन्हें बधाई दी। उक्त श्रमिक चर्चा पश्चात श्रम कल्याण मंडल के द्वारा संचालित निः शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया साथ ही श्रमिकों के हीत में जिन संस्थानों द्वारा निरंतर अभिदाय जमा किया जा रहा उन्हें प्रोत्साहन हेतु सम्मान पत्र व चिन्ह माननीय अध्यक्ष व सदस्य व आयुक्त के करकमलों से प्रदान किया गया। सभा समाप्ति के बाद माननीय अध्यक्ष शफी अहमद के साथ मंडल के ज़िला प्रभारी सदस्य नवीन सिंह जी व श्रम कल्याण मंडल के आयुक्त व ज़िला श्रम अधिकारियों ने भी छग के मज़दूरो-किसानो का विशेष पौष्टिक भोजन बोरेबासी को श्रमिकों के साथ ही सेवन किया,मज़दूरों के साथ बोरे बासी का सेवन करना श्रमिक सभा का सबसे चर्चित हिस्सा बन गया था , ज्ञात हो कि 1 मई 2022 मज़दूर दिवस के दिन ही छग सरकार ने छग के मज़दूरों के विशेष भोजन बोरेबासी को पूरे भारत देश में चर्चा का विषय बना दिया था ,जिसे श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद ने श्रमिक सभा के हर आयोजन में वीआईपी भोजन की जगह श्रमिकों के साथ बोरेबासी भोजन को विशेष स्थान प्रदान किया है,जिससे श्रमिकों के इस भोजन के पौष्टिकता का प्रचार हो और हर वर्ग के लोगसहजता से इसे ग्रहण करे। श्रम कल्याण मंडल की नियमो-योजनाओ व श्रमिक समस्याओं के निदान व उनके सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए कोरबा के पत्रकारो व नियोजकों से चर्चा की गई एवं सरकार की गरीब-मज़दूर-किसान व उधोगो के प्रति सरल व सीधी सोच को रखते हुवे श्रमिकों के उत्थान में श्रम कल्याण मंडल द्वारा चलाए जा रहे योजनाओ व आगामी प्रयासों को को ज़मीन तक पहुंचाने के लिए सहयोग प्रदान के लिए आग्रह करते हुवे पत्रकारों व नियोजकों द्वारा प्राप्त ईएसआइसी हॉस्पिटल के बंद से होने वाली समस्या को माननीय मंत्री जी से मिलकर जल्द जल्द शुरू कराने के प्रयास के साथ उधोगो के न्यूनतम वेतन के पालन नहीं होने की शिकायत का कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### त्वरित निराकरण हेतु प्रयास किया गया

श्रमिकों के बीच माइक भेजकर उनकी समस्या जानने व इसके त्वरित निराकरण हेतु प्रयास किया गया जिसमें मौखिक रूप से नयूनतम वेतन का शिकायत प्राप्त हुआ जिसे मंच पर उपस्थिति श्रम अधिकारियो को उपरोक्त हेतु कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देश दिए व श्रमिकों को अन्य किसी भी प्रकार समस्या के लिए लिखित में या मंडल के हेल्प लाइन पर कॉल कर के शिकायत दर्ज करने की बात कही।

## लाइवलीहुड कॉलेज में दिया जाएगा विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक आगामी 10 अप्रैल तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर सुबह 10 से शाम साढ़े पांच बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाइवलीहुड कॉलेज से मिली जानकारी के मुताबिक आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पासपोर्ट साईज फोटो इत्यादि दस्तावेज जमा करने होंगे। गौरतलब है कि बारहवीं पास शैक्षणिक योग्यता के लिए कम्प्यूटरिंग पेरीफेरल (कम्प्यूटर हार्डवेयर) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह रिटेल (सेल्समेन) और असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन (घरेलू वायरिंग) प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास प्रशिक्षक प्रशिक्षण ले सकते हैं।

# कोलता समाज शाखा सभा गिधली के सभापति बनेः संजय भोई

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार समस्त शाखा सभाओं में सभापति एवं अन्य पदों की नियुक्ति हेतु आदेश जारी किया गया था ।

जिससे आंचलिक सभा बसना शाखा सभा गिधली के अंतर्गत बारह ग्रामों मोहका, बरीहापाली, बरबसपुर, बानीपाली,छूईपाली, सेमलिया, बैगनडीह, कसलबा, बरडीह, बड़ेपंधी, गिधली, गौरटेक के 48 सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी प्रवीण साहू, टिकेलाल सामल की उपस्थिति में बरडीह के संजय भोई को कोलता समाज शाखा सभा गिधली के सभापति हेतु विजयी घोषित किया गया। उपसभापति आनंद भोई बड़ेपंधी, सचिव तरुण बारिक मोहका, कोषाध्यक्ष रसिक प्रधान सेमलिया, सह सचिव विनोद भोई बरिहापाली , को सर्वसम्मति से चुना गया। गौरतलब हो कि संजय भोई सरपंच ग्राम पंचायत गिधली, प्रथम सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह,सरपंच संघ जनपद पंचायत बसना के अध्यक्ष रह चुके हैं । कोलता समाज शाखा सभा गिधली में अब तक के सबसे कम उम्र के सभापति चुने गए हैं। नवनिर्वाचित कोलता समाज शाखा सभा गिधली के सभापति संजय भोई द्वारा समाज के विकास के लिए सदैव तत्पर रहने एवं अपने कर्तव्य का पालन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की बात कही गई ।

# महिला सोनी समाज ने शीतला माता मंदिर में किया सुहाग ली पूजा



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला सोनी समाज की महिलाओं द्वारा स्थानीय शीतला माता मंदिर सुहाग ली माता का पूजा कार्यक्रम रखा गया। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आमंत्रित सोनी समाज की 51 महिलाओं ने अपनी मनोकामना की सिद्धि हेतु देवी माता का विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान समाज की महिलाओं द्वारा भजन एवं जस गीत भी गया गाया। इस अवसर पर सोनी समाज की महिलाएं शारदा सोनी, आरती सोनी, रुकमणी सोनी, सरस्वती सोनी, साधना सोनी ,लता सोनी, पूनम सर्राफ ,बबीता सोनी, गीता सोनी ,रेखा सोनी, विद्यांचल सोनी ,स्मिता सोनी, प्रगति सोनी, सुशीला सोनी, अंजू सोनी, मीना सोनी, वर्षा सोनी, नेहा सोनी ,मोना सोनी ,मोनालिसा सोनी, शैली सर्राफ ,सुमन सोनी, मंजू सोनी ,नीतू सोनी ,आस्था सोनी, विजेता सोनी, नेहा सोनी, गोल्डी सोनी अपर्णा सोनी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही ।

# सुनील यादव के निधन से शोक की लहर

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जूझारू व समर्पित सेनानी सुभाष वार्ड भाटापारा निवासी सुनील यादव का बलौदाबाजार के चंदा देवी अस्पताल मे देहांत हो गया । 25 मार्च शनिवार शाम 7 बजे भाटापारा के समीप ग्राम खोखली मे बूढ़ादेव यात्रा के साथ सुनील यादव शामिल थे। पुरे प्रदेश मे सर्व आदिवासी समाज व छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना का बूढ़ादेव यात्रा कांसादान हेतु 25 फरवरी से चल रहा है । भाटापारा ब्लाक मे इसी कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग 40 ग्रामो मे यात्रा संम्पन हो चुका है, और अभी 8 अप्रैल 2023 को यात्रा का समापन होगा। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के ब्लाक पदाधिकारी बूढ़ादेव रथ के साथ 12-15 लोगों की टीम गांव-गांव जाकर कांसादान का संग्रहण कर रहे है । इसी के तहत 25 मार्च शाम 06.30 बजे ग्राम खोखली मे गौरी-गौरा चौक मे यात्रा का स्वागत और कांसादान किया जा रहा था, ग्रामीण जन नीचे जमीन पर बैठे थे ,उन्ही के बीच बैठे सुनील यादव, परस वर्मा, चेतन यदु व अन्य सेनानी के साथ खोखली गांव के आदिवासी समाज के लोग बैठ कर चर्चा कर रहे थे, तभी अचानक 07 बजे पीछे का मिट्टी का दिवाल गिर गया,जिसमे बैठे लोग दब गये। अचानक हुये घटना से अफरा तफरी के बीच मिट्टी के बड़े-बड़े खंडन को हटाकर सभी को बाहर निकाला गया ,और घायल को तुरन्त स्थानीय लोगे के सहयोग से आस्था नर्सिंग होम भाटापारा पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल सुनील यादव को बलौदाबाजार व परस वर्मा को रायपुर ले जाया गया ।सुनील यादव के कमर, पेट व छाती दबने से गंभीर अंदरूनी चोट व अंदर खून की नस फटने से अधिक खून बह रहा था, रात अस्पताल मे लगातार खून चढाये जाने के बाद भी रक्तस्राव बंद न होने के कारण रविवार सुबह 8.30 बजे निधन हो गया । पोस्ट मार्टम पश्चात दोपहर 3 बजे भाटापारा के रावणभाठा मुक्तिधाम मे अंतिम संस्कार किया गया , जिसमे भाटापारा यादव समाज, परिजन ,शहरवासी के साथ छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के सभी प्रदेश पदाधिकारी ,रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बलौदाबाजार, बिलासपुर, बेमेतरा जिला के पदाधिकारी व सेनानी शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किये। अचानक, अप्रत्याशित हुये इस दुर्घटना से शहर मे शोक व्याप्त हो गया । जिले मे चल रहे यात्रा को कल स्थगित कर दिया गया । सुनील यादव पिछ्ले 4-5 वर्षो से संगठन मे जुडकर लगातार सक्रियता से अपने मेहनत के कारण काफी लोकप्रिय था और संगठन के हर कार्यक्रम मे आगे बढ कर अपनी जिम्मेदारी निभाते रहा । छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ,संयोजक गिरधर साहू ,उपाध्यक्ष डॉ. अजय यादव ,यशवंत वर्मा ,महामंत्री भूषण साहू , चन्द्रकांत यदु के साथ सभी पदाधिकरी जिला व ब्लाक पदाधिकारी ने शोक व्यक्त कर परिवार के इस दुख मे शामिल होकर आगे भी साथ रहने का भरोसा दिलाया ।

# भाजपा ग्रामीण मंडल ने ग्राम पंचायत सरोरा में सुनी पीएम मोदी की मन की बात



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा ग्रामीण मंडल तिल्दा-नेवरा के ग्राम पंचायत सरोरा में दिनांक 26-03-2023 को भाजपा रायपुर जिला प्रभारी प्रहलाद रजक, दिलीप सिंह ठाकुर, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री द्वय केयूर भूषण शर्मा, टेकराम यादव, ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच व बुथ विस्तारक बिहारी लाल वर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरीश साहू, भाजपा पिछड़ा मोर्चा महामंत्री डांकेश वर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यालय प्रभारी कुशालिक राम साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल कोषाध्यक्ष विश्वनाथ चौहान , शिवकुमार वर्मा, रामजी वर्मा,राजु साहू, ओंकार वर्मा, विष्णु महिलाने, हरनारायण वर्मा ,महेश साहू, शंभू साहू,हरिश साहू, राकेश ठाकुर,झड़ी राम साहू आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीद करना किसानों के लिए राहत भरी

## भाजपा शासन काल के दो साल का बोनस भी दिया जाना चाहिए, एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए राज्य में प्रावधान हो

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल की दर से धान खरीदने की घोषणा किया है जिसे छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ ने किसानों के लिए राहत भरी कदम बताया है और इसका स्वागत किया है। छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संचालक मंडल सदस्यों तेजराम विद्रोही, जनकलाल ठाकुर, जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर, रूपन लाल चन्द्राकर, पारसनाथ साहू, गौतम बंद्योपाध्याय, उमाप्रकाश ओझा, पवन सक्सेना, गजेंद्र कोसले, मदन लाल साहू, वेगेंद्र सोनबेर, रघुनंदन साहू, चंद्रकांती सागर, गोविंद चन्द्राकर, डॉ ईश्वरदान आसिया आदि ने कहा कि राज्य के किसान छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में संघर्ष करते हुए मांग किया था कि किसानों से अनावरी के हिसाब से प्रति एकड़ 22 से 25 क्विंटल धान खरीदी को बरकरार रखे जो साल 2015 से पहले लागू था लेकिन 2015 में तत्कालीन भाजपा की सरकार ने इसे कम कर 10 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदने का फैसला कर लिया था जिसके विरुध्द छत्तीसगढ़ के किसान आक्रामक रूप से लामबंद हुए जिसके चलते भाजपा सरकार को प्रति एकड़ 14 क्विंटल 80 किलो खरीदना पड़ा जिसे कांग्रेस पार्टी ने अपनी सरकार बनने पर 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदने की बात कही थी जिसे 23 मार्च को घोषणा कर चुनावी वर्ष में पूरा किया है। किसान न्याय योजना की राशि जिसे किसान बोनस की राशि मानते है उसकी चौथी क़िस्त 25 मार्च को जारी की है जो विपणन वर्ष 2022-23 की है। किसान नेताओ ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने वायदे अनुसार भाजपा शासन काल के दो साल का बकाया बोनस भी किसानों को जारी करना चाहिए, सभी किसानों को सभी फसलों के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके इसकी कानूनी गारण्टी के लिए राज्य सरकार को प्रावधान बनाना चाहिए और यह अपेक्षा कांग्रेस सरकार से राज्य के किसान रखे हुए हैं।

# पुलिस ने की वाहन चालकों पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

26.मार्च को यातायात पुलिस बलौदाबाजार के द्वारा वाहन चालको के उपर कार्यवाही किया गया। तीन सवारी वाहन चालकों पर कार्यवाही कर वसूला गया 9900 रुपए का जुर्माना, बिना हेलमेट चालको पर कार्यवाही कर वसूला गया 3000 जुर्माना, बिना सीट बेल्ट कार चालकों से वसूला गया 3500 रुपए का जुर्माना, मौके पर कागजात पेश न करने वाले चालकों पर कार्यवाही वसूला गया 2400 जुर्माना, दुपहिया मे तीन सवारी बिठाना 33 प्रकरण 9900 समन शुल्क, बिना हेलमेट वाहन चलाना 06 प्रकरण 3000 समन शुल्क, बिना सीट बेल्ट वहां चलाना 07 प्रकरण 3500 समन शुल्क, बिना नंबर वाहन चलाना 01 प्रकरण 300 समन शुल्क, नो पार्किंग में वाहन चलाना 04 प्रकरण 1200 समन शुल्क, मौके पर कागजात पेश न करना 8 प्रकरण 2400 समन शुल्क, सिगनल जंप करना 1 प्रकरण 300 समन शुल्क, यातायात पुलिस द्वारा कुल 60 प्रकरण मे 20600 समन शुल्क लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा दीपक झा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के निर्देशन में 26 मार्च को यातायात प्रभारी नरेश कांगे एवं स्टाफ द्वारा, उपरोक्त दर्शित मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत यातायात नियमो का उल्लघंन करने वाले चालको पर सख्ती से कार्यवाही कर वसूला गया जुर्माना। आगामी दिनाक को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के सख्त कार्यवाही निर्देश पर विशेष रूप से माल वाहन यानो पर सवारी ढोने वाले चालको, एवं तीन सवारी तेजगति खतरनांक ढग से वाहन चलाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको पर मोटर व्हीकल की अलग अलग धाराओ के तहत सख्ती से चलानी कार्यवाही किया जायेगा।

# कांग्रेसियों ने किया स्थानीय गांधी चौक में एकदिवसीय सत्याग्रह का आयोजन

## कांग्रेसियों की सत्याग्रह में शामिल हुए नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने पर जिला कांग्रेस कमेटी , ब्लॉक कांग्रेस शहर एवम ग्रामीण के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित सत्याग्रह में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया विशेष रुप से उपस्थित रहें । सत्याग्रह को संबोधित करते हुए कांग्रेस जनो ने कहा की केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने , संसदीय परंपरा से सवाल उठाने एवम अडानी पर जांच की मांग करने पर केन्द्र सरकार द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ साजिश कर सदस्यता रद्द की गई है, राजनीति से प्रेरित उक्त कार्यवाही जनभावनाओं एवम् लोकतंत्र मूल्यों के विपरीत है आज कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के आह्वान पर हम जनता के बीच जाकर नरेंद्र मोदी के तानाशाही सरकार का विरोध करते हुए लोकतंत्र की रक्षा हेतु देश एवम प्रदेश की जनता के बीच जाकर सत्याग्रह कर रहे हैं कार्यक्रम को कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, जिला पंचायत सदस्य सुमित्रा धृतलहरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, महामंत्री प्रभाकर मिश्रा, प्रभारी महामंत्री गोपी साहू ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का ब्लाक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री संचालन गणेश शंकर साहू ने किया । कांग्रेस जनों द्वारा भजन गाकर विरोध प्रदर्शन किया गया उपस्थित प्रमुख कांग्रेस जनों में एल्डरमैन हेमचंद केशरवानी, उमेश जैन , एल्डरमैन गंभीर सिंह ठाकुर, लखेश साहू, पार्षद धर्मेंद्र वर्मा,मनोज प्रजापति , निगम मंडल सदस्य निलेश बंजारे, सुशील सबलानी, सेवादल अध्यक्ष संतोष यादव, शाश्वत यादव, रविंद्र नामदेव,सुखदेव साहू, पार्षद डीगेश्वरी नामदेव, प्रेमलता बंजारे, देवक राम जांगड़े, दिगंबर साहू, सलमान शेख, सुंदर साहू, भगवती वर्मा, सौरभ वर्मा थानवार वर्मा,अभिषेक पटेल, सूर्यकान्त वर्मा, गणेशू ध्रुव , राजेश निषाद, टोपलाल वर्मा शामिल रहे।

# संकुल केंद्र चनाट में किया गया माता उन्मुखी कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



संकुल केंद्र चनाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता (कम्युनिटी मोबाइलेजेशन) के अंतर्गत पालक एस. एम.सी. एवं माताओं के उन्मुखीकरण कार्यक्रम संयुक्त रूप से चनाट एवं बिरनडबरी के तत्वाधान मे आयोजित किया हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि हेम कुमारी प्रेमलाल नायक जि.पं. सदस्य महासमुन्द,कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल नारायण चंद्राकर डीएमसी महासमुंद, ए पी सी विद्या साहू महासमुंद, ललित देवता विकासखंड श्रोत समन्वयक विशिष्ट अतिथि हेमकुंवर रमेश पटेल सरपंच ग्राम पंचायत चनाट व प्रदेश उपाध्यक्ष छग सरपंच संघ, डोलचंद नायक सरपंच ग्राम पंचायत ढालम, हेमकुमारी जगेश्वर पटेल ज.पं. सदस्य प्रतिनिधि बसना, अहिल्या शिवनारायण पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दलदली, पदुम लाल पटेल सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तमपुर,आनंद चौहान ग्राम कोटवार केलवार डबरी, किशोर ओगरे प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चनाट रोहित पटेल समन्वयक चनाट, महेश नायक समन्वयक बिरेनडबरी ,नीलाम्बर नायक प्रधानपाठक प्राथमिक शाला चनाट,के अलावा लगभग चार सौ से अधिक अन्य अतिथि गण उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुवात में माँ सरस्वती की छायाचित्र में अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना किया गया।ततपश्चात नीलाम्बर नायक द्वारा सरस्वती वंदना किया गया।तथा कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए शासन के द्वारा चलाए जा रहे हैं महत्वकांक्षी योजनाओं को बताने के लिए संकुल समन्वयक सुरेश नन्द, डीजेन्द्र कुर्रे,एवं सक्रिय शिक्षक वीरेंद्र कर, सालिकराम टंडन शिव साहू, मीना सहारे को भी आमंत्रित किया गया जिसमें उपचारात्मक शिक्षण,विद्यालय प्रबंधन, सुघ्घर पढोइया, बालबाड़ी, बैगलेस डे, पठन कौशल, गणितीय कौशल, नवा जतन, निष्ठा, असर, सरल कार्यक्रम, एफ एल एन कार्यक्रम, अंगना म शिक्षा, खिलौना आधारित शिक्षा, पीयर लर्निंग, एवं अन्य गतिविधि पर चर्चा किया गया। इनके द्वारा महत्वकांक्षी योजनाओं को बताया गया। उक्त कार्यक्रम मे विजय घृतलहरे, राजेश पटेल लोकेश झूलफे, महेंद्र नायक, वृन्दाधर नैरोजी, विजय कश्यप, मनिलाल पटेल, रेशम चौधरी, भेष लाल पटेल सोहन लाल, कुंती पटेल, प्रभा जगत, रामप्यारी सिदार, त्रिलोकेश सेठ आदि बहुत से शिक्षक शिक्षिकाओ का विशेष योगदान रहा। समस्त स्वीपर और रसोईयो का सराहनीय योगदान रहा। बिलखंड गड़गाँव तथा चनाट के बच्चों द्वारा बहुत ही शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिन्हे सभी दर्शकों ने तालियों से स्वागत किया। अंत में बी आर सी सी बसना ललित देवता के द्वारा आभार व्यक्त कर सफल आयोजन हेतु सभी आगन्तुक पालकों,माताओं को बधाई प्रेषित किए।

# सिख समुदाय के होला मोहल्ला में गूंजी गुरुवाणी कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ∢ बसना
www.dailypioneer.com




गढ़फुलझर गुरुद्वारा में सिख समुदाय ने 26 मार्च को होला मोहल्ला का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। मौके पर गुरुद्वारा परिसर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि होला मोहल्ला सिखों का एक पवित्र त्यौहार है। होली के बाद मार्च के महीने में इस उत्सव को मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह द्वारा की गई इस शुरूआत के समय से ही एक-दूसरे पर फूल तथा गुलाल लगा कर होली मनाने की परम्परा चली आ रही है। होला शब्द होली की सकारात्मकता का प्रतीक और मोहल्ला का अर्थ उसे प्राप्त करने का पराक्रम है। रागी जत्था ने गुरुवाणी पेश कर वातावरण में भक्ति का संचार किया। मौके पर अवतार सिंह, रिंकू ओबेरॉय, जगपाल सिंह, हरजिंदर सिंह हरजू सहित कई लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

# विपक्ष की आवाज कुचलना चाहती है केन्द्र सरकार: हितेन्द्र

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस बलौदाबाजार के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर कहा कि देश की मौजूदा हालात बेहद चिंताजनक बन चुकी है। दुर्भावना से ग्रसित केन्द्र सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज को षड़यंत्र के तहत दबाया जा रहा है। केन्द्र की निरंकुश सरकार जानबूझकर विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है। देश मे संवैधानिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मनमाने ढंग से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर केन्द्र की सरकार मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है और यह देश के लिए बेहद चिंता का विषय है। देश मे पूर्ण रुप से अघोषित आपातकाल लागू है। आलोचना की आवाज को दबाया जा रहा है, जनता के मूल मुद्दों की बात करने वाले नेताओं को गैरकानूनी तरीके से केन्द्र सरकार प्रताड़ित कर रही है। जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने आगे कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के मामले में केंद्र सरकार के इशारे पर लोकसभा स्पीकर ने जिस तत्परता से अपना फैसला सुनाया वह निःसन्देह सवालों के घेरे में है और इससे स्पष्ट मालूम पड़ता है कि केन्द्र सरकार की मंशा क्या है। राहुल गांधी को संसद में बोलने नही दिया गया। केंद्र सरकार अडानी के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह सब साजिश रच रही है।देश के गरीबों का पैसा लूटने वालो के सामने केंद्रीय जांच एजेंसियां बिल्ली की दुम की तरह दुबक जाती है,लेकिन गरीबों के हक की बात करने पर विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है या ईडी के छापे मारकर डराया जाता है।किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्षी की आवाज को जनता की आवाज का दर्जा दिया गया है, लेकिन वर्तमान की केंद्र सरकार अपनी दमनकारी नीतियों से लोकतांत्रिक मूल्यों को नष्ट करना चाहती है।

## जमुना चन्द्राकर का निधन



**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा निवासी जमुना चन्द्राकर (87 वर्ष) का रात्रि को निधन हो गया हैं वे बलदाऊ कृष्णा राजेन्द्र बल्ला बसंत चन्द्राकर के माता थी। उनकी अंतिम यात्रा 27 मार्च को सुबह निकाली गई।

# छग के औद्योगिक जिला कोरबा में लगा श्रमिक संगवारी चौपाल

## मंडल द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र का किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




छग श्रम कल्याण मंडल की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 मार्च शनिवार को छग के कोरबा जिले में श्रमिक संगवारी चौपाल का आयोजन किया गया,जिसमें श्रम कल्याण मंडल के माननीय अध्यक्ष सफी अहमद व ज़िला प्रभारी सदस्य नवीन सिंह तथा मंडल के आयुक्त एस.एल. जांगड़े जी शामिल हुवे। कार्यक्रम के शुरुआत से पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद व उपस्थित सदस्यगण तथा कर्मचारियों ने कोरबा जिले कि आस्था केंद्र माँ सर्व मंगला के दर्शन कर छग के विकास समृद्धि शांति व श्रमिकों के उत्थान की प्रार्थना कर बाल्को सेक्टर 6 के मंगल भवन में आयोजित श्रमिक संगवारी चौपाल में श्रमिकों के बीच पहुँचकर संगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जानकारी दी एवं श्रमिको के विभिन्न अधिकार की जानकारी देते हुवे यह बात भी कही की कोई भी योजना तब ही सफल है जब उसकी पूरी जानकारी हीतग्राही को हो और यह जागरूकता कार्यक्रम इसका एक छोटा प्रयास है । मंच पर आशिन ज़िला प्रभारी व सदस्य नवीन सिंह जी द्वारा कार्यक्रम के संयोजन से उमड़ी श्रमिकों की संख्या देख इस सफल आयोजन के लिए उन्हें बधाई दी। उक्त श्रमिक चर्चा पश्चात श्रम कल्याण मंडल के द्वारा संचालित निः शुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया साथ ही श्रमिकों के हीत में जिन संस्थानों द्वारा निरंतर अभिदाय जमा किया जा रहा उन्हें प्रोत्साहन हेतु सम्मान पत्र व चिन्ह माननीय अध्यक्ष व सदस्य व आयुक्त के करकमलों से प्रदान किया गया। सभा समाप्ति के बाद माननीय अध्यक्ष शफी अहमद के साथ मंडल के ज़िला प्रभारी सदस्य नवीन सिंह जी व श्रम कल्याण मंडल के आयुक्त व ज़िला श्रम अधिकारियों ने भी छग के मज़दूरो-किसानो का विशेष पौष्टिक भोजन बोरेबासी को श्रमिकों के साथ ही सेवन किया,मज़दूरों के साथ बोरे बासी का सेवन करना श्रमिक सभा का सबसे चर्चित हिस्सा बन गया था , ज्ञात हो कि 1 मई 2022 मज़दूर दिवस के दिन ही छग सरकार ने छग के मज़दूरों के विशेष भोजन बोरेबासी को पूरे भारत देश में चर्चा का विषय बना दिया था ,जिसे श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद ने श्रमिक सभा के हर आयोजन में वीआईपी भोजन की जगह श्रमिकों के साथ बोरेबासी भोजन को विशेष स्थान प्रदान किया है,जिससे श्रमिकों के इस भोजन के पौष्टिकता का प्रचार हो और हर वर्ग के लोगसहजता से इसे ग्रहण करे। श्रम कल्याण मंडल की नियमो-योजनाओ व श्रमिक समस्याओं के निदान व उनके सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए कोरबा के पत्रकारो व नियोजकों से चर्चा की गई एवं सरकार की गरीब-मज़दूर-किसान व उधोगो के प्रति सरल व सीधी सोच को रखते हुवे श्रमिकों के उत्थान में श्रम कल्याण मंडल द्वारा चलाए जा रहे योजनाओ व आगामी प्रयासों को को ज़मीन तक पहुंचाने के लिए सहयोग प्रदान के लिए आग्रह करते हुवे पत्रकारों व नियोजकों द्वारा प्राप्त ईएसआइसी हॉस्पिटल के बंद से होने वाली समस्या को माननीय मंत्री जी से मिलकर जल्द जल्द शुरू कराने के प्रयास के साथ उधोगो के न्यूनतम वेतन के पालन नहीं होने की शिकायत का कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### त्वरित निराकरण हेतु प्रयास किया गया

श्रमिकों के बीच माइक भेजकर उनकी समस्या जानने व इसके त्वरित निराकरण हेतु प्रयास किया गया जिसमें मौखिक रूप से नयूनतम वेतन का शिकायत प्राप्त हुआ जिसे मंच पर उपस्थिति श्रम अधिकारियो को उपरोक्त हेतु कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देश दिए व श्रमिकों को अन्य किसी भी प्रकार समस्या के लिए लिखित में या मंडल के हेल्प लाइन पर कॉल कर के शिकायत दर्ज करने की बात कही।

### लाइवलीहुड कॉलेज में दिया जाएगा विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत विभिन्न कोर्सों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक आगामी 10 अप्रैल तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर सुबह 10 से शाम साढ़े पांच बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाइवलीहुड कॉलेज से मिली जानकारी के मुताबिक आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पासपोर्ट साईज फोटो इत्यादि दस्तावेज जमा करने होंगे। गौरतलब है कि बारहवीं पास शैक्षणिक योग्यता के लिए कम्प्यूटरिंग पेरीफेरल (कम्प्यूटर हार्डवेयर) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह रिटेल (सेल्समेन) और असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन (घरेलू वायरिंग) प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास प्रशिक्षक प्रशिक्षण ले सकते हैं।

# कोलता समाज शाखा सभा गिधली के सभापति बनेः संजय भोई

पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार समस्त शाखा सभाओं में सभापति एवं अन्य पदों की नियुक्ति हेतु आदेश जारी किया गया था ।

जिससे आंचलिक सभा बसना शाखा सभा गिधली के अंतर्गत बारह ग्रामों मोहका, बरीहापाली, बरबसपुर, बानीपाली,छूईपाली, सेमलिया, बैगनडीह, कसलबा, बरडीह, बड़ेपंधी, गिधली, गौरटेक के 48 सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी प्रवीण साहू, टिकेलाल सामल की उपस्थिति में बरडीह के संजय भोई को कोलता समाज शाखा सभा गिधली के सभापति हेतु विजयी घोषित किया गया। उपसभापति आनंद भोई बड़ेपंधी, सचिव तरुण बारिक मोहका, कोषाध्यक्ष रसिक प्रधान सेमलिया, सह सचिव विनोद भोई बरिहापाली , को सर्वसम्मति से चुना गया। गौरतलब हो कि संजय भोई सरपंच ग्राम पंचायत गिधली, प्रथम सरपंच ग्राम पंचायत बरडीह,सरपंच संघ जनपद पंचायत बसना के अध्यक्ष रह चुके हैं । कोलता समाज शाखा सभा गिधली में अब तक के सबसे कम उम्र के सभापति चुने गए हैं। नवनिर्वाचित कोलता समाज शाखा सभा गिधली के सभापति संजय भोई द्वारा समाज के विकास के लिए सदैव तत्पर रहने एवं अपने कर्तव्य का पालन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की बात कही गई ।

# महिला सोनी समाज ने शीतला माता मंदिर में किया सुहाग ली पूजा



पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला सोनी समाज की महिलाओं द्वारा स्थानीय शीतला माता मंदिर सुहाग ली माता का पूजा कार्यक्रम रखा गया। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आमंत्रित सोनी समाज की 51 महिलाओं ने अपनी मनोकामना की सिद्धि हेतु देवी माता का विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान समाज की महिलाओं द्वारा भजन एवं जस गीत भी गया गाया। इस अवसर पर सोनी समाज की महिलाएं शारदा सोनी, आरती सोनी, रुकमणी सोनी, सरस्वती सोनी, साधना सोनी ,लता सोनी, पूनम सर्राफ ,बबीता सोनी, गीता सोनी ,रेखा सोनी, विद्यांचल सोनी ,स्मिता सोनी, प्रगति सोनी, सुशीला सोनी, अंजू सोनी, मीना सोनी, वर्षा सोनी, नेहा सोनी ,मोना सोनी ,मोनालिसा सोनी, शैली सर्राफ ,सुमन सोनी, मंजू सोनी ,नीतू सोनी ,आस्था सोनी, विजेता सोनी, नेहा सोनी, गोल्डी सोनी अपर्णा सोनी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही ।

# सुनील यादव के निधन से शोक की लहर

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जूझारू व समर्पित सेनानी सुभाष वार्ड भाटापारा निवासी सुनील यादव का बलौदाबाजार के चंदा देवी अस्पताल मे देहांत हो गया । 25 मार्च शनिवार शाम 7 बजे भाटापारा के समीप ग्राम खोखली मे बूढ़ादेव यात्रा के साथ सुनील यादव शामिल थे। पुरे प्रदेश मे सर्व आदिवासी समाज व छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना का बूढ़ादेव यात्रा कांसादान हेतु 25 फरवरी से चल रहा है । भाटापारा ब्लाक मे इसी कार्यक्रम के तहत अब तक लगभग 40 ग्रामो मे यात्रा सम्पन हो चुका है, और अभी 8 अप्रैल 2023 को यात्रा का समापन होगा। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के ब्लाक पदाधिकारी बूढ़ादेव रथ के साथ 12-15 लोगों की टीम गांव-गांव जाकर कांसादान का संग्रहण कर रहे है । इसी के तहत 25 मार्च शाम 06.30 बजे ग्राम खोखली मे गौरी-गौरा चौक मे यात्रा का स्वागत और कांसादान किया जा रहा था, ग्रामीण जन नीचे जमीन पर बैठे थे ,उन्ही के बीच बैठे सुनील यादव, परस वर्मा, चेतन यदु व अन्य सेनानी के साथ खोखली गांव के आदिवासी समाज के लोग बैठ कर चर्चा कर रहे थे, तभी अचानक 07 बजे पीछे का मिट्टी का दिवाल गिर गया,जिसमे बैठे लोग दब गये। अचानक हुये घटना से अफरा तफरी के बीच मिट्टी के बड़े-बड़े खंडन को हटाकर सभी को बाहर निकाला गया ,और घायल को तुरन्त स्थानीय लोगे के सहयोग से आस्था नर्सिंग होम भाटापारा पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल सुनील यादव को बलौदाबाजार व परस वर्मा को रायपुर ले जाया गया ।सुनील यादव के कमर, पेट व छाती दबने से गंभीर अंदरूनी चोट व अंदर खून की नस फटने से अधिक खून बह रहा था, रात अस्पताल मे लगातार खून चढाये जाने के बाद भी रक्तस्राव बंद न होने के कारण रविवार सुबह 8.30 बजे निधन हो गया । पोस्ट मार्टम पश्चात दोपहर 3 बजे भाटापारा के रावणभाठा मुक्तिधाम मे अंतिम संस्कार किया गया , जिसमे भाटापारा यादव समाज, परिजन ,शहरवासी के साथ छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के सभी प्रदेश पदाधिकारी ,रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बलौदाबाजार, बिलासपुर, बेमेतरा जिला के पदाधिकारी व सेनानी शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किये। अचानक, अप्रत्याशित हुये इस दुर्घटना से शहर मे शोक व्याप्त हो गया । जिले मे चल रहे यात्रा को कल स्थगित कर दिया गया । सुनील यादव पिछले 4-5 वर्षो से संगठन मे जुडकर लगातार सक्रियता से अपने मेहनत के कारण काफी लोकप्रिय था और संगठन के हर कार्यक्रम मे आगे बढ कर अपनी जिम्मेदारी निभाते रहा । छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल ,संयोजक गिरधर साहू ,उपाध्यक्ष डॉ. अजय यादव ,यशवंत वर्मा ,महामंत्री भूषण साहू , चन्द्रकांत यदु के साथ सभी पदाधिकरी जिला व ब्लाक पदाधिकारी ने शोक व्यक्त कर परिवार के इस दुख मे शामिल होकर आगे भी साथ रहने का भरोसा दिलाया ।

# भाजपा ग्रामीण मंडल ने ग्राम पंचायत सरोरा में सुनी पीएम मोदी की मन की बात



पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा ग्रामीण मंडल तिल्दा-नेवरा के ग्राम पंचायत सरोरा में दिनांक 26-03-2023 को भाजपा रायपुर जिला प्रभारी प्रहलाद रजक, दिलीप सिंह ठाकुर, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागबली साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री द्वय केयूर भूषण शर्मा, टेकराम यादव, ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच व बुथ विस्तारक बिहारी लाल वर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरीश साहू, भाजपा पिछड़ा मोर्चा महामंत्री डांकेश वर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यालय प्रभारी कुशालिक राम साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल कोषाध्यक्ष विश्वनाथ चौहान , शिवकुमार वर्मा, रामजी वर्मा,राजु साहू, ओंकार वर्मा, विष्णु महिलाने, हरनारायण वर्मा ,महेश साहू, शंभू साहू,हरिश साहू, राकेश ठाकुर,झड़ी राम साहू आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीद करना किसानों के लिए राहत भरी

## भाजपा शासन काल के दो साल का बोनस भी दिया जाना चाहिए, एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए राज्य में प्रावधान हो

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल की दर से धान खरीदने की घोषणा किया है जिसे छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ ने किसानों के लिए राहत भरी कदम बताया है और इसका स्वागत किया है। छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संचालक मंडल सदस्यों तेजराम विद्रोही, जनकलाल ठाकुर, जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर, रूपन लाल चन्द्राकर, पारसनाथ साहू, गौतम बंद्योपाध्याय, उमाप्रकाश ओझा, पवन सक्सेना, गजेंद्र कोसले, मदन लाल साहू, वेगेंद्र सोनबेर, रघुनंदन साहू, चंद्रकांती सागर, गोविंद चन्द्राकर, डॉ ईश्वरदान आसिया आदि ने कहा कि राज्य के किसान छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में संघर्ष करते हुए मांग किया था कि किसानों से अनावरी के हिसाब से प्रति एकड़ 22 से 25 क्विंटल धान खरीदी को बरकरार रखे जो साल 2015 से पहले लागू था लेकिन 2015 में तत्कालीन भाजपा की सरकार ने इसे कम कर 10 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदने का फैसला कर लिया था जिसके विरुध्द छत्तीसगढ़ के किसान आक्रामक रूप से लामबंद हुए जिसके चलते भाजपा सरकार को प्रति एकड़ 14 क्विंटल 80 किलो खरीदना पड़ा जिसे कांग्रेस पार्टी ने अपनी सरकार बनने पर 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदने की बात कही थी जिसे 23 मार्च को घोषणा कर चुनावी वर्ष में पूरा किया है। किसान न्याय योजना की राशि जिसे किसान बोनस की राशि मानते है उसकी चौथी क़िस्त 25 मार्च को जारी की है जो विपणन वर्ष 2022-23 की है। किसान नेताओ ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने वायदे अनुसार भाजपा शासन काल के दो साल का बकाया बोनस भी किसानों को जारी करना चाहिए, सभी किसानों को सभी फसलों के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके इसकी कानूनी गारण्टी के लिए राज्य सरकार को प्रावधान बनाना चाहिए और यह अपेक्षा कांग्रेस सरकार से राज्य के किसान रखे हुए हैं।

# पुलिस ने की वाहन चालकों पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

26.मार्च को यातायात पुलिस बलौदाबाजार के द्वारा वाहन चालको के उपर कार्यवाही किया गया। तीन सवारी वाहन चालकों पर कार्यवाही कर वसूला गया 9900 रुपए का जुर्माना, बिना हेलमेट चालको पर कार्यवाही कर वसूला गया 3000 जुर्माना, बिना सीट बेल्ट कार चालकों से वसूला गया 3500 रुपए का जुर्माना, मौके पर कागजात पेश न करने वाले चालकों पर कार्यवाही वसूला गया 2400 जुर्माना, दुपहिया मे तीन सवारी बिठाना 33 प्रकरण 9900 समन शुल्क, बिना हेलमेट वाहन चलाना 06 प्रकरण 3000 समन शुल्क, बिना सीट बेल्ट वहां चलाना 07 प्रकरण 3500 समन शुल्क, बिना नंबर वाहन चलाना 01 प्रकरण 300 समन शुल्क, नो पार्किंग में वाहन चलाना 04 प्रकरण 1200 समन शुल्क, मौके पर कागजात पेश न करना 8 प्रकरण 2400 समन शुल्क, सिगनल जंप करना 1 प्रकरण 300 समन शुल्क, यातायात पुलिस द्वारा कुल 60 प्रकरण मे 20600 समन शुल्क लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा दीपक झा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के निर्देशन में 26 मार्च को यातायात प्रभारी नरेश कांगे एवं स्टाफ द्वारा, उपरोक्त दर्शित मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत यातायात नियमो का उल्लघंन करने वाले चालको पर सख्ती से कार्यवाही कर वसूला गया जुर्माना। आगामी दिनाक को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के सख्त कार्यवाही निर्देश पर विशेष रूप से माल वाहन यानो पर सवारी ढोने वाले चालको, एवं तीन सवारी तेजगति खतरनांक ढग से वाहन चलाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको पर मोटर व्हीकल की अलग अलग धाराओ के तहत सख्ती से चलानी कार्यवाही किया जायेगा।

# महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विभिन्न स्थानों में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

## सिविक सेंटर का अर्जुन रथ परिसर भव्य स्वरूप में आएगा नजर

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं इसके तहत सिविक सेंटर का अर्जुन रथ परिसर अतिशीघ्र भव्य स्वरूप में नजर आने वाला है, इसका कार्य लगभग अंतिम चरण पर है। आज महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विकास कार्यों को लेकर विभिन्न स्थानों का जायजा लिया और अधिकारियों को मौके पर आवश्यक निर्देश दिए तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने कहा। अर्जुन रथ परिसर में नाली निर्माण, सुरक्षा घेरा के लिए बाउंड्री वॉल, अर्जुन रथ का विकास एवं सौंदर्यीकरण, परिसर के भीतर चलने के लिए पाथवे का निर्माण एवं आकर्षक गार्डनिंग, भव्य प्रवेश द्वार के साथ ही बेहतर प्रकाश व्यवस्था होगी। विधायक देवेंद्र यादव ने भी इसके सौंदर्यीकरण को लेकर कई दफा निरीक्षण किया है। अब यह कार्य फाइनल स्टेज में है और यहां पर आने वाले लोगो को यह आकर्षित करेगा। सुपेला चौक के समीप सात अजूबे के स्थल का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, इसमें भी आकर्षक प्रकाश व्यवस्था तथा लैंडस्कैपिंग सहित अनेकों कार्य किए जाएंगे। जिसके चलते यह स्थल आकर्षक प्रतीत होगा। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस पर कार्य किया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल राम चौक के पास निर्मित हो चुका है, कुछ ही कार्य यहां पर शेष रह गए हैं, दो मंजिला भवन के साथ यह स्कूल तैयार हो चुका है। लाइब्रेरी, विभिन्न प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष, स्टॉफ रूम सहित बच्चो के अध्ययन के लिए 11 क्लासरूम यहां पर निर्मित हो चुके हैं। इसके चलते बच्चों को अच्छे माहौल में अध्ययन करने का मौका मिल पाएगा। वैशाली नगर जोन क्षेत्र में वेंडिंग जोन का निर्माण किया जा रहा है, एक अलग ही अवधारणा के साथ यहां ठेले और गुमटीयों को व्यवस्थित करने के लिए बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। आकर्षक वॉल पेंटिंग और पेवर ब्लॉक, प्रकाश व्यवस्था तथा लैंडस्कैपिंग युक्त वेंडिंग जोन भिलाई के वैशालीनगर में तैयार हो रहा है। फरीद नगर में स्वामी आत्मानंद स्कूल शीघ्र तैयार हो जाएगा इसके साथ ही यहां पर सामुदायिक भवन एवं छात्रावास का निर्माण भी किया जा रहा है। खमरिया में स्वामी आत्मानंद स्कूल के रिनोवेशन का काम किया गया है जहां पर स्कूली छात्र-छात्राएं अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अच्छे से अध्ययन कर पा रहे हैं। आज के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, पूजा पिल्ले, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, संजय बागड़े एवं कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सर्विस रोड के किनारे 50 स्थानों से खदेड़ा अतिक्रमणकारियों को, समान व ठेले को हटाया गया

- मोर शहर मोर जिम्मेदारी व फाइट द बाइट मुहिम के तहत शहर में प्रतिदिन जारी रहेगी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ एक बार अभियान जारी किया गया। इस क्रम में नगर पालिक निगम दुर्ग सर्विस रोड के किनारे अतिक्रमणकरियो द्वारा अवैध ढंग से दुकान लगाने वाले वेंडरों गन्ना रस दुकान, पान ठेला सेंटर,कपड़े की दुकान सहित अन्य को खदेड़ा गया। वही सामान भी जब्त किया गया। न्यू बस स्टैंड से लेकर पटेल चौक तक सर्विस रोड किनारे सड़क तक सामान फैलाकर कारोबार करने वालो के खिलाफ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम के बाजार विभाग व अतिक्रमण विभाग के अमला द्वारा कार्रवाही की गई। अवैध बैनर पोस्टर की बनाई गई जब्ती और दुकानों के बाहर साइन बोर्ड को भी हटाया। कार्रवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी एवं नोडल अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने अतिक्रमणकारियों की फ़ोटो व वीडियोग्राफी करवाई और उसके बाद सड़क के किनारे सामान सजाकर रखें गए सामानों को हटवाया गया। न्यू बस स्टैंड के आस पास दुकान के सामने कर कारोबार सड़क में फैलाकर कारोबार कर रहे हैं। इसके वजह से बस स्टेंड के भीतर व मुख्य मार्ग पर आवागमन को लेकर आम जनता को दिक्कत हो रही है।इसको ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त ने निर्देश दिए।टीम अमला ने इसके बाद उक्त व्यापारियों द्वारा फैलाकर रखे गए सामान को हटवाया गया। निगम की सख्ती को देखते हुए कुछ कारोबारी अपना सामान स्वयं हटाने लगे।इस दौरान निगम के नोडल अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि सामान दुकान से बाहर निकलकर फैलाकर न रखे और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में निगम प्रशासन को सहयोग करें उन्होंने कहा कि यह कार्रवाही निरन्तर जारी रहेगी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के समय बाजार विभाग ईश्वर वर्मा, शशिकांतयादव,भुवान दास साहू और अतिक्रमण अमला मौजूद थे।

# स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए समाप्त कर रहे जीवीपी पांइट सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलाने पर लिया जा रहा है अर्थदण्ड

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



शहर के आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने भिलाई निगम हर संभव प्रयासरत है। अब गली मोहल्लों में गंदगी से निजात पाने जीवीपी पाइंट को समाप्त किया जा रहा है, ताकि लोग वहां कचरा न फेंके और स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई के नारे को साकार कर सके।

वहीं सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाते हुए पाए जाने पर उनसे अर्थदण्ड वसूला जा रहा है। निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की प्रतियोगिता में नगर पालिक निगम भिलाई को प्रथम पायदान में लाने स्वच्छता के हर मापदंडों पर कार्य किया जा रहा है। निगम प्रशासन बाजार क्षेत्र व सड़क किनारे खाद्य सामग्री विक्रय करने वालों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने तथा गीला एवं सूखा कचरा को पृथक-पृथक रखने की हिदायत दे रहे है, ताकि भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में बेतरतीब गंदगी न फैले। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा वृहद अभियान चलाया जा रहा है। सड़क नालियों की सफाई के साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भी निर्धारित समय पर किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान में शहर के आम नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है इनसे लगातार स्वच्छता बनाए रखने अपील की जा रही है। जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिस क्षेत्र में लोग बेतरतीब तरीके से कचरो को फेंक देते थे, उन क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कचरा फेंकने वाले जीवीपी पाइंट को समाप्त कर वहां पर साफसफाई किया जा रहा है तथा स्थल की सफाई कर चूना, ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है।

# शहर कांग्रेस महिला अध्यक्ष ने किया राजीव भवन में महिला सम्मान

## महिला शक्ति का सम्मान सम्मेलन का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शहर महिला कांग्रेस ने राजीव भवन में महिला सम्मान शहर में महिला सम्मान सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम जिसमें बड़ी की संख्या में महिलाएं उपस्थित थे यहाँ शहर महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कन्या ढीमर के नेतत्व में सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अरुण वोरा,पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गया पटेल जी सभापति राजेश यादव छत्तीसगढ़ राज्य वित्त विकास निगम उपाध्यक्ष नीता लोधी, प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया समन्वयक सुधा सरोज, मंजु वोरा, पुलिस जवाबदेही प्राधिकार सदस्य रामकली यादव, एल्डरमैन रत्ना नारमदेव के अलावा समस्त महिला पार्षद गण महिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता गण एव सभी कांग्रेस जन मौजूद रहें। महिला सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभा को संबोधित ने कहा कि महिलाए जन्म से लेकर अपने जीवनभर बेटी बहन पत्नि बहू मां जैसे सारे किरदारो को बखूबी निभाती है। समाज व देश का गौरव बढाने मे भी महिलाओ का बढ़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी बहने सिर्फ घर ही नहीं संभालती, सिर्फ परिवार का पालन-पोषण ही नहीं करती, बल्कि वह समाज और संस्कृति की रक्षा भी कर सकती है।

# सस्ता चारा और नस्ल संवर्धन के साथ गोधन न्याय जैसी योजनाओं से पशुधन होगा समृद्ध

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दाऊ वासुदेव चंद्राकर की प्रतिमा अनावरण एवं दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के लोकार्पण के मौके पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने पशुओं के लिए सस्ता चारा उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किये गये तकनीकी प्रयासों की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय ने पैरा आधारित संपूर्ण आहार पैलेट का विकास किया है। यह पशुओं के लिए सुपोषित चारा तो होगा ही, इसके माध्यम से चारे की कीमतों में 35 प्रतिशत तक कमी आयेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में पशुधन की संभावनाओं को दो बातें बाधक बनाती हैं। सस्ते और पोषक चारे की उपलब्धता तथा यहां का गर्मी से भरा वातावरण जिसकी वजह से उच्च नस्ल के मवेशी यहां अनुकूलित नहीं हो पाते। इसी वजह से हमने नस्ल संवर्धन का काम आरंभ किया है। साथ ही पशुधन के विकास के लिए गोधन न्याय योजना भी आरंभ की ताकि पशुपालन पुनः लाभ का सौदा साबित हो सके। सस्ते चारे के लिए विश्वविद्यालय पैलेट जैसे प्रयोग कर रहा है। हम रीपा के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों को बढ़ावा दे रहे हैं। हर रीपा में ऐसे यूनिट बनाए जाएंगे जिसमें पशुआहार बनाने की यूनिट भी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी छत्तीसगढ़ में पशुधन को लेकर अपार संभावनाएं हैं। स्थानीय स्तर पर डेयरी उद्यम को बढ़ावा देने से हमारे यहां माँग और पूर्ति की स्थिति तेजी से ठीक होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए ही हमारा फोकस गोबर खरीदी पर रहा ताकि जैविक खेती की जा सके।

# छत्तीसगढ़ में खुशहाल किसानों का दाऊ वासुदेव चंद्राकर का सपना हो रहा पूरा, छत्तीसगढ़ के अन्नदाता बहुत खुश

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में खुशहाल किसानों का स्वर्गीय दाऊ वासुदेव चंद्राकर जी का सपना पूरा हो रहा है। छत्तीसगढ़ के अन्नदाता बहुत खुश हैं। 20 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय से भी किसानों में गहरी खुशी हैं। दाऊ वासुदेव चंद्राकर जी की जयंती पर ग्राम अंडा में आयोजित चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज के 53 वें वार्षिक अधिवेशन एवं दाऊ वासुदेव चंद्राकर जयंती समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में यह बात कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अंडा में समाज के सामुदायिक भवन के लिए एक करोड़ रुपए तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल की घोषणा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दाऊ वासुदेव चंद्राकर की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि दाऊ वासुदेव चंद्राकर किसान नेता थे। किसानों के हितों के मुद्दों के लिए वे हमेशा खड़े रहे। धान का समर्थन मूल्य में खरीदने का बड़ा निर्णय दाऊ वासुदेव चंद्राकर जी की वजह से संभव हो पाया। सहकारी समिति के माध्यम से धान खरीदी का निर्णय भी उनकी सोच थी। आज 2500 से अधिक धान खरीदी केंद्र छत्तीसगढ़ में संचालित है। हमने इस बार आनलाइन टोकन की व्यवस्था की। बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था थी। मिलिंग का रेट भी बढ़ा दिया गया है। सोसायटियों में मार्च महीने में ही धान का उठाव हो चुका है। न सूखत का झंझट है और न भीगने का। नई राइसमिल बड़ी संख्या में खुली हैं और इस साल भी नई राइसमिल खुलने जा रही है। लोगों ने बार-बार मांग की, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदिये। इसका निर्णय लिया गया। 2017 में 12 लाख किसानों ने 60 लाख मीट्रिक टन धान बेचा था इस बार साढ़े 23 लाख किसानों ने 107 लाख मीट्रिक टन धान बेचा है। मुख्यमंत्री ने कहा अभी तक डेढ़ लाख करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ के आम आदमी के खाते में गये हैं। इसकी वजह से व्यवसाय भी फलफूल रहे हैं।

# अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने का अच्छा मौका, भिलाई निगम लगा रहा है शिविर, आर्किटेक्ट भी रहेंगे मौजूद

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के लिए भिलाई निगम के द्वारा शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर का लाभ उठाकर बिना अनुज्ञा के निर्माण, अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, आवासीय में व्यवसायिक निर्माण करने वाले लोग नियमितीकरण करा सकते हैं। शिविर में आर्किटेक्ट भी मौजूद हो रहे हैं ताकि इनके माध्यम से आवेदन भिलाई निगम में जमा हो सके। नेहरू नगर के आवासीय सह व्यवसायिक परिसर नेहरू नगर में, 28 मार्च को दक्षिण गंगोत्री प्रियदर्शनी परिसर में तथा 29 मार्च एवं 31 मार्च को स्मृति नगर बाजार क्षेत्र के समीप प्रातः 11:00 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आने वाले सभी इस शिविर में नियमितीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए निगम के कर्मचारी निरंजन असाटी, हरि प्रेम वर्मा, ओमप्रकाश चंद्राकर, यतराम चंद्राकर, प्रमोद शर्मा एवं विवेक साहू की ड्यूटी लगाई गई है। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि शिविर का फायदा उठाकर अधिक से अधिक लोग आवेदन कर शासन की नियमितीकरण की महत्ती योजना का लाभ उठाएं। गौरतलब है कि अनाधिकृत विकास व नियमितीकरण के दायरे में आने वाले लोगों को नोटिस थमाया गया है, अभी भी यह कार्यवाही जारी है। नोटिस की अवहेलना करने वाले दुकानों, भवनों पर सील बंदी की कार्रवाई भी निगम ने की है। हाल ही में निगम और व्यापारियों के मध्य हुई बैठक में चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा विभिन्न व्यवसाइयो की मांग पर फिलहाल सीलबंद की कार्रवाई को रोक दिया गया है और नियमितीकरण के लिए शिविर का आयोजन मार्केट एरिया में किया जा रहा है। व्यापारियों ने भी शिविर के आयोजन की मांग की थी, इनके मांग को स्वीकार करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में शिविर के माध्यम से अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के आवेदन लिए जा रहे हैं।

# एसीसीयू ने खोजा 101 नग गुम मोबाईल, 12.50 लाख रूपये का मोबाईल हुआ बरामद, संबंधितो को किया जा रहा है वितरण

पायनियर संवाददाता ≺ भिलाई
www.dailypioneer.com



जिले में गुम मोबाईल के संबंध में लगातार मोबाईल गुमने की रिपोर्ट प्रार्थियों द्वारा थानो में दर्ज कराई जा रही है। जिससे पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग आनंद छाबड़ा के द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव को गुम मोबाईलो की पतासाजी कर प्रार्थियों के सुपुर्द करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे। जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनंत साहू, उप पुलिस अधीक्षक (सायबर) प्रभात कुमार एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारी एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट दुर्ग निरीक्षक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को गुम हुये मोबाईलों को खोज कर संबंधित मोबाईल स्वामियों को वितरण करने हेतु लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वर्ष 2022 2023 के गुमे हुये मोबाईलों से संबंधित आवेदन पत्रों के आधार पर अभियान चला कर अथक मेहनत एवं लगन से एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम द्वारा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगाँव, बालोद, बेमेतरा एवं रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 101 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईलों कुल कीमती तकरीबन 12.50 लाख रूपये का बरामद किया गया। जिसे संबंधित आवेदकों को विधिवत् वितरण किया जा रहा हैं। उक्त कार्यवाही में एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दुर्ग पुलिस के सोशल एकाउन्ट (फेसबुक, इन्सटाग्राम, ट्वीटर) पर बरामद मोबाईल के आईएमईआई नंबरों की लिस्ट अपलोड की जायेगी जिससे मिलान कर संबंधित मोबाईल स्वामी एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट कार्यालय सेक्टर 3 से अपना मोबाईल प्राप्त कर सकते है।

# माइलस्टोन अकेडमी बना Fairy Land, तेज गर्मी में कराया snow world का एहसास

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com




हमेशा से ही अपने क्रिएटिविटी के लिए मशहूर माइलस्टोन अकैडमी में 25 मार्च को Annual Craft E&hibition एवं रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान पूरा स्कूल Fairy Land की तरह नज़र आया। वहीं बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार कि कहानियों की तर्ज पर विद्यालय को सजाया गया था। विद्यालय को Fairy Land बना देख बच्चे तो बच्चे उनके अभिभावक भी बहुत खुश नज़र आए। बता दे माइलस्टोन अकेडमी जूनियर विंग में 25 मार्च को Annual Craft E&hibition एवं रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान पूरा स्कूल कहानियों की तर्ज पर सजा नज़र आया। पूरे विद्यालय में 17 कहानियों को दर्शाया गया था। इसमें खास बात यह थी की जैसे-जैसे बच्चे क्लासरूम की ओर बढ़ते, क्लास को सजा देख कहानियों का नाम बिना बताए ही अपने अभिभावक को बताते नज़र आए।

इन सब से आप अंदाजा लगा सकते है की बच्चों कि Memory कितनी स्ट्रांग है। क्योंकि बच्चों कि पढ़ाई, परीक्षा सब एक साथ चल रही थी उसके बावजूद बच्चों ने इतनी कहानियों को सुना और याद रखा ये कोई साधारण बात नहीं है। वहीं माइलस्टोन अकेडमी की डायरेक्टर डॉ. ममता शुक्ला ने कहा कि उनके लिए बच्चे ही सब कुछ है। यहीं बच्चे कल का भविष्य है। उनके चतुर्मुखी विकास के लिए केवल किताब ही काफी नहीं है, उनको पूरे साल तरह तरह कि Activity के माध्यम से इन सब का ज्ञात करना जरुरी है। जिससे कि बच्चों में प्रत्येक त्योहार और मौसम का ज्ञान भी हो, ताकि बच्चों को इसका महत्व भी पता चले। वहीं बच्चों को E&hibition का आनंद लेते देख डायरेक्टर मैडम काफी खुश नज़र आई।

## महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने प्रतिदिन सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के दिए निर्देश

# शहर के चौक चौराहों व तालाबो के आस पास से निरन्तर कचरे का हो रहा उठाव

पायनियर संवाददाता ≺ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम क्षेत्र के सड़कों के किनारे, चौक चौराहों, गली मोहल्ले, तालाबो के आस पास से झिल्ली, पन्नी के कचरे का उठाव प्रतिदिन किया जा रहा है। नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन प्लास्टिक सहित अन्य कचरों का उठाव कर रहे है,जिससे रहवासियों द्वारा फ़ीडबैक अच्छा दे रहे है। मोर शहर मोर जिम्मेदारी व फाइट द बाइट के तहत निगम प्रशासन शहर की साफ- सफाई व्यवस्था में जुटा हुआ है,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में स्वच्छता टीम बनाकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।शहर के 60 वार्डो के क्षेत्र में वार्ड वार कचरे का सफाया करने लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के सड़कों के किनारे बिखरे हुए झिल्ली,पन्नी के कचरे का उठाव किया जा रहा है। बता दे कि बिखरे हुए सड़को पर पड़े झिल्ली, पन्नी का कचरा नालियों में जाने के कारण पानी निकासी में अवरोध उत्पन्न होता है, जिससे नाली सफाई करने में तकलीफ होती है। शहर में प्रतिदिन सुबह कचरों के उठाव होने के साथ ही नालियों की सफाई किया जा रहा है। सफाई पश्चात नालियो में चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जा रहा है। निगम के स्वच्छता कर्मी कचरे का उठाते करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रहे है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने प्रतिदिन सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व अमला को निर्देश दिए।

# शहरी परिवहन ओएनडीसी का प्रवेश

**शहरी परिवहन** में ओएनडीसी ने प्रवेश कर लिया है, पर इसका अस्तित्व ही संकटों में घिरा लग रहा है। ओपेन नेटवर्क डिजिटल कामर्स-ओएनडीसी का प्रवेश शहरी परिवहन क्षेत्र में बैंगलुरू की 'राइड-हेलिंग' कंपनी द्वारा कराया गया है। इसका उद्देश्य उबर व ओला जैसे एग्रीगेटर्स के बाजार प्रभुत्व पर नियंत्रण करना है। ओएनडीसी यूपीआई की तरह सरकार-संचालित प्रोटोकाल है। बताया जाता है कि वह कई अन्य शहरों में भी इस क्षेत्र की अनेक अन्य कंपनियों से बात कर रहा है। लेकिन इस तथ्य पर भी गौर किया जाना चाहिए कि अच्छे इरादों से शुरू ओएनडीसी में कुछ मूलभूत कमियां हैं। पिछले साल सितंबर में इसकी शुरुआत के समय दावा किया गया था कि इससे विशाल वैश्विक ई-कामर्स कंपनियों, जैसे अमेजन व वालमार्ट के एकाधिकार पर लगाम लगेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ओएनडीसी की शुरुआत वाले दिन ट्वीट किया था, 'ओएनडीसी यूपीआई के बाद वाणिज्य के लोकतांत्रीकरण में एक और गेमचेंजर विचार है। आज इसकी शुरुआत चयनित उपभोक्ताओं, विक्रेताओं व लाजिस्टिक प्रदाताओं के लिए की गई है। पसंद, सुविधा एवं पारदर्शिता के नए युग की तैयारी करें।' लेकिन भारत में एकाधिकारी व्यवहारों पर नियंत्रण का दायित्व भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई को मिला है। संसद ने 2002 में प्रतियोगिता कानून, 2002 को पास किया था जिसे राष्ट्रपति ने जनवरी, 2003 में अपनी सहमति दे दी थी। बाद में प्रतियोगिता संशोधन कानून, 2007 द्वारा इसमें संशोधन किया गया। संशोधित कानून के प्राविधानों के अनुसार भारत प्रतियोगिता आयोग तथा प्रतियोगिता अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना की गई। सीसीआई की वेबसाइट के अनुसार अब सीसीआई पूरी तरह सक्रिय है जिसके एक अक्ष्यक्ष व 6 सदस्य हैं। 20 मई, 2009 को स्पष्ट किया गया कि प्रतियोगिता कानून के प्राविधानों का संबंध प्रतियोगिता-विरोधी समझौतों तथा किसी बिजनेस में प्रभुत्वकारी स्थिति के दुरुपयोग से है। सीसीआई वेबसाइट के अनुसार, 'आयोग का विधिक दायित्व ऐसे व्यवहारों को हटाना है जिनका प्रतियोगिता, प्रोत्साहन व प्रतियोगिता बनाए रखने पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो। इसका उद्देश्य कानून की उद्देशिका तथा धारा 18 के अनुसार ग्राहकों के हितों को सुरक्षा देना तथा अन्य प्रतिभागियों द्वारा किए जा रहे व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है।' आयोग को सरकार या विधिक अधिकरण को प्रतियोगिता संबंधी मुद्दों पर अपनी राय देने का अधिकार है तथा वह प्रतियोगिता कानून के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतियोगिता एडवोकेसी कर सकता है। इस दृष्टिकोण से देखने पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा इसी उद्देश्य से एक संस्था का गठन एक प्रकार से काम का दुहराव है। इसके साथ ही यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित सिद्धान्त से संगति में नहीं है। उन्होंने कई बार कहा है कि सरकार का काम बिजनेस करना नहीं है। इसी दृष्टिकोण पर चलते हुए सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों का निजीकरण कर रही है। लेकिन ओएनडीसी की शुरुआत कर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय संभवतः अर्थव्यवस्था में सरकारी हस्तक्षेप सुनिश्चित करना चाहता है। यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सुधार एजेंडा से असंगत लगती है। सरसरी तौर से देखने पर ओएनडीसी की नई पहल शानदार लगती है, पर यथार्थ में यह नए उभरते नीतिगत ढांचे से संगति में नहीं लगती है। अनेक अर्थशास्त्रियों व नीति-विश्लेषकों की सलाह है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को विनिर्माण क्षेत्र को गति देने के ज्यादा प्रयास करने चाहिए।

# दिव्यांगों का कौशल व समावेशन

## यदि समुचित कौशल प्रदान किया जाए तो दिव्यांगों के लिए अवसरों की कमी नहीं है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है।



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास क्षेत्र में कार्यरत हैं)



**दिव्यांगजन** या विकलांगताओं से प्रभावित व्यक्ति एक महत्वपूर्ण सामाजिक समूह हैं, लेकिन विरले ही उनको उचित अवसर मिलते हैं। उनको समुचित कौशल तथा उचित मंच मिलना चाहिए जहां वे अपनी प्रतिभा तथा सृजनात्मक संभावनाओं का प्रदर्शन कर सकें। दुर्भाग्य से यह गलत धारणा व्याप्त है कि दिव्यांग अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान नहीं कर सकते हैं। दिव्यांगों में असाधारण संभावनायें होती हैं और वे अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। लेकिन उनको समुचित कौशल मिलना चाहिए जो उनके उपयुक्त हो।

विडंबना है कि दिव्यांग हमारी कुल जनसंख्या का 2 प्रतिशत से अधिक हैं, पर उनको मुख्यधारा विमर्श का हिस्सा नहीं बनाया गया है तथा समावेशन के माध्यम से उनका सशक्तीकरण नहीं हो रहा है। दिव्यांगों की रोजगार योग्य दर बहुत कम है। अनुमान है कि भारत के कुल 26 मिलियन दिव्यांगों में से केवल 36 प्रतिशत ही काम कर रहे हैं। दिव्यांगों पर केन्द्रीय जनसांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 64 प्रतिशत दिव्यांगों के पास रोजगार नहीं है। महिलाओं की तुलना में दिव्यांग पुरुषों के पास ज्यादा काम है। बाजार की एक रिपोर्ट 'अनअर्थ इन्साइट' के अनुसार 34 लाख दिव्यांगों में से लगभग 3 करोड़ को रोजगार मिला है, जबकि 1.3 करोड़ को और रोजगार दिया जा सकता है। इनमें से अधिकांश संगठित या असंगठित क्षेत्रों, सरकारी उद्यमों में या स्व-रोजगार के रूप में काम कर रहे हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि अधिकांश दिव्यांगों को रोजगार प्रदान किया जाए। लेकिन यह काम कैसे किया जाए?

दिव्यांगों व विकलांगताओं से ग्रस्त लोगों को गरिमापूर्ण व स्वतंत्र जीवन सुनिश्चित करने के लिए उनको उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जानी चाहिए। यह इसलिए जरूरी है कि उनको अपना कॅरियर चुनने की स्वतंत्रता हो तथा उनको रोजगार के समान अवसर मिलें। अनेक उदाहरण हैं जहां दिव्यांगों ने अनेक क्षेत्रों में अपने अदम्य साहस, प्रतिभा एवं प्रतिबद्धता के चलते शानदार उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उचित परिवेश, अवसर एवं कौशल मिलने पर वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। खासकर शिक्षा व कौशल-आधारित शिक्षा दिव्यांगों समेत सभी लोगों के सशक्तीकरण की कुंजी है। उचित भावनात्मक व व्यावहारिक कौशल मिलने पर दिव्यांगों के लिए रोजगारों की कोई कमी नहीं है।

सेवाप्रदाता दिव्यांग वयस्कों में कुछ महत्वपूर्ण रोजगार कौशलों की तलाश करते हैं। इनमें विस्तृत विवरणों पर ध्यान देना, संप्रेषण कौशल, समस्या प्रबंधन कौशल, समस्या-समाधान कौशल, टीमवर्क कौशल, समय प्रबंधन कौशल तथा जीवन कौशलों से स्वयं को समृद्ध करने की क्षमतायें शामिल हैं। इसी प्रकार दिव्यांगों में एकाउंटिंग, इंजीनियरिंग, तकनीकी लेखन, कंप्यूटर संबंधी रोजगार, स्वास्थ्यरक्षा, कॅरियर काउंसिलिंग, ग्राहक सेवाओं, बीमा एजेंट, मसाज थेरेपिस्ट, टेलीमार्केटियर, व्हीलचेयर से फोटोग्राफी, डेस्कटाप पब्लिशर, ग्राफिक डिजाइनर, वेब डेवलपर, बैंक टेलर, रिसेप्शनिस्ट, फाइनेंसिल एनालिस्ट, लैंडस्केपर या ग्राउंड्सकीपर जैसे कौशलों की तलाश की जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में भी दिव्यांग बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसरों को प्रदान करने वाली व्यवस्थाओं का महत्व रेखांकित किया गया है।

श्रवणशक्ति बाधित बच्चों के लिए एनसीईआरटी की कक्षा 1 से लेकर कक्षा 5 तक की पुस्तकों का भारतीय संकेत भाषा में परिवर्तन पूरा हो गया है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है जिससे श्रवणशक्ति बाधित बच्चों को मुख्यधारा शिक्षा में लाने में सहायता मिलेगी। खुशी की बात है कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में कई कदम उठा रही है। दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास पैदा करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसा होने पर ही उनको आवश्यक कौशलों से लैस किया जा सकता है। दिव्यांग लोगों में प्रतिभाओं व क्षमताओं की कमी नहीं होती है और कुछ मामलों में वे सामान्य लोगों से बेहतर सिद्ध होते हैं। समावेशी विकास, प्रगति एवं विकास को दिव्यांगजनों की आकांक्षाओं के अनुरूप तथा उनको समाहित करने वाला होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने राइट टु पर्सन्स विथ डिसेबिलिटीज़ एक्ट, 2016 पास किया जो 19 अप्रैल, 2017 से प्रभावी हो गया है। इसके अंतर्गत दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरियों में 4 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। केन्द्र सरकार ने 3 दिसंबर, 2015 को 'सुगम्य भारत अभियान' शुरू किया था। इसके अंतर्गत दिव्यांग लोगों को समान पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं ताकि वे गरिमापूर्ण सार्थक जीवन जी सकें। सार्वजनिक इमारतों, परिवहन व्यवस्थाओं व सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी को इस अभियान में शामिल किया गया है। जनता की पहुंच की समस्याओं को देखते हुए एक मोबाइल एप विकसित किया गया है जो पहुंच की समस्याओं को त्वरित व व्यवस्थित रूप से हल कर सकता है। सरकार ने इंडियन साइन लैंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर-आईएसएलआरटीसी का गठन किया है जो श्रवण बाधित दिव्यांगों के सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करने तथा देश में संकेत भाषा विकसित करने का काम कर रहा है। अन्य कामों के साथ ही यह संस्थान लगातार संकेत भाषा शब्दकोषों का विकास कर रहा है जिसमें अब तक 10,000 से अधिक शब्द शामिल किए गए हैं।

सरकार एक विशिष्ट दिव्यांगता पहचान कार्ड-यूडीआईडी परियोजना क्रियान्वित कर रहा है जो दिव्यांग लोगों का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करेगी। अब तक सभी राज्यों व संघशासित क्षेत्रों के 713 जिलों में 84 लाख यूडीआईडी कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश में दिव्यांग खेल केन्द्र, ग्वालियर तथा नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन, सिहोर की स्थापना की जा रही है। दिव्यांग युवाओं व बच्चों के कौशलों व प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए 'दिव्य कला शक्ति' का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगों को एक ऐसे प्रतिबद्ध कार्यक्रम की आवश्यकता है जो उनको रोजगार योग्य बनाने के लिए लाभदायक कौशलों से लैस कर सके। 'स्किल इंडिया मिशन' तथा 'कौशल रोजगार केन्द्र' द्वारा की जाने वाली कौशल-संवर्धन व रोजगार अवसर सृजन करने वाली गतिविधियों से करोड़ों दिव्यांगजनों को बाहर नहीं रखा जा सकता है। इसके लिए विशिष्ट एवं लक्षित दृष्टिकोण की जरूरत है।

हमारे पास राष्ट्रीय संस्था के रूप में स्किल कौंसिल फार पर्सन्स विथ डिसेबिलिटी-एससीपीडब्लूडी है जो दिव्यांगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। इसके लिए कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से दिव्यांगों को मुख्यधारा समाज के गरिमापूर्ण जीवन में शामिल किया जाता है। इससे दिव्यांगजन अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं तथा देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था को गति देने में अपना योगदान करते हैं। कौशल प्रशिक्षण प्रशिक्षित व पंजीकृत प्रशिक्षकों के माध्यम से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्रों में भी दिया जाता है। प्रशिक्षकों को विशिष्ट प्रकार की दिव्यांगताओं को केन्द्र में रखते हुए एनएसक्यूसी-संस्तुत रोजगार भूमिकाओं में प्रशिक्षण देने के लिए तैयार किया जाता है। प्रशिक्षकों को दिव्यांगता उन्मुखीकरण व उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार के प्रमाणपत्र भी दिए जाते हैं।

वर्तमान समय में हम लोगों को कौशल प्रशिक्षण में समावेशी दृष्टिकोण नहीं अपना रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में कारीगरों पर ध्यान दिया जा रहा है, जबकि बढ़ई, लुहार, मूर्तिकार व इमारत निर्माण कारीगर समाज का अभिन्न अंग हैं और उनको समाज की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप समुचित प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। दिव्यांगजनों पर उनके कौशल के दृष्टिकोण से बातचीत विरले ही होती है। समाज के हर वर्ग का सशक्तीकरण देश की विकास यात्रा के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह तर्क एकदम सटीक है कि कारीगरों को आसान कर्ज, कौशल प्रशिक्षण, तकनीकी समर्थन, डिजिटल सशक्तीकरण, ब्रांड प्रोत्साहन, मार्केटिंग व कच्चे माल के रूप में समर्थन मिलना चाहिए। परंपरागत कारीगरों व दस्तकारों का विकास उनकी समृद्ध परंपरा को बनाए रखते हुए होना चाहिए और इसमें दिव्यांगों को शामिल किया जाना चाहिए।

# पत्रकार सुरक्षा कानून, चौंथे स्तंभ की बुनियादी जरूरत



**डॉ.भूपेन्द्र करवन्दे**
सहा.प्राध्यापक (विधि)
शासकीय जे.योगानन्दम्
छत्तीसगढ़ महावि.
रायपुर (छ.ग.)

विश्व के लगभग सभी लोकतांत्रिक देशों में कार्यपालिका, विद्यायिका और न्यायपालिका के साथ प्रेस को भी शासन व्यवस्था का चैथा स्तंभ माना जाता है और प्रेस इन सभी को जोड़ने का कार्य करती है। प्रेस की स्वतंत्रता के द्वारा ही आम जनमानस की भावना को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रेस को हासिल होता है परंतु वर्तमान में पत्रकारों पर लगातार हमले और पत्रकारों को प्रताड़ित किए जाने के मामलो में बहुत अधिक वृद्धि हुई है जिसके कारण पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने की मांग तेज हुई है। पत्रकारों की सुरक्षा हमेशा केन्द्र और राज्य दोनो सरकारो के लिए एक चुनौती का विषय रहा है फ्लस्वरूप कई पत्रकार संगठन लंबे समय से इस तरह के कानून की मांग करते चले आ रहे है। अन्तर्राष्ट्रीय संगठन रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स के प्रेस फ्रीडम इंडेस्क 2022 में भारत को 180 देशों में 150वां स्थान दिया गया, जो कि एक चिंता का विषय है, परंतु इन सारी वस्तुस्थिति के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने इस दिशा में पहल प्रारंभ की है और पत्रकारों को सुरक्षा देने के संबंध में अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। पत्रकारों की सुरक्षा के संबंध में कानून बनाने के लिए राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायधीश आफताब आलम की अध्यक्षता में बनाई गई जिनके द्वारा इस कानून का प्रारूप तैयार किया गया एवं पत्रकारिता से संबंध रखने वाले लोगों एवं संगठनों से सुझाव आमंत्रित कर कानून को अंतिम रूप दिया गया। जिसे छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक 2023 कहा गया है एवं सरकार ने इसे विधानसभा में पारित करके पत्रकारों से किये गये अपने वादे को पूरा किया एवं छत्तीसगढ़ अब महाराष्ट्र के बाद इस कानून को बनाने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है ।

अभी हाल ही में दिल्ली में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) की बैठक संपन्न हुई जिसमे केन्द्र सरकार से मांग की गई की वह पत्रकारो की सुरक्षा को लेकर जल्द ही एक कानून लागू हो ताकि उन पत्रकारो की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके जो अपने जीवन को खतरे में डालकर पत्रकारिता कर रहे है। ऐसे पत्रकार जो भ्रष्टाचार में लिप्त विभिन्न नेता, अधिकारी और अपराधिक साक्ष्यो को उजागर करते है उनकी सुरक्षा नितांत आवश्यक है। पत्रकार के जीवन पर छाये हर पल खतरे को देखते हुए एक विशिष्ट कानून की जरूरत है जिसमें कानून और व्यवस्था से जुड़े अधिकारी बिना डर के अपनी जिम्मेदारी निभा सके।

छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक, 2023 का मूल उद्देश्य मीडियाकर्मियों के विरूद्ध हिंसा को रोकना तथा मीडियाकर्मियों या मीडिया संस्थानों की संपत्ति को क्षति से बचाना एवं इससे संबंधित विषयों के लिए उपबंध बनाना है। यह अधिनियम मीडियाकर्मी के अंतर्गत मीडिया के कर्मचारी, प्रतिनिधि, संपादक, लेखक, समाचार संपादक, उपसंपादक, रूपक लेखक, चित्रकार, फोटोग्राफर, अनुवादक, प्रशिक्षु मीडियाकर्मी एवं स्वतंत्र पत्रकार इत्यादि को शामिल करता है अर्थात इस अधिनियम में मीडियाकर्मी की विस्तृत परिभाषा दी गई है।

इस अधिनियम में मीडियाकर्मी के रूप में पंजीकरण हेतु आर्हताओं का भी वर्णन है तथा शासन को मीडियाकर्मियों की पंजी को संधारित करने का प्रावधान करना है। इस अधिनियम में पत्रकारों की सुरक्षा हेतु छत्तीसगढ़ मीडिया स्वतंत्रता संरक्षण एवं संवर्धन समिति के गठन का भी प्रावधान है। ऐसी समिति का गठन इस कानून के लागू होने से 90 दिन के भीतर राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा जिसमें सेवा निवृत्त प्रशासनिक या पुलिस सेवा का अधिकारी जो शासन के सचिव स्तर का रहा हो ऐसे समिति का अध्यक्ष होगा तथा विभिन्न अर्हताओं वाले सदस्यों के संबंध में प्रावधान किया गया है।

इस अधिनियम में यह स्पष्ट प्रावधान है कि यदि कोई निजी व्यक्ति किसी मीडियाकर्मी के संत्रास, प्रताड़ना या हिंसा करता है तो वह 25 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाएगा एवं वहीं ऐसा कार्य किसी कंपनी द्वारा किया जाता है तो उसे 10 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाएगा।

1978 मे गठित द्वितीय प्रेस कमीशन के बाद मीडिया में बहुत बदलाव आया है। टीवी न्यूज चैनल, प्रिंट मीडिया, आनलाईन मीडिया, स्मार्ट फोन आदि ने पूरी तरह से देश में मीडिया के परिदृश्य को बदल कर रख दिया है। वर्तमान में मीडिया और पत्रकारो के सामने जो चुनौतियां है वह बहुत बदल गई है। आधिकारिक तौर पर वास्तविक स्थिती को समझने के लिए अभी तक किसी प्रकार का अध्ययन नही किया गया है। बरहाल छत्तीसगढ़ सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर इस बात को स्पष्ट कर दिया है कि वह पत्रकारो की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है एवं यह सरकार का सराहनीय कदम है। इसके लिए छत्तीसगढ़ में पत्रकारो, मीडिया कर्मियो और जन संगठनो ने लम्बा संघर्ष किया है तथा इस संघर्ष के दौरान उन्हे हिंसा तथा उत्पीड़न का भी सामना करना पड़ा है।

पिछले कई वर्षो से पत्रकारो और मीडिया पर हमले को लेकर छत्तीसगढ़ सुर्खियों में रहा है। मीडिया वाच डॉग की वेबसाइट ''द हूट'' में सन् 2017 में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया कि छत्तीसगढ़ में पुलिस द्वारा 13 पत्रकारो के खिलाफकार्यवाही की गई। अब इस तरह के कानून के आने के बाद निश्चित रूप से इस आंकड़ो में कमी आएगी। आवश्यक है कि जल्द ही इस कानून से छत्तीसगढ़ में पत्रकारो की सुरक्षा को लेकर एक ठोस कदम उठाया जा सके एवं ऐसे कानून में प्रावधान पूर्णत स्पष्ट हो ताकि विभिन्न धाराओ में विरोधाभास की स्थिति न बन सके। कानून के प्रावधान में प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख हो ताकि प्रक्रिया का पालन आसानी से हो सके एवं पत्रकारो की सर्तकता, संवेदनशीलता को प्राथमिकता दी जाए तथा किसी अन्य के अधिकारो का हनन करने वाले उपबंध न हो एवं ऐसा उपबंध संविधान की मूलधारा के अनुरूप हो परंतु ऐसा भी न हो कि यह कानून लाइब्रेरी में रखी कानून की किताबों के बीच होकर अपने अस्तित्व को ही तलाशता रहें और लाइब्रेरी की सुंदरता बनकर न रह जाये। निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह कदम सराहनीय है। सरकार की पत्रकारो की सुरक्षा इस कदम से स्पष्टतः परिलक्षित होती है। कानून बनने के बाद यह सरकार की गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की संकल्पना में एक स्वर्णित अध्याय के रूप में जुड़ेगा एवं छत्तीसगढ़ में पत्रकारो को निर्भिक बनाकर उनकी आवाज को बुलंद करेगा।

## फरमाया



**अल्पसंख्यकों** के लिए आरक्षण संवैधानिक तौर पर वैध नहीं है। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है।

**-अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री



**कांग्रेस** का मतलब भ्रष्टाचार, दलाली, बंटवारा करने वाली, भाई-भतीजावाद एवं परिवारवादी पार्टी है।

**-जेपी नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष



**कांग्रेस** ने पिछड़े वर्गों के लिए बहुत कुछ किया है और इसका इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि उसने मेरे जैसे ओबीसी नेता को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया।

**-अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## किसानों की स्थिति

**आज** कृषि क्षेत्र की असली चुनौती कृषि पैदावार और बाजार भाव में अनिश्चय की स्थिति और उत्पादों का सही भंडारण व कृषि उत्पादों की बिक्री के लिए स्थानीय विपणन नेटवर्क का उपलब्ध न होना है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती मंहगाई के दौर में किसानों को खेती से पर्याप्त आय न मिल पाने से लोग खेती-बारी से दूर होते जा रहे हैं। भारत में सबसे अधिक गांव हैं और गांवों में रहने वाले अधिकतर व्यक्ति किसान हैं। आज किसान की दशा बद से बदतर होती जा रही है। आखिर किसान गरीब क्यों है? किसानों की दशा सुधारने के लिए जो उपाय किए गए उनका अब तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया। देश में किसानों की खेत मजदूरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। किसान अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा भी नहीं दिला पा रहा। यदि फसल अच्छी न हो तो किसान बरबाद हो जाता है तथा यदि फसल अच्छी हो जाए तो मंडी में उपज का सही दाम नहीं मिलता। भूजल के स्तर में भारी गिरावट भी किसान की बदहाली का कारण मानी जा सकती है। इस कारण लोग खेती छोड़कर अलग-अलग पेशा अपना रहे हैं। गरीब किसानों व खेतिहर मजदूरों के विकास को वरीयता देना केन्द्र व राज्य सरकारों के लिए जरूरी हो गया है।

- **पूजा गुप्ता,** मिर्जापुर

## महिला सशक्तीकरण

**आज** दुनिया 900 मिलियन किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं की परिवर्तनकारी पीढ़ी का घर है जो काम और विकास के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है। भारत ने सतत विकास लक्ष्य 5 की उपलब्धि में मदद करने के लिए व्यवहार्य ढांचे की स्थापना की है जो 2030 तक दुनिया को और अधिक लिंग समान स्थान बनाने की कल्पना करता है। लेकिन घरेलू जिम्मेदारियों का बढ़ा हुआ बोझ आमतौर पर भारतीय महिलाओं को उठाना पड़ता है। उनको न केवल घर के काम बल्कि बुजुर्गों की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होती है। निर्णय लेने और शारीरिक स्वायत्तता हेतु महिलाओं को अपने शरीर के बारे में निर्णय लेने के लिए सशक्त होने की आवश्यकता है। महिलाओं को अनेक रूढ़ियों का सामना करना पड़ता है। इनका मुकाबला करने के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में महिला वित्तीय शिक्षा और उद्यमिता पाठ्यक्रम को शामिल करने की आवश्यकता है। इंटरनेट लड़कियों को डिजिटल समावेशन के माध्यम से ज्ञान तक समान पहुंच प्रदान कर सकता है। महिला सशक्तीकरण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है।

-**प्रियंका सौरभ**, हिसार

## भारतीयों की सुरक्षा

**विदेशी** नागरिकों को उनकी संपत्ति धार्मिक प्रतीकों के साथ ही सामाजिक परंपराओं की सुरक्षा मुहैया कराना उस देश की जवाबदारी होती है जहां वे रह रहे हैं। पूर्ण सुरक्षा देना सरकार का कर्तव्य होता है लेकिन हाल में आस्ट्रेलिया सहित कनाडा, इंग्लैंड, पाकिस्तान जैसे कई देशों में भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। ब्रिटेन में सिख युवक की पगड़ी खोलना उसके साथ मारपीट करने जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। मंदिरों पर हमले और तोड़फोड़ व आगजनी पाकिस्तान के अलावा ऑस्ट्रेलिया में भी हुई है। लंदन में भारतीय उच्चायोग को अलगाववादियों ने निशाना बनाया भारत लगातार अपने यहां रह रहे विदेशी लोगों की सुरक्षा और व्यवस्था में मुस्तैद रहा है, फिर भारतीय निशाने पर क्यों? भारत को ऐसी घटनाओं को सभी मंचों पर उठाना चाहिए। वैसे लंदन की घटना के बाद प्रतीकात्मक रूप से दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के सामने लगे बैरियर हटा कर मोदी सरकार ने सही संदेश दिया और उसे फौरन सुना भी गया। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए कठोर कदम जरूरी हैं।

-**अमृतलाल मारू,** इंदौर

# बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में बहेगी करोड़ों के विकास कार्यों की अविरल धारा : विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र को एक बार फिर से विकास कार्यो की सौगात मिली है,इस बार विधानसभा क्षेत्र में कार्यो को यह मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के अंतर्गत कुल 39 विकास कार्यों के लिए 01 करोड़ 49 लाख 79 हजार की स्वीकृति मिली है वही छ.ग.राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण योजना के अंतर्गत कुल 10 विकास कार्यों के लिए 40 लाख 50 हजार रुपए मिली है,जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मला घाट, सामूदायिक भवन,तथा सी.सी. रोड़ निर्माण तालाब सौंदर्यीकरण, मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय शेड निर्माण के काम हो सकेंगे विधायक आशीष छाबड़ा ने कार्यों कें स्वीकृत होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे तथा लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं दलेश्वर साहू अध्यक्ष छ.ग.राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र



प्राधिकरण के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

**मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से स्वीकृत कार्यों की सूची**

ब्लाक बेमेतरा में ग्राम पंचायत बसनी में सी.सी.रोड निर्माण दशरु के घर से बुधराम के घर तक राशि 2.60 लाख, ग्राम पंचायत खुडमुड़ी में सी.सी.रोड़ निर्माण सांस्कृतिक मंच के पास राशि 5.20 लाख, ग्राम पंचायत बहेरा(कु.) सी.सी.रोड़ निर्माण कलाराम से घर के पास राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत बाबामोहतरा सी.सी.पितामबर के घर थानू साहू के घर तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत डूंडा सी.सी.रोड़ निर्माण जैतखाम से तालाब तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत हथमुड़ी में सी.सी.रोड़ निर्माण प्राथ.शाला से तामेश्वर के घर तक राशि 2.60 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं दारगांव जोन ग्राम पंचायत मोहरेगा सामुदायिक भवन निर्माण (सतनामी पारा) राशि 6.50 लाख,ग्राम पंचायत मोहलाई के आश्रित ग्राम टठिया में सामुदायिक भवन निर्माण (शीतला मंदिर के पास) राशि 6.50लाख, ग्राम पंचायत खजरी सी.सी.रोड निर्माण-मानक दास के घर से श्रवण रावत के घर तक राशि 2.60लाख रुपए स्वीकृत किए गए। ब्लाक बेरला के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहिंगा के आश्रित ग्राम नवागांव में सामुदायिक भवन निर्माण(गोड पारा) राशि 6.50 लाख, ग्राम पंचायत बोरिया सामुदायिक भवन निर्माण राशि 6.50 लाख, ग्राम पंचायत गोडगिरी सामुदायिक भवन निर्माण (साहू पारा) राशि 6.50 लाख, ग्राम पंचायत सांकरा सामुदायिक भवन निर्माण (साहू पारा) राशि 6.50 लाख,ग्राम पंचायत भिलौरी सामुदायिक भवन निर्माण (कबीरा पारा) राशि 6.50 लाख,ग्राम पंचायत सिंघौरी सामुदायिक भवन निर्माण (साहू पारा) राशि 6.50 लाख, ग्राम पंचायत सलधा सामुदायिक भवन निर्माण राशि 6.50 लाख, ग्राम पंचायत बहेरघट सामुदायिक भवन निर्माण (साहू पारा) राशि 6.50लाख,ग्राम पंचायत किरीतपुर सी.सी.रोड़ (शीतला मंदिर के पास) राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत लावातरा(ढा) सी.सी.रोड़ निर्माण (प्रगति चौक) राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत भरचटटी सी.सी.रोड़ निर्माण राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत हरदी सी.सी.रोड निर्माण राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत तीलई सी.सी.रोड़ निर्माण शिवनाथ साहू के घर से विदेशी साहू के घर तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत हतपान के आश्रित ग्राम करामला में सी.सी.रोड़ निर्माण नरोत्तम सिन्हा के घर से बिशहत साहू के घर तक राशि 5.20 लाख,ग्राम पंचायत उफरा सीसी रोड निर्माण राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत लाटा सी.सी.रोड निर्माण गुड़ी चौक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत ढाबा सी.सी.रोड निर्माण मुख्य मार्ग से शिवचरण निषाद के घर से शीतला मंदिर तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत डगनिया(ख) सी.सी.रोड़ निर्माण गेंदू सतनामी के घर से संजू बारले कें कोठार तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत कुम्हीगुड़ा के आश्रित ग्राम बचेडी में सी.सी.रोड़ निर्माण अवध के घर नदी घाट तक राशी 2.60 लाख,ग्राम पंचायत चोगीखपरी सी.सी.रोड़ निर्माण भगेला कें घर से सरकारी कुआ तक राशी 2.60 लाख, ग्राम पंचायत चोगीखपरी के आश्रित ग्राम नारधी में सी.सी.रोड़ निर्माण मेन रोड से दिनेश कुर्रे के घर तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत डगनिया(ख) के आश्रित ग्राम साल्हेपुर में सी.सी.रोड़ निर्माण तालाब पार से प्राथमिक शाला तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत घोटमर्रा सी.सी.रोड़ निर्माण आबादी पारा में राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत घोटमर्रा के आश्रित ग्राम चोटमर्रा में सी.सी.रोड निर्माण रामू यादव के घर से डोमार साहू के घर तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत मनियारी सी.सी.रोड सेतराम घर से नहर नाली राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत कुम्ही(भी) सी.सी.रोड़ निर्माण मुख्य मार्ग से गिरवर साहू के घर होते हुए रमेश साहू के घर तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत सुरहोली सी.सी.मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत भवन तक राशी 2.60 लाख,ग्राम पंचायत सिंगदेही सी.सी. रोड़ निर्माण रोशन के घर से स्कूल गेट तक राशि 2.60 लाख,ग्राम पंचायत कुम्हि (ख) सी.सी.रोड निर्माण दाऊ के घर से मोती के घर तक राशि 2.60 लाख, ग्राम पंचायत भटगांव में मुक्ति धाम एवं प्रतीक्षालय शेड निर्माण राशी 4.79 लाख रुपए मंजूर किए गए।

# संगठन महामंत्री ने सोनईडोंगरी में आम जनता के साथ सुनी मन की बात

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com





जिले में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 99वें एपिसोड को संबोधित किया इस एपिसोड में उन्होंने ऑर्गन डोनेशन पर बात की। उन्होंने दो ऐसे परिवारों से बात की, जिनके किसी सदस्य की मृत्यु के बाद उसके अंगदान किए गए। इनमें से एक परिवार पंजाब का था, जिसकी 39 दिन की बच्ची देश की सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनर बनी बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक के ग्राम तार्री शक्तिकेंद के ग्राम सोनई डोंगरी बूथ क्रमांक 236 में मन की बात सुनी गई जहां प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय शामिल हुए उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

**नारी शक्ति की उपासना का समय–**

पवन साय ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में इस एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि ये नवरात्र का पर्व है। नारी शक्ति की उपासना का समय है। आज भारत का जो सामर्थ्य नए सिरे से निखरकर सामने आ रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारी नारी शक्ति की है। हाल फिलहाल ऐसे कितने ही उदाहरण हमारे सामने आए हैं पवन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के बारे में काम करते आए हैं उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरुआत की थी आज इसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है पवन साय जी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि भारत सोलर एनर्जी के क्षेत्र में जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, वो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। भारत में सूर्य की शक्ति को लेकर जो वैज्ञानिक समझ रही है, सूर्य की उपासना की जो परंपराएं रही हैं, वे अन्य जगहों पर कम ही देखने को मिलती हैं। सबका प्रयास की यही भावना आज भारत के सौर ऊर्जा मिशन को आगे बढ़ा रही है। पुणे में एक सोसायटी में लोगों ने मिलकर सोलर पैनल लगवाए।

इन पैनलों से हर साल 89 हजार किलोवाट आवर बिजली पैदा हो रही है, जिससे हर महीने 40 हजार रुपए की बचत हो रही है। वहीं, दीव भारत का पहला ऐसा जिला बना है, जो दिन के समय सभी जरूरतों के लिए पूरी तरह से क्लीन एनर्जी का इस्तेमाल कर रहा है।

# 7 मई से होगा धर्मनगरी कवर्धा में साधु संतों का जमावड़ा, योगगुरु स्वामी रामदेव बाबा भी होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



धर्मनगरी कवर्धा में रुद्र महायज्ञ व श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ और श्री राम कथा के साथ ही योग शिविर का भव्य आयोजन के सम्बंध में बैठक हुई धर्म नगरी कवर्धा में 7 मई से 15 मई तक भव्य रूद्र महायज्ञ एवं श्रीमदभागवत तथा विशाल योग शिविर का आयोजन होना सुनिश्चित हुवा हैं, जिसमे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जगतगुरु स्वामी, रामस्वरूप आचार्य महाराज चित्रकूट धाम एवं राजीव लोचन महाराज चित्रकूट धाम और एवं योगगुरु बाबा रामदेव एवं आयुर्वेद रत्न आचार्य बालकृष्ण की गरिमामय उपस्थिति में सभी समाज के प्रमुखों की मुख्य भूमिका के साथ 9 दिवसीय धर्मजागरण की विभिन्न प्रकार के भजन कीर्तन,भक्तिमय आयोजन किया जायेगा जिसको लेकर यूथ क्लब भवन में बैठक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा तैयारी को लेकर प्रदेश से पहुंचे संजय अग्रवाल योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं पतंजलि योग शिविर के छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी ने बताया कि कवर्धा धर्मनगरी में एक ही मंच पर रूद्र महायज्ञ श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह श्री राम कथा और योग शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है जोकि आस पास के क्षेत्र वासियों के लिए गौरव की बात है ऐसा आयोजन सौभाग्यशाली लोगो को मिलता है, अब हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस भक्तिमय योगमय कार्यक्रम को सफल बनाये और विश्व में कबीरधाम जिले का नाम रौशन करे और उन्होंने बताया कि पूर्व 2013 में बाबा रामदेव का कार्यक्रम सफल पूर्वक आयोजन रहा है,और इस बार फिर से इस विशाल आयोजन को राष्ट्रीय स्तर तक पहुचाने का कार्य हम सबको जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनिल सिंह जिला भाजपा अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कबीरधाम जिला के लिए बहोत बड़ा आयोजन किया जा रहा है।

# अटल आवास सोसाइटी के सुने घर से पचास हजार नकदी और 11 तोला सोने की चोर

**बेमेतरा।** अटल आवास हाउसिंग बोर्ड सोसायटी वार्ड नंबर 3 के सूने घर से 50000 नकदी और 11 तोला सोने के गहने की चोरी हो गई जिसकी



रिपोर्ट करने पर पुलिस ने मौके पर जांच किया किंतु अभी तक के पुलिस को किसी तरह की सफलता नहीं मिली है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार बीते रविवार को वार्ड नंबर 3 में स्थित अटल आवास हाउसिंग बोर्ड सोसायटी में रहने वाले दिनेश चंद्र उम्र 52 साल अपने पत्नी के साथ सुबह करीब 10:20 में पूजा करने के लिए मंदिर के लिए रवाना हुए और वहां से करीब 12:10 में अपने घर पहुंचे जहां पर देखा कि घर के सामने वाले दरवाजा खुला हुआ है जब अंदर जाकर देखें तो तीनों कमरे के ताला टूटा हुआ था साथ इसके साथ ही अलमारी भी ताला तोड़ दिया गया था और उसमें से रखे नगदी ?50000 एवं 11 तोला सोने के गहने जो करीब 11 तोला था उसकी चोरी हो गई थी।

# डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में शिक्षक भर्ती का लिखित परीक्षा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी दिल्ली के तत्वधान में छत्तीसगढ़ राज्य डी ए वी संस्था प्रमुख डिप्टी रीजनल डायरेक्टर प्रशांत कुमार जी के दिशा निर्देश में क्षेत्रीय निर्देशक जोन-डी डॉ बी पी साहू के नेतृत्व में डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल नंदनी शिक्षक बप्पा आदित्य बाग, संजय महापात्रे, हेमंत कुमार साहू, कामेश्वरी बंजारे, स्मिता रूसिया के सहयोग से डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में शिक्षक भर्ती का लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें 26 फरवरी से लेकर 7 मार्च तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन शिक्षक भर्ती हेतु अभ्यार्थियों से ऑनलाइन फॉर्म मंगाया गया था, ऑनलाइन पोर्टल में परीक्षा हेतु पात्र सूची जिसमें से 282 को पात्र पाया गया इन पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में 26 मार्च 2023 दिन रविवार को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। कुल 115 अभियार्थीयो ने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता पहुंचकर अपना लिखित परीक्षा दिए हैं इस अभ्यार्थियों को ही आगे लिखित परीक्षा के रिजल्ट के आधार चयननित करके इंटरव्यू हेतु बुलाया जाएगा। तथा अभ्यर्थियों का इंटरव्यू में भी चयननित होने पर डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के लिए कुल 18 रिक्त शिक्षक पद की भर्ती किया जाएगा। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के कुल 72 मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के लिए एक साथ विज्ञापन जारी करके जिलेवार व अभियर्थियों के डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया था। शिक्षक बनने हेतु अभियर्थियों के लिए कुल छत्तीसगढ़ में 20 परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें हजारों बेरोजगार लोगों को डी ए वी में शिक्षक बनने का सुनहरा मौका था। डी ए वी के प्रचार्य पी एल जायसवाल, ने जानकारी साझा किया कि टीचिंग और नॉन- टीचिंग पोस्ट के लिए डीएवी कॉलेज प्रबंध समिति, नई दिल्ली ने सीबीएसई से संबद्ध छत्तीसगढ़ राज्य के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने के लिए टीचिंग और नॉन- टीचिंग रिक्तियों की भर्ती के लिए एक रोजगार भर्ती परीक्षा का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ हैं, विद्यालय में आज शा हाई स्कूल जांता के प्रचार्य बी डी पटेल, सुमन वर्मा, पी एल भारद्वाज ललित देवांगन आदि सभी ने भी परीक्षा को सफल बंनाने में सहयोग प्रदान किए।

# पुरानी रंजिश के चलते दो लोगो की हत्या आरोपी पुलिस के गिरफ्त मे

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुरानी रंजिश के चलते 2 लोगों की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है इस संबंध में जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी पंकज पटेल पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 24 मार्च को रात्रि करीबन 08 बजे बचेडी गांव के रहने वाले दोनो मृतक अपने-अपने मोटर सायकल में देवकर से गांव वापस बचेडी आ रहे थे जिसे डेहरी रोड में पंचु निषाद के घर के सामने बद्री यादव ने डंडे से मारपीट कर रहा है कि सुचना पर गांव के सरपंच व अन्य लोगो के साथ मौके में आये जहां सुरेश ध्रुव पिता शोभाराम ध्रुव उम्र 45 साल साकिन बचेडी पुलिस चौकी देवकर एवं विनोद यादव पिता जगदीश यादव उम्र 40 साल साकिन बचेडी पुलिस चौकी देवकर दोनो रोड में बिहोस लहू-लुहान पडे थे सिर में कई जगह गहरा चोट था। दोनो के पहने कपडे में खुन लगा है रोड में खुन गिरा हुआ है एवं दोनो का मोटर सायकल भी पडा है जिसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल साजा ले गये जहां डां. द्वारा चेकप करने पर दोनो घायलों को मृत होना बताया। विनोद यादव एवं सुरेश ध्रुर्वे को गांव के बद्री यादव पिता कौशल यादव उम्र 30 साल साकिन बचेडी पुलिस चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा ने किसी रंजिश के चलते दोनो के सिर में डंडा से जान से मारने की नियत से प्राण घातक चोट पहुचा कर हत्या किया है प्रार्थी कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी देवकर थाना साजा में अपराध सदर धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस चौकी देवकर स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी बद्री यादव को हिरासत में लेकर पुछताछ करने से पता चला वह अपने गाय, बैल को घर सामने गली में बांधते थे तो मृतक सुरेश ध्रुव एवं विनोद यादव उसे परेशान करते थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है नवरात्रि पर्व

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नारायणपुर सहित क्षेत्र के आसपास मंदिरों में श्रद्धा भक्ति के साथ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ बुधवार से प्रारंभ हो गया है। नवरात्रि के प्रथम दिन सिद्ध पिठ मां महामाया मंदिर में भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए अखण्ड ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है, इसके साथ ही भक्तों ने ज्वारा भी लगाया है। जहां मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन कर अपनी मनोकामना के आचार्य के सानिध्य में विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभ मुहूर्त में ज्योति प्रज्वलित कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में मां महामाया मंदिर में 113 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। जहां ग्राम नारायणपुर के सुरेश निर्मलकर व पड़ा गंगाराम यादव, कुमार साहू ने बताया कि चैत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो जाने के साथ मां के दरबार में आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है. मां का दरबार को सजाया गया है. जहां पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिल रही है. दर्शनार्थियों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। जहां लोग मां के दर्शन करने के लिएं दूर -दूर से आ रहें हैं जहां मंदिर में प्रतिदिन सेवा मंडलियों के द्वारा जसगीतो की प्रस्तुति दी जा रही है। चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते ही लोगों में उत्साह व उमंग के साथ ही वातावरण में धार्मिकता का बोध होने लगा हैं। नवरात्रि के पंचमी पर मा देवी का विशेष श्रृंगार के साथ विशेष पूजा अर्चना कि जाती है। जिसमें सभी वर्ग के लोग इन दिनों शक्ति की देवी मां जगत जननी की आराधना उपासना में जुटे हुए हैं। जहां मंदिरों में घंटी व शंख की गूंज से गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है . मां दुर्गा की नवरुपों की उपासना किया जा रहा है।शाम होते ही मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रहती है। मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। जगह-जगह जगत जननी मां दुर्गा की जयकारा से पूरा वातावरण दुर्गोमय बना हुआ है। मां के दर्शन करने लोग मंदिरों में पहूंच रहें और और मनोकामना पूर्ति की मन्नतें मांग रहे हैं। मंदिरों में भक्तों का तांता लग रही है। साथ ही लोगों ने बताया कि माता रानी की पूजा अर्चना करते हुऐ जनकल्याण की कामना कर रहें है।

# निर्माणाधीन मकान के तीसरे मंजिल से नीचे गिरकर एक मजदूर की मौत, एक की हालात गंभीर





पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

सोमवार को शहर के रामदेव चौक स्तिथ एक निर्माणाधीन मकान में बड़ा हादसा हो गया। जहां मकान निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर की तीसरे मंजिल से नीचे गिरने से मौत हो गई। वही एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिकी इलाज़ के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के रामदेव चौक पर एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। मकान 3 मंजिला है। निर्माण कार्य के लिए लिफ्ट लगाई गई हैं। जिससे मजदूर मकान निर्माण का कार्य कर रहे थे। तभी सोमवार की सुबह करीबन साढ़े 10 बजे तीसरे मंजिल के हिस्से के लिफ्ट से दो मजदूर ग्राम चिल्हाटीकला निवासी राजू पटेल (30 वर्ष) और महेंद्र कुमार यादव (45 वर्ष) नीचे गिर गए। मजदूर राजू पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। तो वही महेंद्र यादव को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसे प्राथमिकी इलाज़ के बाद राजनांदगांव हायर सेंटर रेफर कर दिया गया हैं। पूरी घटना बालोद थाना क्षेत्रान्तर्गत की है। बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन मकान में मजदूर बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य कर रहे थे। जब यह हादसा हुआ, तब किसी भी प्रकार की सुरक्षा मजूदरो को प्रदान नही की गई थी।

**एक माह पूर्व पानी टंकी के ऊपर से गिरने से मजदूर की हुई थी मौत**

गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम तवेरा में पानी टंकी निर्माण कार्य के दौरान टंकी के ऊपर से नीचे गिरने से एक मजदूर की मौत हुई थी। मृतक मजदूर बिहार का रहने वाला था। पानी टंकी निर्माण कार्य के दौरान टंकी का छज्जा अचानक नीचे गिर गया। जिससे टंकी के ऊपर कार्य कर रहा मजदूर नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस घटना में ठेकेदार की लापरवाही सामने आई थी। सुरक्षा मानकों को ताक पर रख मजदूरो से काम करवाया जा रहा था।

**सम्भागीय प्रभारी सवन्नी ने ली जिला भाजपा की समीक्षा बैठक**

# मजबूत इच्छाशक्ति के साथ जीतेंगे जिले की तीनों सीटें : भूपेंद्र सवन्नी

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला बेमेतरा के तीनों विधानसभा में चल रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान सह राष्ट्रपति महोदया की अभिभाषण कार्यक्रम की समीक्षा हेतु भाजपा की आवश्यक बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा के दुर्ग संभाग प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी शामिल हुए।उनके साथ जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला सह प्रभारी विक्रांत सिंह, नवागढ़ विधानसभा प्रभारी तोखन साहू, प्रदेश मंत्री अवधेश चन्देल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, पूर्व प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, प्रह्लाद रजक सहित जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

प्रदेश उपाध्यक्ष सवन्नी ने भारतीय जनता पार्टी ने बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर जो कार्य निर्धारित किए है, बूथ स्तर पर उन सभी कार्यों को तय समय सीमा पूरा करना है। हमारे यहां बूथ केन्द्र, शक्ति केन्द्र की संरचना है, इसे हमें और मजबूत करना है। अगर हम अपने बूथ को सशक्त कर लेंगे तो कोई भी चुनाव हम हार नहीं सकते।

उन्होंने प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि गंगाजल हाथ में लेकर कसम खाने वाली भूपेश सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसका खामियाजा 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्हें भुगतना पड़ेगा।

जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्त्ता को आवंटित कार्यों को समर्पित रूप से करना चाहिए क्योंकि छत्तीसगढ़ में चुनाव को कुछ ही माह शेष रह गए हैं।

जिला सह प्रभारी विक्रांत सिंह ने मण्डल अध्यक्षों से बूथ सशक्तिकरण अभियान के जमीनी क्रियान्वयन की रिपोर्ट मांगी। उन्होंने पार्टी के पूर्णकालिक सदस्यों द्वारा कवर किए गए बूथों के बारे में भी पूछताछ की। आभार प्रदर्शन करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान की सफलता ही हमारी विधानसभा चुनाव की जीत सुनिश्चित करेगा। इस अभियान को अपनी पूरी ताकत लगाकर इसे सफल बनाना है।

इसके साथ ही संभागीय प्रभारी सवन्नी ने बेमेतरा ग्रामीण मंडल अंतर्गत मटका तथा खण्डसरा मंडल अंतर्गत चारभाठा बूथ में बूथ कमेटी की बैठक ली। जिला कार्यालय में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, राजा पांडेय, लोकनाथ पटेल, संजीव तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, विजय सुखवानी, टीकू निषाद, ललिता साहू, दीपेश साहू, देवादास चतुर्वेदी, मोंटी साहू, बलराम पटेल, चन्द्रपाल साहू, छोटू साहू, तोरण यादव, बल्लू साहू, यशवंत वर्मा, राजेश ठाकुर, अजय साहू, विजय सिंहा, निमिराज सोनवानी, जगजीवन खरे, निशा चौबे, रिना साहू, विकास तम्बोली, दिलीप ठाकुर, सन्तोष वर्मा, रोहित साहू, आकिब मलकानी, योगेश वर्मा, महावीर ध्रुव, गौकरण साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवधेश पटेल बने पुन: प्राईवेट स्कूल एसोसियेशन बेमेतरा के जिला अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



निजी विद्यालय केवल बेमेतरा जिला ही नहीं अपितु सम्पूर्ण राज्य व राष्ट्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की रीढ है। जो शासन के सभी नियमों का विधिवत पालन करते हुए अपने जिम्मेदारी का निवर्हन भली -भाँति कर रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु बेमेतरा जिले में निजी विद्यालय संघ का 3 वर्ष पूर्व गठन हुआ था। समाधान महाविद्यालय में जिले के सभी निजी विद्यालय संचालको की बैठक हुई जिसमें सवर्सम्मति से पूर्व कायर्कारिणी सदस्यों के कार्यकाल को आगामी 2 वर्ष के लिये बढ़ाया गया। जिसमें संघ के संरक्षक दीपक अरोरा, एलंस पब्लिक स्कूल, अलका तिवारी, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल व अंशुल शर्मा, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल एवम सवर्सम्मति से अवधेश पटेल को अध्यक्ष, रामकुमार भारती को सचिव व वसीम खान को कोषाध्यक्ष चुना गया। आशीष सिंघानिया, राजेशधर दीवान , दीपा तिवारी को उपाध्यक्ष ,योगेश बागरेचा को सहसचिव, वीरेन्द्र जायसवाल , आनंद शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य व मृदु महाजन, लोकेश राठी को सलाहकार सदस्य चुना गया। सभी ने समस्त पदाधिकारियों एवं अध्यक्ष को बधाई दिये। एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश पटेल ने बताया कि यह संगठन पिछले 3 वर्षो से शैक्षिक गुणवत्ता के लिये प्रयासरत है। पिछले वर्षों में एसोसिएशन द्वारा कई सकारात्मक कार्य किये गये कोरोनाकाल में गवर्नमेंट हॉस्पिटल में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किया गया, निःशुल्क काढ़ा वितरण किया गया एवं 10वीं, 12वीं के प्रतिभावान विद्याथियों को सम्मानित किया गया। प्राइवेट एवं शासकीय विद्यालयों के श्रेष्ठ शिक्षकों एवं समाज के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्राइवेट स्कूलों के हितों के संरक्षण एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यकतानुसार मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, शिक्षासचिव, कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को मिलकर, ज्ञापन देकर इसका निराकरण का प्रयास किया गया। इस तरह की शिक्षाप्रद रचनात्मक गतिविधियाँ आगामी समय में भी जारी रहेगी। साथ ही प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसियेशन बेमेतरा के बैठक में जिले के कलेक्टर पी.एस.एल्मा जी से सभी सदस्यों ने भेंट किया।

# अष्टभुजी देवी अड़भार की पैदल निकली पालकी यात्रा, चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति ने किया था बड़ा आयोजन

**हजारों की संख्या में गिरते पानी में भी लोग निकल पड़े माता के दर्शन करने, माता दरबार में लगा समिति का भंडारा, नवरात्रि पर्व पर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस भी जुटी है मुस्तैदी से**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com







शक्ति शहर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के पर्व पर मां अष्टभुजी देवी अड़भार की पालकी यात्रा निकाली गई जो कि शहर से पूजा-अर्चना कर यह यात्रा रवाना हुई तथा देर शाम शहर सहित पूरे क्षेत्र में खराब हुए मौसम एवं भारी बारिश के बावजूद देवी भक्त सड़कों पर नंगे पैर जय माता दी, जय मां अष्टभुजी देवी, जय मां चंद्रहासिनी देवी, जय मां महामाई दाई के घोष के साथ लगभग 13 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा करते हुए मां अष्टभुजी देवी के दरबार अड़भार पहुंचे, जहां लोगों ने माता रानी के दर्शन करते हुए दर्शन लाभ प्राप्त किया,तो वही चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति के सदस्य भी पालकी यात्रा लेकर माता के दरबार में पहुंचकर पूजा- अर्चना के साथ ही दर्शन भी किए तथा इस अवसर पर रात्रि मंदिर परिसर में भारी संख्या में भीड़ रही तथा लोगों ने पालकी कंधों पर उठाकर माता रानी को मंदिर दरबार तक पहुंचाया एवं चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष दोनों नवरात्रि पर्व पर मां अष्टभुजी देवी एवं मां चंद्रहासिनी देवी चंद्रपुर की पैदल यात्रा निकाली जाती है, जो कि अपने आप में पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन होता है, जिसमें भारी संख्या में लोग वही विशेषकर महिलाएं भी भारी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होती हैं, तथा मां अष्टभुजी देवी की पालकी यात्रा को सफल बनाने में चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति के सभी पदाधिकारी-सदस्यों का भी योगदान रहा,एवं देवी भक्तों में भारी उत्साह देखा गया तथा वापसी में अड़भार से रात्रि समय देवी भक्तों के वापस आने के लिए भी समुचित बसों की एवं अन्य वाहनों की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की गई तथा यह पालकी यात्रा ढोल- बाजे एवं डीजे साउंड के साथ शक्ति माता दरबार तक निकली, यात्रा मार्ग में जगह-जगह लोगों द्वारा शामिल पद यात्रियों के लिए स्वल्पाहार जलपान एवं अन्य भोजन की भी व्यवस्था की गई थी तथा मां अष्टभुजी देवी मंदिर अड़भार के बाहर चंद्रपुर पद यात्रा सेवा समिति ने रात्रि समय विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया वही अड़भार में मां अष्टभुजी देवी मंदिर में नवरात्रि पर्व पर लोगों के दर्शन करने भीड़ उमड़ रही है, तथा यहां मनोकामना ज्योति कलश भी प्रज्वलित किए गए हैं जिसके दर्शन कर लोग पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं, वही नगर पंचायत द्वारा भी मंदिर परिसर सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में समुचित प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था की गई है तथा पुलिस चौकी अड़भार के प्रभारी योगेश पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरे मंदिर परिसर तथा अड़भार शहर में नवरात्रि पर्व को लेकर मुस्तैदी से तैनात है।



## समस्त भय से मुक्ति देती है माँ कालरात्रि: पं द्विवेदी

**जांजगीर चांपा।** चाम्पा नगर की कुल देवी माँ समलेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि बड़ी धूम धाम से मनाया जा रहा है प्रतिदिन माँ समलेश्वरी के समक्ष देवीभागवत का मूल पाठ दुर्गासप्तशती का पाठ हो रहा भक्त माँ के दर्शन के लिए लाइन पर अपनी बारी का इंतजार करते है पं अतुल कृष्ण द्विवेदी के अनुसार सप्तमी पर मध्य रात्रि माँ समलेश्वरी के समक्ष माँ कालरात्रि को स्वेत बलि निम्बू की माला अर्पित की जाएगी सप्तमी पूजन मंगलवार दिनांक 28-03-2023 को मध्य रात्रि 10.30 बजे माँ को भक्तो और श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की जाएगी इस पूरे आयोजन में शासन द्वारा जारी कोविड 19 के रोकथाम हेतु प्रयास किये जा रहे है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ समलेश्वरी के समक्ष मनोकामना 751 घी ज्योति कलश 551 तेल ज्योत कलश प्रज्वलित की जा रहा है।

# जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन का पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

■ 90 संस्थाओं का किया गया विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए सम्मान, कलेक्टर नूपुर ने कहा- शक्ति जिले को सुव्यवस्थित करना ही प्रशासन का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन का पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 27 26 मार्च को हटरी धर्मशाला शक्ति में संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शक्ति जिले की कलेक्टर आईएएस नूपुर राशि पन्ना, यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, पूर्व मंत्री नोबेल कुमार वर्मा, पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू,यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश आचार्य, प्रदेश संगठन मंत्री तिलका साहू, मुन्नी लाल अग्रवाल, नवभारत के रायपुर सह संपादक बसंत वीर उपाध्याय, नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, नगर पंचायत बाराद्वार की अध्यक्ष रेशमा विजय सुर्यवंशी, नगर पंचायत जैजैपुर के अध्यक्ष सोनसाय देवांगन, यूनियन के संरक्षक श्यामसुंदर अग्रवाल, अमरलाल अग्रवाल कांट्रेक्टर, जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र अग्रवाल, यूनियन के कोरबा रायपुर जिला अध्यक्ष के पी तिवारी, कोरबा जिला अध्यक्ष विजय लाल, जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष राजू शर्मा, बलौदा बाजार भाटापारा जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास, दुर्ग जिला अध्यक्ष रवि कुमार सोनकर सहित विभिन्न जिलों से पदाधिकारी मौजूद रहे,कार्यक्रम का शुभारंभ वीणावादिनी मां सरस्वती एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन तथा कमला देवी गबेल द्वारा अरपा के पैरी राजकीय गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ, शुभारंभ अवसर पर शासकीय विद्यालय परसदा खुर्द के बच्चों ने बस्तर लोक नृत्य की पारंपरिक वेशभूषा में सुंदर दो अलग-अलग नृत्यों की प्रस्तुति दी जिसकी सभी ने प्रशंसा भी की एवं बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप राशि भी प्रदान की गई, कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथियों का जहां स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण के माध्यम से सम्मान किया गया तो वही जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन के द्वारा अपने संगठनात्मक नियुक्तियों में जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित प्रदेश स्तर पर भी नियुक्तियों की घोषणा की गई।

# राहुल मुद्दे पर कांग्रेस शक्ति ने किया सत्याग्रह बिसाहूदास महंत उद्यान में धरने पर बैठे कांग्रेसी

**शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दादू ने कहा–भारत का लोकतंत्र खतरे में**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



राहुल गांधी के मुद्दे पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शक्ति शहर के बिसाहू दास महंत उद्यान में कांग्रेसियों ने सत्याग्रह किया, इस अवसर पर जहां काफी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता मौजूद रहे तो वही शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तिलोकचंद जायसवाल दादू ने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है, संविधान का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दिगम्बर चौबे ने कहा कि कानून में प्रावधान का मजाक उड़ाया जा रहा है,सविधान की व्याख्या बदली जा रहे राहुल गांधी को पहले संसद में बोलने से रोका गया अब उनकी सदस्यता समाप्त कर लोकतंत्र का खुला उल्लंघन किया है, देश मे बोलने की स्वतंत्रता है, जागेश्वर साथ है, आने वाले समय मे देश की जनता जवाब देगी, जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है इस बात को गांव गांव जन जन तक पहुचाने की आवश्यकता है, राहुल जी का मुंह बंद करने की साजिश है, जिला महिला कॉग्रेस की अध्यक्ष गीता देवांगन,अलका जायसवाल, रोहित यादव,अमित राठौर, राजीव जायसवाल ने भी सत्याग्रह आंदोलन को सम्बोधित किया, ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण सक्तीमे सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हुए काग्रेस जनत्रिलोकचंद दादू जायसवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, कन्हैया कुमार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण,राजेश राठौर अध्यक्ष जनपद पंचायत शक्ति, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिगंबर चौबे, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, देवांगन जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष अलका जायसवाल, नरेश गेवाडीन, राकेश रोशन महंत, महबूब खान आनंद अग्रवाल,कमल शर्मा, रथ राम पटेल, हरीश अग्रवाल, गुरु अग्रवाल, प्यारे लाल पटेल।

# सूचना के अधिकार के तहत नवीन जिला शक्ति के कर्मचारियों को भी जानकारी नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सूचना के अधिकार के तहत जानकारी लेने के लिए जब आवेदन किया जाता है तब माह गुजरने के बाद भी अभी तक कोई जानकारी नहीं दिया जाता है ना ही किसी प्रकार से पत्र किया जाता है। यह मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति का है जब हमारे संवाददाता ने सूचना का अधिकार के तहत जानकारी चाही गई तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के द्वारा पत्र व्यवहार नहीं किया गया न हीं जानकारी। जब हमारे संवाददाता ने प्रथम अपील के लिए जिला चिकित्सालय शक्ति में प्रथम अपील प्रकरण का आवेदन लेकर गए तो वहां पर जिला चिकित्सा अधिकारी शक्ति के द्वारा आवक जावक ने इस संबंध में किस प्रकार की जानकारी दी न हीं प्रथम अपील लेना चाहा वहां से जब हमारे संवाददाता वापस आने के बाद पूर्व जिला जांजगीर मैं प्रथम अपील किया जहां पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर ने वह प्रथम अपील को पुनः सह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शक्ति के कार्यालय में हस्तांतरित कर दिए लेकिन आज की स्थिति में सह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शक्ति के द्वारा प्रार्थी को जानकारी नहीं दे रहे हैं मामला क्या है यह तो जिला चिकित्सालय सकती में जो आप देख रहे हैं। उन्हें सूचना के अधिकार के तहत जानकारी ना होने के कारण प्रथम अपील को लेने से इनकार किया और पुनः मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर को अपील की बात, कही सह मुख्य चिकित्सा अधिकारी सकती को हस्तांतरित करने के बाद भी अभी तक कोई जवाब आवेदक को नहीं मिला। इस तरह से कहा जा सकता है कि सह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शक्ति को जानकारी नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गई।

# हसदेव पब्लिक स्कूल चांपा के काव्यांश सिंह ने 99.3 तो काव्या सिंह ने अर्जित किए 99 फीसदी अंक



■ अजीत सिंह एवं ममता सिंह राठौर के होनहार बच्चे हैं काव्यांश, 25 मार्च को घोषित हुए परिणाम

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के प्रतिष्ठित हसदेव पब्लिक स्कूल लच्छनपुर (चांपा) में कक्षा दूसरी में अध्ययनरत छात्र काव्यांश सिंह राठौर ने 99.3 प्रतिशत अंक एवं छात्रा काव्या सिंह राठौर ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिजनों को गौरवान्वित किया है, हसदेव पब्लिक स्कूल लच्छनपुर (चांपा) का परीक्षा परिणाम 25 मार्च 2023 को जारी किया गया, जो विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत् रहा। घोषित परिणाम के अनुसार, कक्षा दूसरी में अध्ययनरत छात्र काव्यांश सिंह राठौर ने 99.3 प्रतिशत अंक एवं छात्रा काव्या सिंह राठौर ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। ये दोनों विद्यार्थी, जांजगीर निवासी अजित सिंह राठौर एवं जिला पंचायत जांजगीर-चांपा में पदस्थ ममता सिंह राठौर के जुड़वा बच्चे हैं। दोनों बच्चों की इस उल्लेखनीय सफलता पर स्कूल प्रबंधन सहित परिजनों में हर्ष व्याप्त है।

# केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के विरोध में हसौद ब्लाक कांग्रेस का सत्याग्रह धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश में केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के विरोध एवं लोकसभा से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में एकदिवसीय सत्याग्रह धरना प्रदर्शन हसौद में किया किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कुशल कश्यप ने कहा जिस प्रकार से केंद्र की मोदी सरकार विपक्षियों पर कभी ईडी कभी सीबीआई और कभी अन्य माध्यमों से दबाव बनाकर सदन में आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है जिस तरह से केंद्र की मोदी सरकार और अदानी समूह के संबंध के बारे में राहुल गांधी द्वारा संसद में प्रश्न पूछे जाने से डर कर उसकी सदस्यता रद्द की गई है ताकि विपक्ष की जेपीसी की मांग बाधित हो तथा मोदी और अडानी के संबंध में कोई खुलासा ना हो सके लेकिन देश की जनता अब सब समझ चुकी है कि कहीं ना कहीं मोदी अडानी समूह के माध्यम से देश की जनता की खून पसीने की कमाई को लूट रही है और इसी आवाज को दबाने के प्रयास के फलस्वरूप तानाशाही रवैया अपनाते हुए राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की है लेकिन ना राहुल गांधी इन सब से डरने वाले हैं और ना कांग्रेस का कोई सिपाही इन से डरने वाला है हम सब राहूल गांधी के साथ खड़े ये लड़ाई अब सड़क पर लड़ी जायेगी। कार्यक्रम को अनिल चन्द्रा पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस विधानसभा जैजैपुर, डॉ.चौलेश्वर चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी विभाग,राईस किंग खुंटे प्रदेश उपाध्यक्ष अजा विभाग, वरिष्ट नेता कमल किशोर साहू, मधुशुदन साहू, सुरेन्द्र भार्गव, राजेश लहरे, हरिलाल खटर्जी, विजय चन्द्रा, दादू राम सोनवानी, संतोष साहू, ओमप्रकश बर्मन, रामकिशन घृतलहरे भी सम्बोधित किया, कार्यक्रम संचालन मोहन धिरहे आभार भुवन जांगडे ने किया। इस अवसर पर भोजराम हरवंश,किशोर चन्द्रा, भगवानदिन भारद्वाज,दुजराम साहू, गणेश माझी, रमेश कश्यप, अनुज बंजारे, गणेश कश्यप,पवन मानिकपुरी, राज सोनी, मनोज चन्द्रा, लखन चन्द्रा, स्माइल खान, दिलेश्वर पटेल, ध्रुव रात्रे, गेस कुमार जाटवर, जगदीश निराला संतोष लहरे, दौलत चन्द्रा,जयंत महिलांगे, अमरदीप जायसवाल, विकास मल्होत्रा, सहीत बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपास्थित रहें।

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की शक्ति जिले की कार्यकारिणी घोषित

**डॉ रामकुमार चंद्रा एवं डॉ पूरन साहू बनाए गए जिले के सहसंयोजक**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ विमल चोपड़ा महासमुंद की स्वीकृति एवं भाजपा शक्ति जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा की सहमति से शक्ति जिले के चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ धीरेंद्र कुमार खुटे बस्ती बाराद्वार ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है,जिला कार्यकारिणी में सह संयोजक डॉ.रामकुमार चंद्रा बम्हनीनडीह एवमडॉ पूरन साहू भोथिया बनाए गए हैं,तो वही कार्यालय प्रभारी का कार्य डॉक्टर तुलसी साहू नवापारा एवं मीडिया प्रभारी डॉ किशन सिंह राठौर बाराद्वार देखेंगे, जिला कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में डॉ पूनीराम साहू छपोरा, डॉ वीरेंद्र मैत्री छपोरा, डॉक्टर चैतराम श्रीवास बाराद्वार, डॉ.कोमल राठोर सारागांव, डॉक्टर कौशल पटेल भोथिया, डॉ मुकेश देवांगन सकती, डॉ. ड़केश साहू मालखरौदा, डॉ. जीतराम मालखरौदा, अभिषेक शर्मा, डॉ नारायण जैजैपुर, डॉ सलील विश्वास चंद्रपुर, डॉक्टर कमलेश साहू अड़भार, डॉक्टर टिकेश्वर पटेल अड़भार, डॉ. कुशल मानिकपुरी डभरा, डॉ. श्यामलाल चंद्रा भोथया, डॉ छतराम मालखरौदा, डॉ. भुनेश्वर प्रसाद साहू बनाए गए हैं,जिला संयोजक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि भाजपा जिला की उपरोक्त कार्यकारिणी की घोषणा की गई है तथा आने वाले दिनों में शक्ति जिले के सभी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मंडल स्तर पर भी चिकित्सा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार कार्यों को गति दी जाएगी एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से केंद्र की सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं आयुष्मान कार्ड एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नीचे स्तर तक दी जाएगी वहीं चिकित्सा प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी गठन से कार्यकर्ताओं ने भी पदाधिकारी सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं

# अवैध शराब बिक्री करने वालों पर जिला पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



अवैध शराब बिक्री करने वालों पर जिला पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही। कलेक्टर जिला जांजगीर-चाम्पा ऋचा प्रकाश चौधरी एवं विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित विशेष संयुक्त दल द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाहीयां निरंतर जारी रहेगी। यदुमणि सिदार, अनु. अधिकारी.(पुलिस) चाम्पा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही। आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की लगातार संयुक्त कार्यवाही से शराब माफियाओ मे भय का माहौल। संयुक्त टीम द्वारा कुल 397.2 लीटर कच्ची महुआ/देशी शराब बरामद किया गया। 4000 किलोग्राम लहान बरामद कर मौके पर उपयुक्त तरिके से नष्टीकरण किया गया। आरोपी सुनील एवं दीपक यादव के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। अवैध शराब करने वालों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यदुमणि सिदार, अनु. अधिकारी पुलिस चाम्पा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया जिसमें जिला पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए छापामार कार्यवाही की गई जिनके द्वारा थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कटोद में दबिश दी गई जहाँ सुनील से 40 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। थाना शिवरीनारायण क्षेत्र में दबिश देकर दीपक यादव से 7.2 लीटर देशी शराब बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के लोहर्सि डेरा में अवैध शराब होने की सूचना प्राप्त होने पर संयुक्त टीम द्वारा दबिश दिया गया जहाँ से 120 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया एवं पामगढ़ थाना क्षेत्र कमरीद डेरा में दबिश देकर 230 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही विशेष अभियान के दौरान कुल 4000 किलोग्राम महुआ लाहन को बोरी में भरकर तालाब में छुपाया गया था जिसे बाहर निकालकर विधिवत मौके पर नष्टीकरण किया गया एवं बर्तन भी जप्त किया गया।

## 2 आरोपियो को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

# शादी डाट काम मे नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से नया बैक खाता खुलवाकर बैक खाता का गलत उपयोग कर धोखधडी

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



शादी डाट काम मे नौकरी लगाने के नाम पर लोगो से नया बैक खाता खुलवाकर बैक खाता का गलत उपयोग कर धोखधडी करने वाले 2 आरोपियो को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार आरोपी क्रांति कुमार कश्यप एवं योगेश्वर सावरा को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया प्रकरण में सम्मिलित अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। आरोपियों से बैक पास बुक, एटीम कार्ड मोबाइल, एक नग लैपटाप, ग्राहको के पासबुक एवं उनकी कंपनी संबधी दस्तावेज एवं बैनर पोस्टर जप्त किया गया। महंगे शौक पूरा करने के लिये आरोपीगण धोखाधड़ी करते थे। प्रार्थी रामचरण यादव द्वारा थाना नवागढ मे रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मिस्दा निवासी क्रांति कुमार कश्यप प्रार्थी के घर आया और शादी डांट काम मे नौकरी लगावा दूगा उसके लिए 5000रू लगेगा और खाता खोलवाना पडेगा कहने पर प्रार्थी उसे 5000 रू दिया तो क्रांतिकुमार प्रार्थी और गांव के सोमनाथ साहू को अपने साथ शादी डांट काम में कार्य कराने के लिये टाटानगर जमशेदपुर झारखंड ले गया और वहा प्रार्थी के नाम से INDUSIND BANK जमसेदपुर मे एवं दो और बैको मे खाता खुलवाया था। बैक का पास बुक एवं अन्य दस्तावेज को क्रांतिकुमार अपने पास रखा था। उसके दो तीन दिन बाद प्रार्थी दोनों को वापस ग्राम मिस्दा भेज दिया। प्रार्थी के मोबाईल नंबर में बैंक से मैसेज आने पर प्रार्थी को पता चला की उसके खाता क्रमांक में रकम लेन-देन हो रहा है तो प्रार्थी क्रान्तिकुमार से पैसे के बारे मे पूछा तो क्रांति कुमार बोला कि मैसेज आना बंद हो जाएगा और कुछ नही बताया,तो प्रार्थी को लगा कि उसके नाम के खाता का गलत उपयोग हो रहा है तो प्रार्थी द्वारा अपने खाते को बंद करा दिया तो उस समय उसके खाते में करीबन 521000रू था उसके बाद क्रांति कुमार, योगेश्वर एवं 01 अन्य व्यक्ति प्रार्थी के पास आए और खाता का पैसे को मागे तो प्रार्थी पैसे को क्रांति कुमार को वापस कर दिया इसके बाद भी तीनों व्यक्ति पुनः प्रार्थी के पास आये और पैसे की मांग करने लगे पैसे नहीं देने पर प्रार्थी और उसके घरवालों को जान से मारने की धमकी दिये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना नवागढ मे धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी क्रांति कुमार कश्यप उम्र 26 साल निवासी ग्राम मिस्दा एवं योगेश्वर सावरा उम्र 27 साल निवासी ग्राम कुरियारी को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर आरोपियो द्वारा बताया गया इन लोगो को अपने शौक पूरी करने के लिये महगी कार, मोबाइल,महगे कपडे, घर लेने के लिए पैसे की आवश्कता थी तो इन लोगो ने शादी डाट काम जैसे कंपनी खोलकर पैसा कमाने की योजना बनाये थे ये सब मिलकर अपने दोस्त के नाम से भारतीय रिस्ते और क्रांति कुमार के नाम से लक्ष्मी इन्फो सर्विस नाम से आन लाइन कंपनी, शादी के रिस्ते कराने का काम करने वाली कंपनी बनाये थे जिसका आफिस जमसेदपुर झारखण्ड मे खोले थे कंपनी खोलने से कोई खास फायदा नही हुआ तो इन लोगो ने अन्य लोगो को नौकरी दिलाने के नाम पर शादी कराने के नाम पर ठग कर उनसे धोखाधड़ी कर पैसा कमाने की योजना बनाये तो क्रांति कुमार कश्यप, योगेश्वर और अन्य साथी मिलकर लोगो को शादी डाट काम मे नौकरी लगाने का झासा देकर उनसे पैसे ले लेते थे।

# मुख्यमंत्री से कंवर समाज को मिला 1 करोड़ 10 लाख की सौगात

## अध्यक्ष हरवंश सिंह मिरी सहित कंवर समाज ने माना आभार

पायनियर संवाददाता ◂ छुरिया
www.dailypioneer.com



जिला राजनांदगाव के नगर पंचायत छुरिया के स्कुल ग्राउंड मे 26 मार्च 2023 को कंवर महोत्सव एवं किसान सम्मेलन आयोजित हुई थी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित हुए और जिला राजनांदगाव कंवर समाज के अध्यक्ष बिंदुलाल चंद्रवंशी जी और छत्तीसगढ़ प्रदेश कंवर आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरवंश सिंह मिरी के राजनांदगाव के रेवाडीह ग्राम और रायपुर के ग्राम लाभण्डी मे सामाजिक भवन निर्माण के लिए आर्थिक राशि की मांग पर राजनांदगाव रेवाडीह के लिए 60 लाख रूपये और लाभण्डी रायपुर मे कंवर समाज के भवन के लिए 50 लाख रूपये की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई। जिला राजनांदगाव के कंवर समाज के अध्यक्ष बिंदुलाल चंद्रवंशी सहित राजनांदगाव के समस्त कंवर और छत्तीसगढ़ प्रदेश कंवर समाज के अध्यक्ष हरवंश मिरी सहित उपाध्यक्ष गण सर्व हरिराम पूजेरी, सविता साय, डॉ संदीप ठाकुर, थानसिंग दीवान, उपेंद्र साय पैकरा, महासचिव नकुल चंद्रवशी, सह सचिव अधिवक्ता कुंजबिहारी सिंह प्रदेश, धनेश्वरी कंवर, लवन कंवर, कोषाध्यक्ष बसंत दीवान, संरक्षक गण एस. धनंजय, एम. एस.पैकरा, डी सिँह, टी आर पैकरा, मोहित कुरुवंशी,, आर.व्ही. सिंह, जवाहर पैकरा, रामनाथ साय, के आर दाऊ, एस के कंवर, के के दीवान, के.सी. पैंकरा, रामलखन पैंकरा, रामसिंह ठाकुर कार्यकारिणी सदस्य गण टीकाराम कंवर, महिपाल सिँह कंवर, सम्मान सिँह दीवान, बृजलाल पैकरा, एस एन सिंह, संदीप पैकरा, मनोज चंद्रवंशी, दशरथ पैकरा, भारत सिँह दीवान सदस्य गण मंथिर चंद्रवशी, छबिलाल चंद्रवंशी, रविचंद्रवंशी, ओमप्रकश चंद्रवंशी, आत्माराम चंद्रवंशी, बरातू वामन, ललित दीवान, हरभजन चंद्रवंशी, सेवाराम दीवान, मनोहर पैकरा, प्रताप दीवान, मनहरण चंद्रवंशी, हेमलाल कंवर, अंजना चंद्रवंशी, सुशीला पैकरा, चन्द्रकला, उर्मिला पैकरा, स्वेधा साय, आराधना, कुसुम पैंकरा, डॉ. प्रफुल्ल पैंकरा, डॉ. दिनेश श्रेय, शिवकुमार कंवर, दयाल पैंकरा, रुपेश दाऊ, तुकेशवर कंवर प्रमोद पैकरा, छात्रपाल सोनवानी, जानसिंह दीवान, फिरतु दीवान, शशीकांत गंगासागर, वामन चंद्रवंशी, धनेश्वर चंद्रवंशी, मोतीलाल पैंकरा, महेश पैंकरा, संजय सिंह, अरज राम कंवर, डॉ. नागेन्द्र चंद्रवंशी, खेमसिंह दीवान, राजाराम कंवर, छबिलाल सिरदार, रामचररण दीवान, हरीश दीवान, थानेश्वर कंवर, पोखन कंवर, जिला पंचायत राजनांदगाव के सदस्य और सामाजिक जन रामक्षत्रि चंद्रवंशी, ललिता कंवर रामभगवान चंद्रवंशी, महाराष्ट्र कंवर समाज के अध्यक्ष डॉ मेघराज कपूर, भारत सिँह दूधनाग के साथ समस्त जिला इकाई के अध्यक्ष गण, पदाधिकारी गण और प्रदेश के समस्त कंवर लोगों ने मुख्यमंत्री के प्रति कंवर महोत्सव छुरिया मे एक करोड़ दस लाख की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा पर आभार मानते हुए समाज विकास की दिशा मे मुख्यमंत्री के इस योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त किये हैं।

# वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, कचरा और प्राकृतिक पर्यावरण के प्रदूषण भारत के लिए चुनौती : संतोष गुप्ता

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जनचेतना, पर्यावरण संरक्षण सम्वर्द्धन, नशा मुक्ति अभियान को लेकर छत्तीसगढ़ शासन में शिक्षक संतोष गुप्ता रविवार को मनेन्द्रगढ़ पहुंचे। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। अपनी नौकरी से छुट्टी लेकर छत्तीसगढ यात्रा करते हुए गुप्ता जगह जगह घूम कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं.मनेन्द्रगढ़ प्रवास के दौरान पर्यावरण छत्तीसगढ गतिविधि एवं ग्रीन वैली द्वारा उनका स्वागत किया एवं चर्चाएं हुई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने एक वृक्ष देश के नाम अभियान मिल कर जागरूक करने का संकल्प लिया। मनेन्द्रगढ उनका 29वा जिला है एवं यात्रा का उनका 14वा दिन था। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी संतोष गुप्ता ने कहा कि भारत में पर्यावरण की कई समस्या है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, कचरा, और प्राकृतिक पर्यावरण के प्रदूषण भारत के लिए चुनौतियाँ हैं। पर्यावरण की समस्या की परिस्थिति 1947 से 1995 तक बहुत ही खराब थी। 1995 से 2010 के बीच विश्व बैंक के विशेषज्ञों के अध्ययन के अनुसार, अपने पर्यावरण के मुद्दों को संबोधित करने और अपने पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार लाने में भारत दुनिया में सबसे तेजी से प्रगति कर रहा है। फिर भी, भारत विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के स्तर तक आने में इसी तरह के पर्यावरण की गुणवत्ता तक पहुँचने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना है। भारत के लिए एक बड़ी चुनौती और अवसर है। पर्यावरण की समस्या का, बीमारी, स्वास्थ्य के मुद्दों और भारत के लिए लंबे समय तक आजीविका पर प्रभाव का मुख्य कारण है। इस मौके पर इंजी. बसन्त जायसवाल, नरोत्तम शर्मा, सतीश द्विवेदी, संजय गायकवाड़, ईन्जी प्रिन्स केशरी, अमित जायसवाल समेत पर्यावरण प्रेमी काफी संख्या में मौजूद रहे।

# एक दिवसीय मानस गान सम्मेलन का उद्घाटन मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने किया

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



ग्राम दानीटोला में कर्मचारी प्रकोष्ठ व ग्रामीणों के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय मानस गान सम्मेलन का उद्घाटन मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के मुख्य आ आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के तैल चित्र पर पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि व उपस्थित ग्रामीणो के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से मिथलेश निरोटी ने ग्राम में मानस गान के माध्यम से राम नाम की अविरल धारा बह रही है, भगवान श्रीराम के मानसगांन में आदर्श, संस्कार व उनके बताए मार्ग को आत्मसात करने की अपील आमजन से की साथ ही कहा कि श्रीराम के कथा का वाचन होने से भक्तिमय का माहौल दिख रहा है। ,ग्रामीणों से रामचरित मानस कथा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है ,राम नाम की गंगा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को चरितार्थ करने की बात कही । इस आयोजन के लिए आयोजक मंडल व समस्त ग्रामीणों को बधाई देते हुए अतिथि के रूप में सम्मान देने पर आभार व्यक्त किये कार्यक्रम में राजेश चुरेन्द्र जनपद सदस्य, महेश्वरी अलेन्द्र सरपंच दानीटोला , उपसरपंच नेताम, मुकुंद गावड़े ग्राम पटेल, डी आर ठाकुर, नीलकंठ नेताम ,सोनू ठाकुर, और उपस्थित सभी ग्रामवासी, कर्मचारी प्रकोष्ठ गण के सदस्य उपस्थित थे

# शक्ति केंद्र चिखलाकसा में विक्रम धुर्वे के नेतृत्व में सुना गया मन की बात कार्यक्रम



**दल्लीराजहरा।** शक्ति केंद्र चिखलाकसा के बूथ क्रमांक 136 में मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे के नेतृत्व में युवाओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम। विक्रम धुर्वे ने मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को देखने के लिए सभी युवाओं से अपील की और मन की बात कार्यक्रम में बताए जा रहे बातों को प्रेरणादायक कहा। विक्रम धुर्वे ने आगे कहा की हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा माह के आखरी रविवार को मन की बात कार्यक्रम चलाया जाता है जिसका लाभ भारत के हर वर्ग के लोगों को हो रहा है। इस दौरान दल्लीराजहरा भाजपा मीडिया प्रभारी राजा डहरवाल,भाजयुमो डौंडी मंडल उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता,मुन्ना हरपाल, आजाद विभार, सौरभ कोठारी, भूपेंद्र, हृदय, प्रमोद, मनीष मंडावी, नंदू पटेल, मनीष, सुरेंद्र, अनिल, विक्की विभार, नंदू विभार, मौसम, अभिषेक, कृतेश, जागेश्वर,लिलेश्वर सोरी, करण हरपाल उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





डीबी ग्रुप ने साहू सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमे नगर के रक्तदाताओं द्वारा 63 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर में मोहला मानपुर एमएमसी ग्रुप से लीमेश रावटे, मनोज कुमार, प्रवीण पटेल अन्य आए साथियों ने भी रक्तदान किया एवं सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। संस्था के मध्यम से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है जिससे नगर व आस पास के जरूरतमंद मरीजों को आसानी से रक्त उपलब्ध किया जा सके डीबी ग्रुप के माध्यम से 7 वां रक्तदान शिविर किया गया संस्था पिछले 8 वर्ष से निःशुल्क सेवा प्रदान कर रहा है। शिविर में विशिष्ट अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक करण उके ने डीबी ग्रुप द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में कार्य की सराहना की एवं सफल आयोजन के लिए ग्रुप को बधाई दिए। उके ने अपने उद्बोधन में संस्था के सदस्यों को आगामी रक्त जन जागरूकता अभियान के लिए प्रोत्साहित किया। नगर के क्षितिज हुमने ,कोमल ठाकुर व टीम 1200 कि.मी. सायकल यात्रा पर जाएंगे, इसके लिए हमारा पुलिस विभाग जन कल्याण कार्य के लिए सहयोग करेंगा। कार्यक्रम में उपस्थित नरेन्द्र खोब्रागड़े, युवराज साहू, चेतन साहू देवलाल ठाकुर , कासिम कुरेशी, भूपेन्द्र श्रीवास, दामोदर राव, पीयूष साहू, रेखू साहू के द्वारा संस्था के सभी सदस्यों को बधाई दिए। शिविर में डीबी ग्रुप के युवा साथियों का भरपूर सहयोग रहा साथ ही साथ डीबी ग्रुप की महिला टीम का योगदान रहा कार्यक्रम में उपस्थित ब्लड बैंक स्टाफ किरण करियारे, जीतेश्वरी ध्रुव, निकिता मंडावी, अंकिता यादव का सराहनीय योगदान रहा नारी शक्ति के रूप में महिला टीम से रेणुका साहू, कु. निकिता पंजवानी ने रक्तदान किए। कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता की आरती से किया गया जिसमें महिला टीम रेखा साहू, वीणा साहू, मंजू साहू, सत्या साहू, ममता मानकर, अनिता साहू, दामिनी साहू, वीणा साहू, विमला साहू, राजेश्वरी साहू ,द्रोपती साहू, अंजू साहू के द्वारा आरती किया गया। खुशबू, बेबी निषाद, तन्नू खान, माया साहू, का सहयोग प्राप्त हुआ युवा टीम से ऋषि ठाकुर, भरत देवांगन, लक्ष्मण देवांगन, क्षितिज हुमने, पवन सोनी, कोमल ठाकुर, वीर सिंह हेमंत गौतम, सुमित जैन, संतोष रात्रे अरविंद सौरभ, दानेश आर्य, नियाज़ खान, शिवा सूर्यवंशी मजीद खान, दीपक साहू उपस्तिथ थे ।

# कैंटाबिल रीटेल ने अम्बिकापुर में नए स्टोर की ओपनिंग के साथ अपनी रीटेल मौजूदगी का विस्तार किया

**रायपुर।** भारत के जाने-माने परिधान निर्माताओं एवं रीटेलरों में से एक कैंटाबिल रीटेल इंडिया लिमिटेड ने अम्बिकापुर में अपने रीटेल स्टोर की ओपनिंग का जश्न मनाया। 1440 वर्गफीट में फैला ब्राण्ड का यह स्टोर अम्बेडकर चौक के पास, एमजी रोड दत्ता कॉलोनी, अम्बिकापुर, सरगुजा ज़िला, छत्तीसगढ़ में स्थित है। कैंटाबिल का नया स्टोर उपभोक्ताओं के लिए रीटेल अनुभव के भविष्य की अभिव्यक्ति करता है, ब्राण्ड प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पुरूषों एवं महिलाओं के लिए फॉर्मल-वियर, कैज़ुअल एवं अल्ट्रा- कैज़ुअल परिधानों की सम्पूर्ण रेंज लेकर आता है। इस स्टोर की ओपनिंग के साथ देश भर में कैंटाबिल रीटेल के स्टोर्स की संख्या 445 तक पहुंच गई है और ब्राण्ड ने अपनी रीटेल मौजूदगी के विस्तार को जारी रखने की योजनाएं बनाई हैं। स्टोर की ओपनिंग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए दीपक बंसल, डायरेक्टर, कैंटाबिल रीटेल इंडिया लिमिटेड ने कहा, ''छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर में नए रीटेल स्टोर का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। कैंटाबिल रीटेल को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, मिड-प्रीमियम सेगमेन्ट में सभी आयुवर्गों के उपभोक्ताओं ने इस ब्राण्ड को खूब पसंद किया है। उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी दरों पर आधुनिक, फैशन परिधान उपलब्ध कराने के लिए हमने छत्तीसगढ़ में अपने 9 स्टोर खोले हैं। आज देश भर में हमारी सशक्त मौजूदगी है और हम अगले कुछ सालों में अपनी रीटेल मौजूदगी का लगातार विस्तार करेंगे।'

# एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वेरीकोज वेन्स पर निशुल्क परामर्श 29 मार्च तक

## निशुल्क परामर्श के साथ 27 से 29 मार्च तक जांच पर 50 प्रतिशत की छूट भी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



वेरीकोज वेंस (उभरी हुई नसे) ज्यादातर पैरों में होती है, वह लंबे समय तक खड़े रहने, पैरों में सूजन, घाव व मोटापे के कारण होती है जिसके कारण पैरों में खुजली, जलन व कभी-कभी खून का रिसाव भी हो जाता है । लेकिन अब घबराने की कोई बात नहीं है क्योंकि वेरीकोस वेन की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत की खबर है अब रायपुर शहर में स्थित एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में इसका इलाज संभव है वह भी बिना सर्जरी के इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के साथ और इस इलाज को और भी आसान करने हॉस्पिटल द्वारा 29 मार्च तक वेरीकोस वेंस के मरीजों के लिए निशुल्क परामर्श ओपीडी एवं जांच पर 50 प्रतिशत की छूट का आयोजन हॉस्पिटल परिसर में किया गया है, जिसमें हॉस्पिटल के प्रख्यात डॉ प्रशांत पोटे (इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट) अपनी सेवाएं देंगे ।

डॉ पोटे ने बताया की निशुल्क ओपीडी में जिन भी मरीजों को नसों की समस्या जैसे नसों में दर्द, सूजन, भारीपन, ऐठन, नसों का आकार बदलना, नसों का उभरना एवं अन्य की शिकायत हो वह मरीज आज एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आकर निशुल्क ओपीडी का लाभ ले सकते हैं । हॉस्पिटल द्वारा भीड़ से बचने हेतु अग्रिम पंजीयन की सुविधा भी दी जा रही है जिसमें मरीज 8821818181 पर संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# मवेशियों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के विरूद्ध पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





मवेशियों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के विरूद्ध झगराखाण्डपुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। टी. आर. कोशिमा, पुलिस अधीक्षक जिला एमसीबी छ.ग. के द्वारा जिले मेंअवैध कार्यों की रोकथाम एवं अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किये जाने पर निमेश बरैय्या, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा राकेश कुर्रे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ के मार्गदर्शन में झगराखाण्ड क्षेत्र अंतर्गत अवैध कार्यों की रोकथाम एवं अंकुश लगाने हेतु सतत निगाह रखते हुए सघन पेट्रोलिंग एवं गस्त की जा रही थी। इस दौरान 27मार्च के मध्य रात्रि थाना झगराखाण्ड के पुलिस द्वारा रात्रि गस्त किया जा रहा था. गस्त के दौरान एक सफेद रंग का वाहन स्वराज माजदा 5252 क्रमांक MP53 GA 3306 जो काफी तेज रफ्तार से आते दिखा. पुलिस की गाड़ी को देखते ही उक्त वाहन का चालक वाहन को काफी तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बैक किया. उक्त वाहन रेल्वे फाटक के पास स्थित लक्ष्मी सिंह के घर को तोड़ते हुए टकरा कर रुका, वाहन में सवार आरोपीगण मौके से भाग निकले। तब उक्त वाहन को जाकर देखे जो नीले रंग के त्रिपाल से ढका था, त्रिपाल हटा कर देखे डाला में 06 नग भैंस भैंसा को ठूस ठूस कर काफी क्रूरता पूर्वक बांध कर क्षमता से अधिक भर कर रखे थे, जिसे देख तत्काल आस पास पता तलाश करने पर घटना स्थल से कुछ दूरी पर झाडी में कुछ व्यक्ति छुपे हुए मिले जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।

# भारतीय मजदूर संघ खदान ने मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल विगत दिनों मुख्य महाप्रबंधक राजहरा खदान समूह आर बी गहरवार से मिलकर राजहरा खदान समूह के राजहरा यंत्रीकृत खदान में माइंस एक्ट 1952 के सेक्शन 2( ए) (ii) एवं केंद्र सरकार के गैजेट नोटिफिकेशन (असाधारण) 19 जनवरी 2017 के स्पष्टीकरण क्रमांक एफ (ii) एंड (iii) और केंद्र सरकार द्वारा 10 अगस्त 2021 को प्रकाशित असाधारण गैजेट के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन एवं उनके अनुपालन हेतु ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद और खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष एम पी सिंग ने बताया कि केंद्र सरकार के इस्पात मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यरत महारत्न कंपनी सेल के ईकाई राजहरा माईंस में केन्द्र सरकार द्वारा बनाए नियम कानून का पालन नहीं हो रहा है और ईसकी खुलेआम अवहेलना की जा रही है। यह बात स्पष्ट है ऐसे खदान जो सुपरजेसेन्ट लेवल से नीचे चला गया है।

## न्यायालय तहसीलदार सारागांव जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र...................................

सारागांव, दिनांक 22/03/2023

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामराज्य पाण्डेय पिता स्व. रामावतार जाति पाण्डेय निवासी पचोरी के द्वारा ग्राम पचोरी प.ह.नं. 11 तहसील सारागांव में भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. कुल 26 रकबा 3.6060 हे. का आवेदन पत्र वास्ते फौती नामांतरण/नाम विलोपन/नाम जोड़ने/खाता विभाजन/रिकार्ड दुरूस्ती करने बाबत धारा 109, 110, 115, 178, 178क छ.ग.भू. रा. सं. के तहत इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 06/04/2023 तक न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् किसी प्रकार का दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन की शील मुद्रा में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक : 22/03/2023
पेशी दिनांक : 06/04/2023

मुहर

तहसीलदार
सारागांव

## अंकसूची गुम सूचना

मैं श्रीमती चेतना साहू पति चन्द्रशेखर साहू, जाति तेली, ग्राम कच्चे, तहसील भानुप्रतापपुर जिला कांकेर छ.ग. की निवासी हूं।

मैंने अपने विवाह के पूर्व कु. चेतना आत्मजा परमेश्वर साहू के नाम से जी.एन.एम. नर्सिंग की शिक्षा के लिए वर्ष 2017-18 में भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग दानी टोला (बालोद) छ.ग. में प्रवेश ली थी एवं मैंने प्रथम वर्ष की परीक्षा दिलाई थी। वर्ष 2018-19 में द्वितीय वर्ष की परीक्षा दिलाई जिसमें मुझे उत्तीर्ण होने पर अंकसूची जारी किया गया था।

नर्सिंग शिक्षा प्राप्त करने पर जारी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की अंकसूची नर्सिंग नौकरी प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के दौरान ही दल्लीराजहरा में दिनांक 18/09/2022 को करीब 12 बजे दिन को रास्ते में गुम हो गई है। काफी खोजबीन करने के पश्चात भी नहीं मिली और मिलने की उम्मीद भी नहीं है।

मुझे मेरे उक्त जी.एन.एम. नर्सिंग प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की अंक सूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए मूल अंकसूची के गुम हो जाने के साक्ष्य में थाना दल्लीराजहरा में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करवा दी हूं।

श्रीमती चेतना साहू

## कार्यालय जेल अधीक्षक जिला जेल कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

### // निविदा सूचना //

(नियम 4.4.2)

### द्वितीय वार्षिक/अर्धवार्षिक निविदा वर्ष 2023-24

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1032/निर्वाह/जिला जेल कांकेर/2023/ दिनांक 25.03.2023

जिला जेल कांकेर में परिरूद्ध बंदियों के लिए खाद्यान्न, सब्जी एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति हेतु निविदाकारों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग के वेबसाईट **www.jail.cg.gov.in** से डाऊनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा (निविदा फीस, निविदा प्रस्तुत करते समय, आवेदन के साथ आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये- 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) नगद भुगतान करना होगा या अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित रू. 5,000/- नगद भुगतान कर दिनांक 24.04.2023 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।

समय प्रातः 10.00 से दोपहर 01.00 बजे तक।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि | :- 24.04.2023 समय अपरान्ह 1.00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि | :- 25.04.2023 प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | :- 25.04.2023 अपरान्ह 4.00 बजे |
| स्थान | :- जिला जेल कांकेर (छ.ग.) |

जेल अधीक्षक
जिला जेल कांकेर

G-99651/3

## ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड

OMKARA
ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

पंजीकृत कार्यालय : नंबर 9, एम.पी. नगर, फर्स्ट स्ट्रीट, कोंगू नगर एक्सटेंशन, तिरूपुर – 641 607.
कार्पोरेट कार्यालय :– सी/515, कनकिया जिलियन, एलबीएस रोड तथा सीएसटी रोड का जंक्शन, बीकेसी अनेक्सी, कुर्ला (डब्ल्यू), मुंबई–400 070,
फोन :– 022–265440, ई–मेल :– mumbai@omkaraarc.com/www.omkaraarc.com/
सीआईएन : U67100TZ2014PTC020363

परिशिष्ट IV
[नियम 8 (1) देखें]
कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति हेतु)

**जबकि,**

ओंकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 19–12–2022 जारी की थी, जिसमें कर्जदार – मैसर्स मादूजी ट्रेडर्स ; श्री संतोष जेन (स्वामी/गारंटर/बंधकदाता) तथा श्रीमती चन्द्रा जैन (गारंटर) से पृथकतः और संयुक्त रूप से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि रू. 40,42,819.02/– (रूपए चालीस लाख बयालीस हजार आठ सौ उन्नीस तथा पैसे दो मात्र) + उस पर उपगत लागतों, प्रभारों और खर्चों, इत्यादि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

समनुदेशन अनुबंध दिनांकित 25–06–2021 के अनुसरण में, इंडसइंड बैंक लिमिटेड (इसमें आगे "आईबीएल" कहा गया है) ने, कर्जदारों को आईबीएल द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता, उसके संबंध में सभी प्रतिभूति हित और उसके संबंध में आईबीएल के सभी अधिकारों सहित, सरफासी ऐक्ट की धारा 5 के तहत, ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (इसमें आगे "ओएआरपीएल" कही गई है) को समनुदेशित कर दी है।

कर्जदार बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 27 मार्च, 2023 को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार ओएआरपीएल (ओंकारा पीएस 06/2021–22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत) की 07–12–2022 तक बकाया राशि रू. 40,42,819.02/– (रूपए चालीस लाख बयालीस हजार आठ सौ उन्नीस तथा पैसे दो मात्र) + उस पर सम्पूर्ण राशि के भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज, उपगत लागतों, प्रभारों तथा खर्चों का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**प्रतिभूत आस्ति का विवरण (सम्पति की अनुसूची):**

सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति फ्लैट नंबर 404, ब्लॉक–ए, चतुर्थ तल, "विरासत अपार्टमेंट", अवंती विहार मधुबन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, विरासत फेज–3, केएच नंबर 367, 371/1, 371/2, पीएच नंबर 113 का भाग, महर्षि वाल्मीकि वार्ड–28, ग्राम तेलीबुधा, गायत्री नगर, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)– 492001

प्राधिकृत अधिकारी
तिथि : 27–03–2023 वास्ते ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
स्थान : रायपुर (ओंकारा पीएस 06/2021–22 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत)

# राजगामी की जमीन अवैध तरीके से बेच दी, इस पर हुए निर्माण भी अवैध.., इन्हें बचाने की जद्दोजहद की जा रही

## 27 को नोटिस थमाईलेकिन इसके बाद कार्रवाई ठप्प, निर्माण अब भी जारी, न्यास में शामिल चेहरों की बड़ी भूमिका... राजस्व अमले के अधिकारी-कर्मचारी भी लपेटे में आएंगे

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

राजगामी से रियासतकालीन भूखंडों का अवैध हस्तांतरण-विक्रय करने वाले27 लीजधारकों के खिलाफ प्रशासन अब तक कार्रवाई आगे नहीं बढ़ा पाय है। दोषी पाए जाने पर ऐसे भूखंडों के निर्माण पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई भी की जा सकती है। इन्हें बचाने की जद्दोजहद जारीहै।

शहर के गोलबाजार इलाके में इन भूखंडों के अवैध हस्तांतरण और विक्रय को लेकर जो नोटिस जारी की गई हैउसके जवाब की भी कोई जानकारी अब तक सामने नहीं आयी है। प्रशासनिक अमला भी इसे कार्रवाई में ढिलाई बरत रहा है।

गौरतलब है कि, रियासतकालीन संपत्ति की देखरेख की जिम्मेदारी संभालने वाले रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास से गोलबाजार इलाके में व्यवसायिक प्रयोजनों के लिए भूखंड लीज पर दिए गए हैं। यह लीज भी कई वर्षो पुरानी है। लीज में शर्त है कि भूखंड राजगामी द्वारा जिस व्यक्ति के आबंटित हुए हैं वे इसे दूसरों के नाम पर हस्तांतरिक नहीं कर सकता है। न ही इसका विक्रय किया जा सकता है। विशेष प्रकरणों पर राजगामी संपदा न्यास ही इस पर निर्णय लेती है।

छत्तीसगढ़ शासन के अधीन इस न्यास की जमीन के इन मामलों में सेंध मारी की गई है। व्यवसायिक रसूखदारों ने न्यास से लीज पर ली जमीन को हस्तांतरिक किया या बेच दिया। ऐसे 27 मामले सामने आएं हैं। इस खेल के पीछे रियासतकालीन संपत्ति की देखरेख कर रही संस्था राजगामी संपदा न्यास में शामिल राजनीतिक व्यक्तियों का बड़ा हाथ है। राजस्व अमले के अधिकारियों पर भी इसकी आंच आ रही है।

बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में लाखों रुपए का लेन-देन हुआ। लीज हस्तांतरित या भूखंड का विक्रय करने वालों और इसे खरीदने वालों को ऐसा करने देने का अधिकार तो नहीं दिया जा सकता था लेकिन न्यास की बैठकों में प्रस्ताव पारित करने या दस्तावेजों में बदलाव करवाने की जिम्मेदारी न्यास में शामिल कतिपय प्रभावशाली रहे लोगों ने ली। इसके बाद धड़ल्ले से यह काम चलता रहा। जब मामला सामने आया तो इस संबंध में शिकायतें हुई। शिकायत सरकार तक भी पहुंची। संज्ञान लिया गया और निदेर्शा आए कि न्यास में चल रही गतिविधियों को तत्काल रोका जाए। इस निर्देश के बाद एक तरह से न्यास में मौजूदा समय में औपचारिक कार्यालयीन कार्य ही किए जाररहे हैं।







### शोरुम चल रहा..बिल्डिंग तन रहीं

अवैध हस्तांतरण और विक्रय के बीच ऐसे भूखंडों पर काम तेजी से चलता रहा और चल रहा है। गोलबाजार के बाहरी ओर ही एक बिल्डिंग खड़ी हो गई जहां मौजूदा समय में कपड़ों का शोरुम चल रहा है। वहीं बाजार के भीतर भी दो निर्माण जारी हैं। नोटिस के बावजूद यहां धड़ल्ले से निर्माण और कारोबार चल रहा है। राजस्व अमला इन मामलों की जानकारी के बाद भी कार्रवाई से पीछे हट रहा है।

इधर, राजगामी के भूखंडों के 27 लीजधारकों को अवैध हस्तांतरण या भूखंड विक्रय के लिए राजस्व अमले ने नोटिस थमा दी। लेकिन इसके बाद से इस पूरे मामले में जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं। अब तक इन नोटिस के जवाब और आगे की कार्रवाई को लेकर कुछ नहीं हो सका है। समय के साथ मामले को रफा-दफा किए जाने की कोशिशें हो रही हैं। इधर, जो पैसे फंसा चुके हैं वे जगह-जगह मामले का निपटारा करने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं।

### राजस्व अमले की भी भूमिका

अवैध हस्तांतरण और भूखंडों के विक्रय का मामला सामने आने के बाद जिम्मेदारों के भी हाथ-पांव फूले हुए हैं। राजस्व अमले ने 27 लोगों को नोटिस तो थमा दी लेकिन वे इसके आगे की कार्रवाई से बच रहे हैं। दरअसल, इस पूरे मामले की जांच में आंच राजस्व अमले के अधिकारियों व कर्मियों तक भी पहुंचेगी। लीज में मिले भूखंडों की इस तरह की खरीदी-बिक्री में राजस्व अधिकारियों की भूमिका भी मानी जा रही है। इनके दखल के बगैर भूखंडों में यूं सेंधमारी संभव हीं नहीं है।

### तो तोड़ा जाएगा निर्माण.. यह जरुरी भी

जानकार कहते हैं, न्यास के भूखंडों के हस्तांतरण और विक्रय का अधिकार लीज धारक को है ही नहीं और यह अधिकार उन्हें दिया भी नहीं जा सकता। ऐसे में गोलबाजार क्षेत्र में जो हस्तांतरण और विक्रय हुए हैं वे पूर्णतः अवैध हैं। जहां निर्माण कराए गए हैं वे भी अवैध ही माने जाएंगे और उन्हें तोड़ने की कार्रवाई प्रशासन को करनी चाहिए। रियासतकालीन संपत्ति को हड़पने वालों के खिलाफ यह कड़ी कार्रवाई एक उदाहरण भी साबित होगी ताकि दोबारा कोई इस तरह की करतूत न करे।

# अशोक लोहिया श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

■ हरीश अग्रवाल पुनः कोषाध्यक्ष बने

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



श्री सत्यनारायण मंदिर समिति वर्षभर धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों को सार्वजनिक रूप से संपन्न करने के लिए प्रसिद्ध है। रंगोत्सव पर भव्य शोभायात्रा, श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव, शरद पूर्णिमा, जल क्रीड़ा महोत्सव ( डोला ग्यारस ), अन्नकूट, महाशिवरात्रि, सावन मास स्फटिक शिवलिंग पूजन महोत्सव, श्री हनुमान जन्मोत्सव इत्यादि धूमधाम से आयोजित किया जाता है।

इस समिति का आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए निर्वाचन कल 26 मार्च को श्री सत्यनारायण धर्मशाला में संपन्न हुआ। निर्वाचन कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता जुगल किशोर अग्रवाल द्वारा संपन्न कराया गया। सर्व सम्मति से अशोक लोहिया को पुनः आगामी तीन वर्ष के लिए अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर हरीश अग्रवाल को भी सवार्नुमति से पुनः निर्वाचित घोषित किया गया।

निर्वाचन पश्चात बैठक में उपस्थित सभी सदस्य नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक लोहिया एवम कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल को लेकर श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचे। वहां सभी ने भगवान श्री सत्यनारायण का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के आचार्य पंडित कालू महाराज ने दोनो नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्प हार पहनाकर आशीर्वाद प्रदान करते हुए समिति के द्वारा नित नए कार्यक्रमों के माध्यम से मंदिर की प्रतिष्ठा में में उतरोतर प्रगति की कामना की।

लोहिया ने सभी सदस्यों के प्रति पुनः विश्वास प्रकट करते हुए अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी तीन वर्षो में समिति को नई ऊंचाईयों की ओर ले जाने का भरकस प्रयास करूंगा, जिसमे सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। समिति के अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन अध्यक्ष एवम कोषाध्यक्ष द्वारा दस दिनों में किया जाएगा।

# 1 अप्रैल से बेरोजगारों को भत्ता देने की तैयारी, कलेक्टर ने सत्यापन टीम गठन के दिए निर्देश

■ बेरोजगारी भत्ते की स्वीकृति संबंधित जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय द्वारा की जाएगी जारी

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने के लिए शासन द्वारा योजना प्रारंभ की गई है। शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता की यह योजना 1 अप्रैल 2023 से प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत केवल ऑनलाईन आवेदन लिए जाएंगे। यह पोर्टल पर 1 अप्रैल 2023 से आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगा।

कलेक्टर ने इसके संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने योजना के आवेदनों का भौतिक सत्यापन, आवेदकों को समक्ष में बुलाकर करने के निर्देश दिए। जिसके लिए गांव एवं शहर के वार्डों में क्लस्टर बनाया जाए। उन्होंने प्रत्येक क्लस्टर के लिए सत्यापन टीम का गठन करने के निर्देश दिए। प्रत्येक क्लस्टर में इंटरनेट की व्यवस्था, आवेदकों के बैठने, पेयजल एवं छाया की व्यवस्था करने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने बताया कि बेरोजगारी भत्ते की विस्तृत योजना की जानकारी रोजगार विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि संबंधित जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय द्वारा आवेदन का परीक्षण कर यह निर्णय लें कि आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिये पात्र है अथवा नहीं। पात्र आवेदकों को बेरोजगारी भत्ते की स्वीकृति संबंधित जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय द्वारा जारी की जाएगी एवं उनकी ऑनलाइन प्रविष्टि संबंधित निकायों द्वारा की जाएगी।

### 12वीं पास होना जरुरी

कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए शासन की योजना के मापदण्ड के अनुरूप आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकेण्डरी 12वीं उत्तीर्ण योग्यताधारी होना चाहिए। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत हो एवं आवेदन के वर्ष के 1 अप्रैल को हायर सेकेण्डरी अथवा उससे अधिक योग्यता में उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना होना चाहिए। आवेदन सत्यापन उपरांत बेरोजगारी भत्ता जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए जाएगें। बेरोजगारी भत्ता का भुगतान आवेदक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### खाते में आएगा पैसा

जिन आवेदकों को जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों द्वारा बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा, उन्हें बेरोजगारी भत्ते की राशि सीधे उनके बैंक खाते में रोजगार विभाग द्वारा प्रतिमाह अंतरित की जाएगी। यदि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले को किसी प्रकार का रोजगार प्राप्त हो जाता है, तो वह बेरोजगारी भत्ते हेतु अपात्र हो जाएगा एवं उसे तत्काल संबंधित जनपद पंचायत व नगरीय निकाय को सूचित करना होगा। संबंधित जनपद पंचायत व नगरीय निकाय द्वारा उन्हें बेरोजगारी भत्ता बंद करने का आदेश पारित किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ते की राशि उन्हें अंतरित करना बंद कर दिया जाएगा।

**6 महिने में होगी जांच :** संबंधित जनपद पंचायत व नगरीय निकाय हर 6 माह में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे कि वे अभी भी बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिये पात्र हैं या अपात्र हो गये हैं। अपात्र हितग्राहियों को नोटिस जारी कर और सुनवाई के पश्चात् अपात्र होने की स्थिति में उनका बेरोजगारी भत्ता बंद करने का आदेश संबंधित जनपद पंचायत व नगरीय निकाय पारित करेंगे तथा उन्हें बेरोजगारी भत्ते की राशि प्रदाय करना बंद कर दिया जाएगा। जिन लोगों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा।

# जंगलपुर व घोरदा को मीनी स्टेडियम की सौगात

■ सरपंच एवं ग्रामीणों ने की विधायक से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगलपुर एवं ग्राम पंचायत घोरदा को मीनी स्टेडियम की सौगात मिली है। स्टेडियम के निर्माण से जंगलपुर के युवाओं को खेलकूद सहित अन्य सृजनात्मक गतिविधियों में लाभ मिलेगा। उक्त निर्माण हेतु राज्यशासन की ओर से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना एवं मनरेगा से दोनों पंचायतों के लिए राशि 51.24 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्राम पंचायत जंगलपुर को मीनी स्टेडियम के अलावा हाईस्कूल परिसर में मंच निर्माण हेतु 3 लाख एवं दुर्गा चौक समीप सामुदायिक मंच हेतु 2.50 लाख की स्वीकृति मिली है। उक्त स्वीकृति मिलने पर ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों ने छग राज्य ग्रामीण व पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष एवं विधायक दलेश्वर साहू से मुलाकात कर आभार प्रकट किया है। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत जंगलपुर सरपंच घनश्याम साहू, उपसरपंच मुकेश कुमार साहू, पंचगण दुर्गेश साहू, लीला बाई साहू, लोकेंद्र साहू, राजीव मितान के अध्यक्ष रूपेश साहू सहित ग्रामीणजन दिगंबर साहू, भवानी शंकर साहू, त्रिभुवन साहू, प्रदीप साहू, टोमेश्वर साहू, ढालसिंह साहू, भूमिन साहू, माधव प्रसाद व भूपेंद्र साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीएम ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा तथा मिलेट्स व्यजंन रागी के हलवा का लिया स्वाद

■ छुरिया में पंचायत कैपे का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकासखंड मुख्यालय छुरिया के जनपद पंचायत कार्यालय के पास पंचायत कैफे का शुभारंभ किया। उन्होंने पंचायत कैफे का शुभारंभ कर इस अनूठी सौगात को क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परंपरागत छत्तीसगढ़ी स्वादिष्ट व्यंजन फरा तथा मिलेट्स व्यजंन रागी के हलवा का स्वाद लिया। उन्होंने स्टॉल का अवलोकन किया तथा बिहान महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे व्यंजनों की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि परंपरागत छत्तीसगढ़ी एवं मिलेट्स व्यजंनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत छुरिया के परिसर में पंचायत कैफे की स्थापना की गई है। ताकि आम जनता को किफायती दर पर पौष्टिक फास्टफूड उपलब्ध हो सके। इसके पहले डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अजुनी में पंचायत कैफे संचालित है। इसके बाद छुरिया विकासखण्ड में पंचायत कैफे में 5 महिला स्वसहायता समूह पदम तुलसी स्वसहायता समूह बम्हनीचारभाठा, भवानी स्वसहायता समूह, शिकारीमहाका, मां शक्ति स्वसहायता समूह तेन्दूटोला, जय मां संतोषी स्वसहायता समूह कुमार्राछुरिया, जय गुरूदेव स्वसहायता समूह जंगलपुर द्वारा 2 लाख 50 हजार रूपए की राशि से बैंक लिंकेज से प्राप्त वित्तीय सहायता के तहत आजीविका हेतु पंचायत कैफे का शुभारंभ किया गया है। पंचायत कैफे में छत्तीसगढ़ी परपंरागत व्यंजन चीला, फरा, ठेठरी, खुरमी, अनरसा, मिलेट व्यंजन, इडली, दोसा एवं अन्य फास्टफूड व्यंजन हमेशा उपलब्ध रहेगा। पंचायत कैफे के माध्यम से समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

## हॉकी मध्यप्रदेश दोनों ही वर्ग में बना पहला वेस्ट जोन चैम्पियन

# मध्यप्रदेश ने खिताब पर किया कब्जा : लड़कियों ने महाराष्ट्र को तो लड़कों ने राजस्थान से छीनी जीत

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हॉकी इण्डिया द्वारा संचालित व हॉकी छत्तीसगढ़ की मेजबानी में प्रथम हॉकी इण्डिया वेस्ट जोन जूनियर हॉकी चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में हॉकी मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 6-1 से आसानी से पराजित करते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया। महाराष्ट्र उपविजेता व राजस्थान तीसरे स्थान पर रही।

प्रतियोगिता के फायनल मैच व पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक डॉ. रमन सिंह, श्रीकिशन खंडेलवाल, अंजुम अल्वी, ऋषि शास्त्री, हॉकी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष व आयोजन समिति के सचिव फिरोज अंसारी, विजय वर्मा सह- सचिव हॉकी मध्यप्रदेशव हॉकी इंडिया के पर्वेक्षक महेन्द्र सिंह नेगी शामिल हुए।

इस अवसर पर विजेता, उपविजेता, व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत, व कास्य पदक से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में डॉ. रमन सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों की सफलता की कामना की और प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गए 'प्रथम हॉकी इंडिया वेस्ट जोन हॉकी चैम्पियनशिप' के फाइनल मैच में प्रातः 8 बजे हॉकी मध्यप्रदेश ने हॉकी महाराष्ट्र को आसानी से 1 गोल के मुकाबले 6 गोलो से पराजित करते हुए चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। मैच के प्रारंभ से ही स्पर्धा में अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने आक्रमण हॉकी खेली और मैच के 9 वे मिनट में ही गोल कर पहले क्वाटर में 1-0 से बढ़त बना ली थी, दूसरे क्वार्टर में इस बढ़त का फायदा उठाते हुए 3 और गोल कर मध्यांतर पूर्व 4-0 गोल की बढ़त बना ली।



उत्तरार्ध के पश्चात खेल के 42 वे मिनट में हॉकी महाराष्ट्र की तनुश्री दिनेश ने गोल कर स्थित 4--1 पर ला दी, लेकिन चौथे क्वाटर में मध्यप्रदेश ने 2 और गोल कर मैच 6--1 गोल से अपने पक्ष में करते हुए चैम्पियनशिप जीत लिया।हॉकी महाराष्ट्र उपविजेता रही। मध्यप्रदेश की ओर से मिताली शर्मा ने 2 खुशी कटारिया, भुमिक्षा साहू, सोनिया कुमरे,और हुदा खान ने 1क्क1गोल किया इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रियंका यादव मध्यप्रदेश को दिया गया।

**बालक वर्ग में रही टक्कर :** उसी प्रकार बालक वर्ग में खेले गए संघर्षपूर्ण फाइनल मैच हॉकी मध्यप्रदेश विरूद्ध हॉकी राजस्थान के मध्य खेला गया, जो शुरू से ही काफी रोमांचक व संघर्षपूर्ण रहा। मैच के पहले क्वाटर में दोनों टीम बराबरी पर रही, मैच के दूसरे क्वाटर में मध्यप्रदेश टीम की ओर से मंगल कर्मा ने मैदानी गोल कर 1 गोल की बढ़त बना ली थी, किंतु मध्यांतर पश्चात हॉकी राजस्थान को मैच के 36 वे मिनट में पेनाल्टी कार्नर मिला जिसे राहुल चौधरी ने गोल में बदलकर मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अंतिम समय तक दोनो ही टीमें एक दुसरे पर आक्रमण करती रही किंतु असफल रही। मैच का निर्णय शूटआउट द्वारा किया गया। जिसमें हॉकी मध्यप्रदेश से सौरभ तांडे , सौरभ महार,व विनय सैनिक ने गोल किया वही हॉकी राजस्थान की ओर से जितेंद्र सिंह शेखावत,व कुलबीर सिंग ने गोल किए। इस प्रकार हॉकी मध्यप्रदेश ने 3-2 से प्रथम हॉकी इंडिया वेस्ट जोन का किताब अपने नाम किया। आज मैच के प्लेयर ऑफ द मैच दिपक सिंग हॉकी मध्यप्रदेश को दिया गया।

# बैंक परिसर में किसानों को स्वल्पाहार की सेवा



■ कांग्रेस द्वारा किसान सेवा सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा राजीव गांधी न्याय योजना अंतर्गत चौथी क़िस्त जारी कर दिया गया है। शासन द्वारा किसानों के खाते में अंतरण उपरांत बैंकों में वितरण भी प्रारम्भ हो गया है। किश्त अंतरण को लेकर जिले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान के निर्देशानुसार किसान सेवा सप्ताह का आयोजन प्रत्येक सहकारी बैंक परिसर में किया जा रहा है। जिला किसान कांग्रेस महामंत्री रोहित सोनकर व जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू के मार्गदर्शन में सहकारी बैंक डोंगरगांव के परिसर में किसानों को स्वल्पाहार की सेवा की गई। नेताओं ने किसानों को पेयजल सहित चाय व बिस्किट परोसते हुए चौथे किश्त जारी होने पर बधाई दी। इस मौके पर किसानों ने प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा पर राहत महसूस करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पुरुषोत्तम साहू व सोनू साहू उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने संजीत बनर्जी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामना सहित अपना आशीर्वाद किया प्रदान

## बड़ी संख्या में उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई संदेश प्रेषित दिया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिला पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी का शनिवार को जन्मदिन था। जन्मदिन पर उनके निज निवास में सुबह से ही बड़ी संख्या में उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई संदेश प्रेषित दिया। प्रातः उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के साथ दाऊपारा चौक स्थित मां महामाया मंदिर में माता जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. तत्पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत रोहराखुर्द के आश्रित ग्राम जोगीपुर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में जाकर बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाया। उनके पास लगातार प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं एवं अधिकारियों का फोन द्वारा बधाई संदेश प्राप्त होता रहा। जन्मदिन के ही दिन प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सरगांव आगमन हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्यमंत्री ने संजीत बनर्जी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामना सहित अपना आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर सरगांव कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष, वरिष्ठ मंत्री गण, विधायकगण, मंडल, आयोग के अध्यक्ष गण सहित जनप्रतिनिधियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की. क्षेत्र में समर्थकों द्वारा उनके जन्मदिन पर जगह- जगह केक काटकर उनका उत्साहपूर्वक जन्मदिन मनाया गया. संजीत बनर्जी ने अपने जन्मदिन पर शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन रहा है की मुख्यमंत्री ने स्वयं मुझे बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने का हम सभी विरोध करते हैं। राहुल गांधी देश के गरीबों, किसानों, मजदूरों सहित आम युवाओं की आवाज है। आज मैं अपने जन्मदिन को राहुल के संघर्ष के प्रति समर्पित करता हूं. हम सभी उनसे प्रेरणा लेकर उनके इस संघर्ष में सहभागी हैं. मुंगेली की आम जनता का मैं विशेष रूप से आभारी हूं कि उन्होंने मेरे जनहित के कार्यों को सदैव प्रोत्साहित किया है। आने वाले समय में भी मैं मुगली क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहूंगा। मुंगेली की जनता का मेरे प्रति जो अटूट भरोसा एवं विश्वास है, मैं अपने कार्यों के माध्यम से इस भरोसे एवं विश्वास पर खरा उतरने का लगातार सार्थक प्रयास करूंगा। जन्मदिन पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहित सोशल मीडिया में हजारों की संख्या में बधाई संदेश को देखकर लगता है कि मुंगेली क्षेत्र की जनता संजीत बनर्जी की जनहितकारी कार्यों से बेहद प्रभावी है। क्षेत्र के हजारों युवा उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से संजीत बनर्जी को क्षेत्र की जनता अपना विधायक देखना चाहती है। उनकी लोकप्रियता को देखते हुए सभी कहते हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में संजीत बनर्जी एक बड़ा चेहरा होंगे।

# भाजपा की साजिश द्वारा विपक्षी नेताओ को प्रताड़ित करना स्वस्थ लोकतंत्र और मानव अधिकारों का हननः गोपाल ऋषिकर भारती

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कोरबा जिले के परसाभांठा सामुदायिक भवन बालको नगर में एक संविधान सुरक्षा सत्संग संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल ऋषिकर भारती ने कहा कि हिंदुत्व और जय श्रीराम के नाम पर,सबका साथ सबका विकास जैसा नारा देकर केंद्र की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार के आने के बाद पिछले 8 वर्षों में जितना तेजी से सर्व समाज में हिंसा, नफरत और दुराचार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गरीबी, महगाई, अन्याय और महिलाओं पर शोषण बढ़ रहा है यह एक भारत देश की गरिमा को कलंकित करने वाली घटना काल ही कहलाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम हो रहे महाघोटाले बाज पूंजीपति गौतम अडानी, बैंक लुटेरे नीरव मोदी, ललित मोदी,मेयुल चौकसी, विजय माल्या, हिन्दू राष्ट्रवादी बलात्कारी संतों में नित्यानंद, आशाराम, राम रहीम या गांधीजी के हत्यारे नाथूराम गोंड्से एवं भाजपा के कई बड़े विचाराधीन या सजायाफ्ता अपराधी तत्वों के खिलाफयदि कोई विपक्ष के नेताओ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ,भारत राष्ट्र समिति तेलंगाना के मुख्य मंत्री की बेटी के कविथा राव, आम आदमी पार्टी दिल्ली के डिप्टी सी एम मनीष सिसोदिया, शिव सेना के सांसद संजय राउत, आर जे डी बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री लालू यादव, उप मुख्य मंत्री तेजस्वी यादव ,समाज वादी, बसपा या कोई भी विपक्ष का नेता, अधिकारी या समाजसेवी इनके भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाए तो इनपर होगी ई डी, सी बी आई, आई टी जैसी जांच एजेंसियों की जांच या कहीं से भी जबरन अपराधिक प्रकरण और सजा और भाजपा समर्थित बड़े भ्रष्टाचारियों अपराधी तत्वों को तुरंत बेल और मजा ही मजा। सत्ता की हवस में भाजपा के कुछ शीर्ष नेता जिस तरह विपक्षी नेताओं, पत्रकारों,और समाज के बुद्धिजीवियों को प्रताड़ित करने का अभियान चला रहे हैं यह स्वस्थ लोकतंत्र और मानव अधिकारों का हनन ही कहलाएगा। भारत राष्ट्र, भारतीय संविधान और मानवाधिकारों के रक्षार्थ अनवरत बनाए जा रहे राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत द्वारा देश के राष्ट्रपति को हम जल्द ही भाजपा द्वारा फैलाई जाने वाली इस अराजक स्थिति को शांति बहाल करने के लिए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन देंगे और देश के सभी विपक्षी नेताओ और आमजनता को एक साथ भाजपा हटाओ भारत बचाओ जनांदोलन खड़ा करके इनको हर स्तर पर गांव के पंच से लेकर प्रधान मंत्री तक की सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

# उत्कृष्ट संरक्षित कार्य संपादित करने वाले 4 रेल कर्मी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



संरक्षित रेल परिचालन रेलवे प्रशासन की पहली प्राथमिकता है । इसके लिए नियमित रूप से संरक्षा से संबन्धित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसके साथ ही संरक्षा में सराहनीय योगदान देने वाले संरक्षा प्रहरियों को प्रोत्साहित करने हेतु संरक्षा पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिनों अपनी ड्यूटी के दौरान हॉट एक्सल की पहचान तथा असामान्य परिस्थिति को भांपते हुये सर्व संबंधितों को सूचना देकर संभावित दुर्घटना को टालने एवं संरक्षित रेल परिचालन में सराहनीय भूमिका निभाने वाले पॉइंट्समेन बाराद्वार जगदीश प्रसाद, टेक्निशीयन किरोड़ीमल नगर देवकुमार गवेल, टेक्निशीयन रायगढ़ बटेश्वर कुमार तथा ट्रेकमेंटेनर बिलासपुर राजकुमार सूर्या को संरक्षा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने इन चारों कर्मचारियों को इनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा संबन्धित कार्य की सराहना करते हुये संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ कार्य करते रहने की शुभकामनायें भी दी गई। इस अवसर पर वरि.संरक्षा अधिकारी अनुराग कुमार सिंह उपस्थित थे।

# प्रधामंत्री के साथ जनता की मन की बात भी जरूर सुने कार्यकर्ताः प्रियवंदा सिंह जूदेव

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनने के बाद हमें जनता की मन की बात भी सुनना चाहिए। इससे,प्रधानमंत्री की बतों को जन जन तक पहुंचाने और जनता से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। नगरपालिका जशपुर की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियवंदा सिंह जूदेव ने उक्त बातें कही। वे शहर के वार्ड क्रमांक 9 में रविवार को प्रसारित मन की बात का श्रवण करने के बाद,वार्डवासियों से स्थानीय समस्याओं व अवश्यकताओं के संबंध में चर्चा की। वार्डवासियों ने उन्हें वार्ड में नाली में सुधार की आवश्यकता बताते हुए,पहल करने का अनुरोध किया। इस पर प्रियवदा सिंह जूदेव ने नगरपालिका के अधिकारियों से चर्चा कर,सुधार कार्य कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान वार्डवासियों से चर्चा करते हुए जूदेव ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व सरकार बनने के बाद,भारत की स्थिति अंर्तराष्ट्रीय मंच पर मजबूत हुई है। देश में जम्मू कश्मिर से धारा 370 हटाने और अयोध्या में राममंदिर निर्माण जैसे कार्य हुए। देश तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। केन्द्र सरकार के कड़े रूख के कारण उग्रवाद और नक्सलवाद,अब अंतिम सांसे ले रहा है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री आमजनों से जुड़े विषय पर चर्चा करते हैं।

# जिले के सरगांव में आयोजित हुआ भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले कें सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चैबे, शिव डहरिया, अमरजीत भगत,जिले के प्रभारी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, गिरीश देवांगन ने प्रमुख रूप से शिरकत किये। सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों का आर्दश कृषि उपज मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह ने हल भेंटकर स्वागत किये, इस अवसर पर जिले के किसान हिमांशु मिश्रा, स्वर्ण सिंह छाबडा, व्यास नारायण तिवारी, रूखमन कोशले, बसंत साहू, अजय पटले, सतिश पटेल, सुर्दशन पटेल, लाल जी साहू, धनीराम साहू द्वारा प्रदेश के किसान हितैषी मुखिया का सम्मान किया गया, इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष आत्मा सिह क्षत्रिय ने कहा कि भूपेश बघेल ने हर पग पर साबित किया है कि प्रदेश सरकार किसानो के साथ है, भूमिहिन किसान योजन, 2800 रू प्रतिक्वि. धान खरीदी, धान खरीदी की निधार्रित सीमा प्रति एकड 15 से बडा कर 20 एकड, इस बात का सबूत है, सत्तासीन होने के बाद से प्रदेश के मुखिया ने किसानो के हितो का ध्यान रखा है।

## विभिन्न ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 5 ट्रेनों में एक-एक अतिरिक्त कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इन गाड़ियों में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे। विवरण इस प्रकार है। गाड़ी संख्या 08212 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा बिलासपुर से 01 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 तक उपलब्ध रहेग।

## एनटीपीसी प्लांट में ऊंचाई से गिरकर हुई मजदूर की मौत, प्रबंधन ने जताया दु:ख

**कोरबा।** एनटीपीसी प्लांट में एक दुर्घटना की खबर सामने आई है। जिसमे प्लांट परिसर में कूलिंग टावर का मेंटेनेंस काम करने के दौरान मजदूर चमार सिंह की 50 फीट ऊंचाई से गिरकर मौत हो जाना बताया जा रहा है। मृतक ग्राम केदाई खार का निवासी बताया जा रहा है और एनटीपीसी प्रभात इंजीनियरिंग में काम कर रहा था। एनटीपीसी के कूलिंग टावर का मेंटेनेंस का काम करने के दौरान अचानक स्ट्रक्चर टूटने के कारण 50 फीट ऊंचाई से मजदूर की गिरने से मौत हो गई। उसे तत्काल एनटीपीसी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे जिला हॉस्पिटल रिफर कर दिया गया। उसे एनकेएच अस्पताल लाया गया जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# जिला पंचायत के कंप्यूटर ऑपरेटर की जंगल में फांसी के फंदे में मिली लाश

## पुलिस सभी पहलुओं पर कर रही जांच

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रुद्रनगर निवासी 32 वर्षीय जलेश्वर श्रीवास्तव की घर से कुछ दूर स्थित जंगल में फांसी के फंदे से लटकती लाश मिली हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि मृतक जलेश्वर श्रीवास मूलतः पाली बांधाखार निवासी है जिला पंचायत में संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। मृतक की शादी महज 1 साल ही हुई है और वह अपनी पत्नी के साथ रूद्र नगर में खुद के मकान में रहता था। मृतक जलेश्वर और उसकी पत्नी रुद्रनगर में रहकर जीवन यापन कर रहे थे माता पिता और भाई गांव में रहते है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी सुबह बुधवारी स्थिति अपने रिश्तेदार के घर गई हुई है जलेश्वर घर पर अकेले था कुछ लोगों ने बस्ती से लगे जंगल की ओर जब जाकर देखा तो जलेश्वर फांसी के फंद्दे पर लटका हुआ था इसकी सूचना लोगों ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी जहां पुलिस मौके पर पहुंच जांच कार्यवाही करते हुए मृतक के परिजनों की सूचना दी और शव को फांसी के फंद्दे से उतारकर जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया। सिविल लाइन थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय ने बताया कि नितक जलेश्वर की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां जांच कार्रवाई शुरू कर दी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# श्रद्धा महिला मंडल दवारा महिला ठेकाकर्मियों को साड़ी वितरित

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिक्रम संवत 2080 वसंत ऋतु चैत्र मास शुक्लपक्ष चतुर्थी चैत्र नवरात्र का चौथा दिन) को मां कुश्मांडा की पूजा अर्चना उपरांत आस्था, अर्चना, सहायता, पर्यावरण संरक्षण से संमिश्रित भक्तिभावपूर्ण माहौल में श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा पूनम मिश्रा ने निविदा अंतर्गत कार्य कर रहे सभी 60 महिलाओं को साड़ी और खाने का पैकेट प्रदान कर सम्मानित करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण की सीख में प्लास्टिक उपयोग को ÷ना÷ करने का आग्रह तो किया ही साथ साथ ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने को प्रोत्साहित करने का परामर्श दिया। उन्हे शिक्षा के महत्व को बताते हुए उनकी बहू बेटियों को शिक्षित होने का प्रोत्साहन भी दिया। आने वाली बिलासपुर की भीषण गर्मी से स्वयं और उनके परिवार के बचाव हेतु सटीक सुझाव भी दिया। इस महत्वपूर्ण मौके पर उनकी सहयोगी रितांजलि पाल, राजी निवासन तथा कमिटी की सभी सदस्याएं मौजूद थी। सारा कार्यक्रम बिलासपुर के बसंत विहार क्लब में संपन्न हुआ।

## राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज रहेंगे बिलासपुर प्रवास पर

**बिलासपुर।** राज्यपाल महामहिम विश्वभूषण हरिचंदन 28 मार्च को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। वे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। राज्यपाल 28 मार्च को सवेरे 10.10 बजे पुलिस परेड ग्राउंड हेलीपेड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर सवेरे 10.40 बजे पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय स्थित हेलीपेड पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे सवेरे 11 बजे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में इंडियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यक्रम और विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात हेलीकॉप्टर द्वारा वे दोपहर 1.35 बजे पुलिस परेड ग्राउंड हेलीपेड रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्त मिलने पर किसानों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्त मिलने पर किसानों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए इस योजना को किसानों को ताकत देने वाली योजना बताया। किसान संतोष धृतलहरे, दादूराम साहू सहित अन्य किसानों ने एक स्वर में कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्त मिलने पर संबल मिला है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसनिहा मुख्यमंत्री है। वे किसानों के दर्द को समझते हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। सभी ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मात्रा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब अतिरिक्त धान को औने-पौने दाम पर बेचने की मजबूरी नहीं रहेगी। पथरिया ब्लॉक के उमरिया गांव निवासी किसान संतोष धृतलहरे के पास 22 एकड़ कृषि भूमि है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत उन्हें 4 किश्तों में 2 लाख 28 हजार 417 रूपए प्राप्त हुए हैं। वे संयुक्त परिवार में रहते है। उन्होंने बताया कि इस राशि को अच्छे उत्पादन के लिए खेती-बाड़ी में खर्च करते हैं। यह योजना हमारे लिए वरदान साबित हुई है। बच्चों की शादी में भी इस राशि से सहूलियत मिली है। इसी प्रकार लौहदा के किसान दादूराम ने बताया कि वे 20 एकड़ में खेती किसानी करते हैं। उन्हें इस योजना में चैथी किश्त मिलाकर एक लाख 68 हजार रुपए मिले हैं।

## जेबीसीसीआई की 9वीं मीटिंग पर छाए संकट के बादल, यूनियन प्रतिनिधियों की बैठक

**कोरबा।** कोयला कर्मियों के वेतन समझौता के लिए गठित जेबीसीसीआई की 9वीं बैठक पर संशय के बादल हैं। बैठक कब होगी यह तो पता नहीं है, लेकिन इससे पहले कोल इंडिया प्रबंधन ने उत्पादन और उत्पादकता विषय पर चर्चा के लिए चारों यूनियन प्रतिनिधियों को बुलावा भेजा है। बैठक 27 और 28 मार्च को सीआईएल मुख्यालय में होगी। 6 मार्च को भी इसी तरह की एक बैठक बुलाई गई थी। कोल इंडिया प्रबंधन ने बैठक के लिए एचएमएस के नाथूलाल पांडेय, बीएमएस, के.के. लक्ष्मा रेड्डी, सीटू के डी.डी. रामनंदन और एटक के रमेन्द्र कुमार को ई-मेल के जरिए आमंत्रण भेजा है। इस बैठक को लेकर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि वित्तीय 2022-23 खत्म होने जा रहा है।

## देश में सच बोलने की आजादी हो रही खत्म : जयसिंह अग्रवाल

# गांधी चौक कोरबा में सत्याग्रह आंदोलन में घण्टों तक गूंजता रहा रघुपति राघव राजाराम

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की सांसद सदस्यता समाप्त किये जाने पर देशभर मे कांग्रेसी विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। इसी के अंतर्गत रविवार को प्रदेश सहित कोरबा शहर में भी जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा गांधी चौक कोरबा में सत्याग्रह किया गया और प्रातः 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक रघुपति राघव राजा राम... भजन गूंजता रहा। इस सत्याग्रह आंदोलन में राजस्व, आपदा प्रबंधन मंत्री, कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल भी शामिल हुए। सत्याग्रह में बैठने से पूर्व राजस्व मंत्री सहित कांग्रेसियों ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सत्याग्रह कि जरिए कांग्रेसियों ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किये जाने को केन्द्र सरकार का तानाशाह रवैय्या बताया और सत्याग्रह के जरिए विरोध प्रदर्शन किया। सत्याग्रह के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए राजस्व, आपदा प्रबंधन मंत्री, कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि देश में तानाशाही शासन है और सच बोलने की आजादी खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार केन्द्र शासन की जनविरोधी नीति के खिलाफ भाजपा पर हल्ला बोल रहे हैं और भारत जोड़ो यात्रा से सत्तासीन भाजपा डरी हुई है, इसलिए एक साजिश के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी गई। हम सत्याग्रह के जरिए विरोध प्रदर्शन कर रहें हैं। उन्होने सभी से आव्हान किया कि हम एकजुट होकर इसका विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। इसी कड़ी में महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी की लोकप्रियता देश में बढ़ रही है और भाजपा शासनकाल में महंगाई सहित जनविरोधी नीतियो का बोलबाला बढ़ रहा है। सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा, हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा, भाजपा के गले की हड्डी बन गई है।राहुल गांधी संसद में ना बोल पायें इसलिए उनकी सदस्यता ही समाप्त कर दी गई, यह लोकतंत्र के खिलाफहै। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि भाजपा शासनकाल में महंगाई से लोगों का जीना हराम हो गया है। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से लोगों से मिले और भाजपा के जनविरोधी नीतियों का देशभर में प्रचार से केन्द्र शासन हिल गया और भाजपा के खिलाफबोलने वाले एकमात्र सांसद राहुल गांधी से डर हो गया, इसलिए उनके खिलाफ साजिश कर संसद से बाहर कर दिया गया। हम सब इसका विरोध अनवरत जारी रखेंगे। इनके अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष उषा तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, हरीश परसाई, अर्चना उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष सत्येन्द्र वासन, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने भी इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। सत्याग्रह में वारिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद पालीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, हरकुमारी बिंझवार-बरपाली, राजेन्द्र तिवारी-दर्री, दुष्यंत शर्मा बालको, पिछड़ा वर्ग विभाग अध्यक्ष गजानंद साहू, राजेश मानिकपुरी, सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष बंटी शर्मा, श्रमिक विभाग अध्यक्ष अमरूदास महंत, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, राजीव कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता तिग्गा, सेवादल महिला अध्यक्ष-ममता अग्रवाल, पार्षद संतोष लांझेकर, कृपाराम साहू, मस्तुल कंवर, सुखसागर निर्मलकर, सुनीता मुकेश राठौर, राजेन्द्र सूर्यवंशी, धरम निर्मले, दिनेश सोनी, प्रदीप जायसवाल, अनुज जायसवाल, एल्डरमेन बच्चु मखवानी, पुराण दास महंत, आशीष अग्रवाल।

# मानदेय में बढ़ोतरी से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं में उत्साह

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में मुंगेली जिले के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 की कार्यकर्ता सरिता साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी कर हमें सम्मान का जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया है। मानदेय में बढ़ोतरी से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं में उत्साह है। साहू ने आंगनबाड़ी मानदेय में बढ़ोतरी के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम कुंदरूकापा के केन्द्र क्रमांक-एक सेक्टर लोरमी में वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रही हैं, उनके केन्द्रों में शून्य से तीन वर्ष के 43 बच्चे, तीन से छः वर्ष के 36 बच्चे, गर्भवती 8 और शिशुवती 15 महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से पोषण आहार प्रदान किया जा रहा है। साहू ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को साफ -सफाई और स्वस्थ रहने के लिए पोषक तत्व आधारित भोजन अधिक से अधिक लेने का सुझाव देते हैं ताकि किशोरी बालिका और गर्भवती महिला स्वस्थ रहे। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर जांच कराते रहने और आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से आयरन की गोलियां प्रदान की जाती है।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना : 44 लाख से ज्यादा लोगों ने निःशुल्क ईलाज एवं स्वास्थ्य जांच सुविधा का लिया लाभ

**मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना**

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से शहरी क्षेत्र के स्लम बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से अब तक 44 लाख 1942 लोगों का इलाज मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सा दल द्वारा स्लम बस्तियों में लोगों के घरों के पास ही पहुंचकर किया गया है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब पूरे राज्य के नगरीय क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस 120 मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस योजना के माध्यम से अब तक 10 लाख 57 हजार 451 मरीजों की पैथालॉजी टेस्ट किया जा चुका है। साथ ही 37 लाख 41 हजार 312 से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी दी गई हैं। लाभान्वित मरीजों में 2 लाख 76 हजार 663 से ज्यादा मेहनत-मजदूरी करने वाले लोगों ने भी निःशुल्क ईलाज जांच सुविधा का फायदा उठाया हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक राज्य के 169 नगरीय निकायों की स्लम बस्तियों में 58 हजार 168 कैम्प लगाकर लोगों की निःशुल्क जांच व उपचार कर दवाईयां दी गई हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नगरीय क्षेत्रों की तंग बस्तियों के एवं अन्य जरूरत मंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवायें उपलब्ध कराया जाए। गौरतलब है कि राज्य के 14 नगर निगम क्षेत्रों की स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के प्रथम चरण की शुरूआत 01 नवम्बर 2020 को हुई थी। इसके तहत 60 मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्लम बस्तियों में जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार एवं दवा वितरण की शुरूआत की गई थी। 31 मार्च 2022 को इसका विस्तार पूरे राज्य के नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया गया तथा 60 और नई मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू की गई।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**रायपुर।** अग्रसेन चौक और रामसागरपारा के बीच गुरुदेव सेल्स कॉर्पोरेशन में आधी रात करीब 12.30 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग ड्रायफ्रूट्स, नमकीन, मिठाई एवं कंफेक्शनरी की थोक की दुकान में लगी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक दुकान के मालिक गौतम चंद जैन जो डी.डी.नगर में रहते है उनको रवि सिंघानिया एवं दुकान के आसपास के लोगों ने करीब एक बजे रात को फोन कर बताया कि उनकी दुकान में आग लग गयी है।




## बाघ के हमले से एक की मौत दो घायल

**पुलिस विभाग, वन विभाग और राजस्व के मैदानी अमले को सुरक्षा के दिशा निर्देश दिए**

पायनियर संवाददाता ∢ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड ओड़गी के ग्राम कालामंजन में बाघ ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया था। घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी से जिला चिकित्सालय सूरजपुर रिफर कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में एक व्यक्ति समय लाल की मृत्यु हो गई। दो घायलों को जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है घायल मरीजों को देखने के लिए कलेक्टर इफ्फत आरा जिला अस्पताल पहुंची और घायलों को बेहतर स्वास्थ सुविधा देने हेतु स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कैलाश पिता बालसाय स्थिति सामान्य नहीं होने की स्थिति को देखते हुए उसे अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर करने के निर्देश दिए। जहां उनकी भी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह, सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर आरके त्रिपाठी को घायलों का बेहतर चिकित्सा सुविधा देने हेतु निर्देशित किया। ओड़गी वन परिक्षेत्र कालामंजन जंगल में बाघ ने तीन ग्रामीणों पर जानलेवा हमला कर दिया, जहा एक ग्रामीण की अस्पताल में मौके पर मौत हो गई। वही दो घायलों का जिला अस्पताल में ईलाज जारी है। तीनो ग्रामीण जंगल में जलावन लकड़ी लेने गए हुए थे। गौरतलब है की ओड़गी ब्लॉक के प्राचीन कुदरगढ़ देवी धाम में कुदरगढ़ महोत्सव और मेले का अयोजन किया गया है। कलेक्टर इफ्फत आरा ने घायलो से मुलाकात कर डॉक्टरों से चर्चा किए। उन्होंने पुलिस विभाग, वन विभाग और राजस्व के मैदानी अमलो को लोगों के सुरक्षा के मद्देनजर विशेष दिशा निर्देश दिए है।

## सांसद गोमती साय मिली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई रायगढ़ सहित छत्तीसगढ़ के विकास पर चर्चा

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र सांसद गोमती साय ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मोदी ने सांसद से रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के विकास पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य की वर्तमान परिस्थितियों एवं विकास के मुद्दों पर भी चर्चा की। साय ने रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीनों जिले रायगढ़, जशपुर एवं नवीन जिला सारंगढ़ के भौगोलिक, राजनैतिक परिस्थितियों के साथ क्षेत्र के विकास आवश्यकता की जानकारी दी। सांसद साय ने प्रधानमंत्री को अपनी क्षेत्र भ्रमण, सांस्कृतिक, राजनैतिक, धार्मिक कार्यक्रमों, जनसंपर्क दौरो एवं जनता से मुलाकात की सचित्र जानकारी पुस्तक के रूप में प्रदान करते हुए क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत कराया।

## सवा करोड़ हनुमान चालीसा महापाठ के लिए बनी कई समितियां, आज भव्य शोभायात्रा

**पं. विजय शंकर मेहता के परिवार पर केंद्रित व्याख्यान**

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



रामनवमीं पर 30 मार्च को रायपुर समेत देश भर में अनेक शहरों, नगरों, कस्बों और गावों के धार्मिक स्थलों, सामाजिक और सांस्कृतिक भवनों, सार्वजनिक स्थानों पर एक ही दिन और एक ही समय में करोड़ों लोग हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इस भव्य आयोजन का मुख्य केंद्रीय आयोजन रायपुर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बूढ़ापारा में होगा। शाम छह बजे से सुमधुर भजनों की प्रस्तुति होगी। ठीक सात बजे से एक साथ देश भर में हनुमान चालीसा का सामूहिक महापाठ होगा। पश्चात् इस महापाठ के प्रणेता और प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजय शंकर मेहता का सफलता की दौड़ परिवार मत तोड़ पर व्याख्यान होगा। कार्यक्रम में कोई भी श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। श्री हनुमान महापाठ समिति की इस संबध में आयोजित बैठक में विभिन्न व्यवस्था जैसे मंच सजावट, संचालन, अतिथि स्वागत, बैठक, द्वार पर चालीसा वितरण व तिलक लगाने, साफ सफाई, प्रचार प्रसार हेतु समितियां भी बनाई गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों हनुमान प्रसाद अग्रवाल, शिवनारायण मूंधड़ा, विजय अग्रवाल, मोहन पवार, योगी अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर महापाठ को भव्य बनाने की अपील की। बैठक का संचालन मुकेश शाह व आभार प्रदर्शन योगी अग्रवाल ने किया। महापाठ के प्रचार प्रसार हेतु मंगलवार 28 मार्च को श्री हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा बूढ़ेश्वर मंदिर चौक से दोपहर तीन बजे निकाली जाएगी जो कंकालीपारा, तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागरपारा होते हुए राठौर चौक स्थित हनुमान मंदिर में आरती और प्रसाद वितरण के साथ समाप्त होगी।







सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403